पोस्ट रजि. नम्बर: जोधपुर/507/2024-26

RNI REG. NO. : RAJHIN/2022/86076

दैनिक हमेशा सच के साथ...

# सच मीडिया

वर्ष 03 › अंक 122 दैनिक हिन्दी प्रात: कालीन | जोधपुर , बुधवार 23 अप्रैल 2025 | EMail: sachmedia0001@gmail.com | मूल्य: 2 रूपये › पृष्ठ : 08

आवश्यकता

समाचार, लेख, सूचना, आलेख, कविता, विज्ञापन व जिलेवार एजेंसी के लिये सम्पर्क करें-
सुमेर सिंह चुण्डावत
संपादक
मो. 7737275324

### जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला

# दुनियाभर के नेताओं ने की एक स्वर में आतंकी हमले की निंदा कई देश बोले- हम आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा दुनिया भर के नेताओं ने की है। इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, इजराइलके विदेश मंत्री गिदोन सा'आर समेत कई ने शोक जताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार की तरफ से जानकारी दी गई है और जैसे-जैसे और तथ्य सामने आ रहे हैं, उन्हें जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप जल्द से जल्द पीएम मोदी से बात करेंगे। हमारे देश का समर्थन हमारे मित्र भारत के साथ है। आतंकवादियों की तरफ से की जाने वाली इस तरह की भयावह घटनाओं के कारण ही हममें से जो लोग दुनिया में शांति और स्थिरता के लिए काम करते हैं, वे अपना मिशन जारी रखते हैं'।

### भारत के लोगों के साथ हमारी सहानुभूति: ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा कि कश्मीर से बहुत परेशान करने वाली खबर आई है।



आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ अमेरिका मजबूती से खड़ा है। हम मारे गए लोगों की आत्मा की शांति और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। पीएम मोदी और भारत के अविश्वसनीय लोगों को हमारा पूरा समर्थन और गहरी सहानुभूति है। हमारी संवेदनाएं आप सभी के साथ हैं!

### पीड़ितों के प्रति हमारी संवेदनाएं: वेंस

वहीं भारत के दौरे पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने इस पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा कि उषा और मैं भारत के पहलगाम में



हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में, हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हैं। इस भयावह हमले पर शोक जताते हुए हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं।

### इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहीं: पुतिन



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हमले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और पीएम नरेंद्र मोदी को अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। रूस दूतावास ने राष्ट्रपति पुतिन के हवाले से लिखा कि कृपया पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के दुखद परिणामों पर अपनी संवेदनाएं स्वीकार करें, जिसके शिकार नागरिक थे - कई देशों के नागरिक। इस क्रूर अपराध का कोई औचित्य नहीं है। हम उम्मीद करते हैं कि इसके जिम्मेदारों और अपराधियों को उचित सजा मिलेगी। मैं आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों से लड़ने में भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना चाहूंगा।

### आतंकवादी हमले से बहुत दुखी: मेलोनी



इटली के पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने ट्वीट किया कि भारत में हुए आतंकवादी हमले से बहुत दुःख हुआ, जिसमें अनेक लोग हताहत हुए। इटली प्रभावित परिवारों, घायलों, सरकार और सभी भारतीय लोगों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता है।

**अर्जेंटीना भारत के साथ खड़ा: काउसिनो**

भारत में अर्जेंटीना के राजदूत मारियानो काउसिनो ने ट्वीट कर लिखा कि हम इस घृणित आतंकवादी कृत्य के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। अर्जेंटीना सभी प्रकार के आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता को खारिज करने में भारत के साथ खड़ा है। हमेशा जीवन के साथ और आतंक के खिलाफ।

### आतंकवाद के सभी रूप अस्वीकार: यूएई

*संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि वह अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से हिंसा और आतंकवाद के सभी रूपों को स्थायी रूप से अस्वीकार करता है। यूएई ने भारत सरकार और लोगों तथा इस जघन्य हमले के पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की, साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।*

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम भारत के साथ: इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्री गिद्योन सा'र ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए जघन्य आतंकी हमले से बहुत दुख हुआ है। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इजराइल आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ एकजुट है।

## हरी घास पर पड़े थे खून से सने शव, चहुंओर आंसू-चीत्कार... आंखें हो जाएंगी नम

**जम्मू।** दक्षिण कश्मीर के प्रमुख पर्यटक स्थल पहलगाम में मंगलवार को आतंकवादियों ने कायराना हरकत की है। पहलगाम से 10 किलोमीटर दूर बायसरन घाटी में दोपहर को दहशत फैल गई। हरे-भरे घास के मैदान गोलियों की तड़तड़ाहट से गूज उठे। घास के मैदानों की साइट पर बनी चाय की दुकानों के पीछे से अचानक आए आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इससे अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल के कुछ वीडियो सामने आए हैं।

**जख्म दिल पर भी**



हमले में घायल हुई एक महिला के पैर में चोट आई।

**अब रह गए सिर्फ दर्द के निशां**



हमले से सदमें में आई महिला को पानी पिलाते स्थानीय लोग।

**परिवार को बिलखता छोड़ गए पिता**



अपने दो बच्चों के साथ पीड़ित महिला के साथ सुरक्षाकर्मी।

**थम नहीं रहे आंसू**



अपने परिवारजन को खोने का दर्द से बिलखती महिला।

### पीड़ित महिला बोली- खुले स्थान पर छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी

वीडियों में चार लोग जमीन पर पड़े दिखाई दे रहे हैं, जिनमें एक बच्चा भी है, जबकि कुर्सी पर बैठा एक व्यक्ति खून से लथपथ है। वीडियो में दो महिलाएं मदद की गुहार लगाती नजर आ रही हैं। एक स्थानीय उन्हें दिलासा दे रहा है। एक अन्य महिला पर्यटक ने बताया कि जैसे ही गोलियां चलीं, वहां अफरातफरी मच गई और पर्यटक छिपने के लिए भागने लगे, लेकिन खुले स्थान पर छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी। एक महिला ने बताया कि आतंकवादियों ने गोली मारने से पहले पीड़ितों का नाम पूछा। बैसरन में आए पर्यटक कई राज्यों से थे। मृतकों में कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के पर्यटक शामिल थे।

# लोगों ने पूरे कश्मीर में कैंडल मार्च निकाला

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकवादी हमले के खिलाफ कश्मीर में कई स्थानों पर कैंडल मार्च निकाले गए। इस हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें अधिकांश पर्यटक थे। अधिकारियों ने बताया कि हमले के विरोध में पहलगाम, श्रीनगर, सोपोर, गांदरबल, हंदवाड़ा, कुपवाड़ा, बारामूला और बांदीपोरा में कैंडल मार्च निकाला गया। हमले के विरोध में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और इसकी निंदा की। इसमें शामिल लोगों ने कहा कि हमले के पीड़ितों के साथ एकजुटता व्यक्त करने और एकता का संदेश देने के लिए मार्च निकाला गया। इस बीच, सेना की चिनार कोर ने एक बयान में कहा कि कश्मीर के लोगों ने हिंसा के जवाब में कैंडल मार्च निकाला। बयान में कहा गया है कि हिंसा के एक कायरतापूर्ण और दिल दहला देने वाले कृत्य में आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों और स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की। इसके तुरंत बाद, संयुक्त बल स्थिति की देखरेख कर रहे हैं।

### घास के मैदान तक पहुंचने के सीमित माध्यम

बता दें कि, इस मैदान तक पहुंचने के लिए कोई भी सीधी सड़क नहीं है। इस प्रसिद्ध घास के मैदानों तक केवल पैदल या टट्टुओं की मदद से ही पहुंचा जा सकता है। वहीं इस वारदात के बाद सेना ने घायलों को वहां से निकालने के लिए हेलीकॉप्टर बुलाए है। हालांकि, हेलीकॉप्टर के घटनास्थल पर पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने अपने टट्टुओं पर कुछ घायलों को नीचे उतार लिया था। सामने आए वीडियो में स्थानीय पर्यटक गाइड और टट्टूवालों ने जिंदा बचे लोगों की मदद की। उन्होंने घायल पर्यटकों को अपने कंधों पर पास के मोटरेबल प्वाइंट तक पहुंचाया।

### पहलगाम हमला: जयराम ने की सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम (जम्मू-कश्मीर) में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक जैराम रमेश ने केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर तत्काल एक सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की। इस हमले में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की गई, जिसमें 1-2 लोगों की मौत और 12-20 लोगों के घायल होने की खबर है, हालांकि कुछ स्रोतों ने 20 से अधिक मौतों का दावा किया। आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी टीआरएफ ने हमले की जिम्मेदारी ली।

जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी मांग रखी और केंद्र सरकार की आलोचना की। उन्होंने इस हमले को सुरक्षा में गंभीर चूक करार देते हुए कहा कि यह घटना जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था की विफलता को दर्शाती है। रमेश ने कहा कि इतने बड़े आतंकी हमले के बाद सभी राजनीतिक दलों को एक मंच पर लाकर स्थिति पर चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि वह तुरंत एक ऑल-पार्टी बैठक बुलाए, जिसमें जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा स्थिति, हमले के कारणों, और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के उपायों पर विचार-विमर्श हो। रमेश ने केंद्र सरकार और गृह मंत्रालय पर निशाना साधते हुए पूछा कि पहलगाम जैसे पर्यटक स्थल पर इतना बड़ा हमला कैसे हो गया। उन्होंने इसे "खुफिया तंत्र की विफलता" और "सुरक्षा व्यवस्था में कमी" का परिणाम बताया।

## तो पहलगाम आतंकी हमले के पीछे नापाक पाकिस्तान की साजिश

▶▶ नई दिल्ली

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीछे कहीं पाकिस्तान का नापाक हाथ तो नहीं है? कहीं यह हमला भारत के निकट पड़ोसी दुश्मन देश के पाले हुए आतंकियों का कारनामा तो नहीं है? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं जो पहलगाम आतंकी हमले के साथ ही देश के सैन्य-सामरिक गलियारों में तेजी से घूमने लगे हैं। ऐसा इसलिए भी क्योंकि हाल ही में पाकिस्तान के सेनाप्रमुख जनरल असीम मुनीर का एक बेहद विवादित बयान सामने आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि 'कश्मीर' पाकिस्तान के गले की नस है। पाकिस्तान दो राष्ट्र के सिद्धांत का समर्थन करता है और मुसलमान, हिन्दुओं से हर तरह से अलग हैं।' इसके तुरंत बाद पहलगाम में आतंकी हमला हो गया। रक्षा सूत्रों का कहना है कि इस हमले से जुड़ी टाइमिंग इस बात की ओर साफ इशारा कर रही है कि हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। क्योंकि बीते वक्त में पाक सेनाप्रमुख के बयान के साथ ही केंद्रशासित प्रदेश में स्थित भारत-पाक नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्षविराम समझौते के लागू होने के बाद भी पाक की तरफ से आतंकी घुसपैठ और भारतीय सेना की चौकियों पर गोलीबारी की जा रही है। हाल में इसे लेकर हुई एक फ्लैग मीटिंग में भारत ने मामले पर पाकिस्तान के समक्ष कड़ी नाराजगी जताते हुए उसे समझौते की अनुपालना को लेकर चेताया भी था।

### सैन्य अभियान में जुटी सेना

मौजूदा हमले के बाद आतंकियों के समूल नाश के लिए सेना भी बाकी सुरक्षा बलों के साथ संयुक्त अभियान में जुटी हुई है। बल का कहना है कि अगर आवश्यकता पड़ी तो वह अतिरिक्त दक्ष सैन्य बलों की भी अभियान में तैनाती करने के लिए तैयार है।

### पहले भी अमेरिकी राष्ट्रध्यक्षों की यात्रा के दौरान हुआ हमला

सेना के पूर्व वरिष्ठ अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी (सेवानिवृत) ने कहा कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। इसमें कोई शक नहीं है। क्योंकि इसके जरिए वह अमेरिका के साथ ही बाकी दुनिया को यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि भारत का वो दावा खोखला है, जिसमें वो कहता है कि कश्मीर में शांति है और उसके प्रयासों से पर्यटन बढ़ रहा है, लोग बढ़ चढ़कर चुनावों के दौरान मतदान कर रहे हैं और सूबे में शांति और सौहार्द का वातावरण कायम है। उन्होंने कहा कि इतिहास में देखें तो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के वक्त पर भी पाकिस्तान ने भारत पर आतंकी हमला किया था। वर्तमान में अमेरिका के उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भारत यात्रा पर हैं और पहलगाम में आतंकी हमला हो गया।

### खबर संक्षेप

### क्रैश के बाद विमान में ब्लास्ट, पायलट की मौत



**अमरेली।** गुजरात के अमरेली के शास्त्री नगर स्थित रिहायशी इलाके में एक निजी कंपनी के प्रशिक्षण केंद्र का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे विमान के पायलट की मौत हो गई। बताया जाता है कि विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद विस्फोट हुआ था। जिससे आग लग गई थी। सूचना लगते ही अग्निशमन विभाग की टीम और पुलिस कर्मियों सहित एक काफिला तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, जहां उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। विमान में फंसे पायलट को बाहर निकला।

### डेल्टा विमान में लगी आग बाल-बाल बचे 282 यात्री



**फ्लोरिडा।** अमेरिका के ऑरलैंडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से अटलांटा जा रहे डेल्टा एयरलाइंस के एक विमान में रनवे पर आग लग गई। आग की घटना टर्मिनल में मौजूद एक यात्री के मोबाइल में कैद हो गई, जिसके चलते एयरलाइन के कर्मचारी तुरंत हरकत में आ गए। विमान में सवार 282 यात्रियों को आपातकालीन स्लाइड्स के जरिये बाहर निकाला गया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एफएए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। एयरलाइन ने विमान में आग की घटना के लिए खेद व्यक्त किया है।

### चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के बदले नाम

## सीएम पेमा खांडू बोले- ये उनका पुराना हथकंडा, हम इसकी कड़ी निंदा करते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चीन ने अरुणाचल प्रदेश में 22 जगहों के नाम बदले हैं। इस पर सीएम पेमा खांडू ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि ये चीन का पुराना हथकंडा है। उन्होंने कहा कि चीन के अरुणाचल प्रदेश के कई जगहों के नाम बदलने की बात नई नहीं है, ये तीसरी या चौथी बार किया है। चीन की इस कार्रवाई का हम अरुणाचल की ओर से इसकी आलोचना करते हैं। पेमा खांडू ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम का असर दिख रहा है। चीन सीमा के विकास का काम काफी



पहले से कर रहा है। हमने दो साल पहले इसको शुरू किया है। सीमा इलाके में सड़क बनाने का काम शुरू किया है, लोगों के जीवन स्तर को सुधारने को लेकर हम लोग तमाम काम कर रहे हैं। सीएम ने कहा किफ्रांटियर हाईवे बनने का काम शुरू किया है। ये 2500 किमी का हाईवे बनेगा।

### नाम बदलना पॉलिटिकल स्टंट

वहीं अरुणाचल प्रदेश के पर्यटन मंत्री पीडी सोना ने कहा कि हमारे प्रदेश के कई इलाकों का नाम बदलना, चीन का महज पॉलिटिकल स्टंट है। हम इसकी परवाह नहीं करते हैं। उन्होंने कहा कि चीन हमेशा अरुणाचल प्रदेश को अपने देश का हिस्सा क्लेम करता रहा है, लेकिन यहां का कल्चर भारतीय सरकार के प्रति यहां के लोगों का समर्पण दिखाता है। चीन के बोलने से कुछ नहीं होता अरुणाचल प्रदेश के लोगों को भारतीय होने पर गर्व है। हालांकि, सरहद के उस पार यानी चीन अपने क्षेत्र में बहुत कुछ कर रहा है।

### राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित बिजनेस समिट में जेडी वेंस बोले

## पीएम मोदी कठिन वार्ताकार, हम चाहते हैं कि भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण दें

एजेंसी ▶▶ जयपुर

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपने परिवार संग चार दिवसीय जयपुर दौरे पर हैं। राजधानी जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में बिजनेस समिट में जेडी वेंस ने कहा कि यूएस दुनिया में सबसे जुड़ा सैन्य अभ्यास करता है। भारत रक्षा में अमेरिका का सबसे नजदीक और भरोसेमंद पार्टनर है।

अमेरिका भारत को विश्वस्तरीय रक्षा उपकरण देना चाहता है। उन्होंने कहा कि हम भारत को पांचवीं पीढ़ी के एफ-35 लड़ाकू युद्धक विमान देना चाहते हैं। मोदी के कठिन वार्ताकार स्वभाव पर वेंस ने कहा कि पीएम मोदी बहुत सख्त नेगोशिएटर हैं। वे



भारतीय उद्योगों के हितों के लिए दृढ़ता से लड़ते हैं। मैंने स्वयं देखा कि वे अपने देश के व्यापारिक हितों की कितनी मजबूती से रक्षा करते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी मुझसे कह चुके हैं कि पीएम नरेंद्र मोदी हार्ड नेगोशिएटर (कठिन वार्ताकार) हैं।

### ट्रंप ने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया

वेनिस ने कहा कि आलोचक राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ पालिसी की आलोचना कर रहे हैं, कह रहे हैं कि ट्रंप ने ट्रेड वार शुरू कर दिया है। यह सही नहीं है, जबकि उन्होंने बराबरी के ट्रेड का माहौल बनाया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका प्रशासन ट्रेड पार्टनरशिप करना चाहता है, जो संतुलित हो। वेंस ने बताया कि फरवरी में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप की मुलाकात में द्विपक्षीय सहयोग और समझौतों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमारी सरकारें ट्रेड एग्रीमेंट पर बातचीत कर रही हैं और जल्द ही नतीजों तक पहुंचेंगी।

### भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी

*वेंस ने कहा कि यह मेरी पहली भारत यात्रा है, जहां मेरी पत्नी के माता-पिता का जन्म हुआ। भारत में मेरी पत्नी मेरे से बड़ी सेलिब्रिटी है। भारत की प्राचीन वास्तुकला, समृद्ध इतिहास और परंपराओं ने मुझे बहुत प्रभावित किया। भारत का भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण भी प्रेरणादायक है। परंपरा और भविष्य के प्रति यह संतुलन भारत को अद्वितीय ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि मेरे बेटे वेवन की पीएम हाउस में खाना इतना पसंद आया कि उसने मुझसे कहा, डैड हमें इंडिया में ही रहना चाहिए। लेकिन आज जयपुर की गर्मी देख कर उसने कहा कि हमें इंग्लैंड चलना चाहिए।*

### कर्नाटक के सीएम ने पुलिस को दिए जांच के निर्देश

## अपने अधिकारी से जुड़े रोडरेज के मामले में जांच में सहयोग कर रही वायुसेना

▶▶ नई दिल्ली

कर्नाटक के बेंगलुरु में भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर शिलादित्य बोस और एक कॉल सेंटर के कर्मचार विकास कुमार के बीच रोडरेज की घटना पर एक ओर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के निर्देश पर स्थानीय पुलिस ने वायुसेना के अधिकारी के खिलाफ 'हत्या के प्रयास' का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरी ओर वायुसेना ने मंगलवार को एक बयान जारी राज्य प्रशासन को मामले में सहयोग देने की बात कही है।

वायुसेना के मुताबिक, बेंगलुरु में बीते सोमवार को वायुसेना के एक अधिकारी से जुड़ा हुआ दुर्भाग्यपूर्ण मामला सामने आया है। जिसमें कानून के तहत उचित समाधान के लिए वायुसेना स्थानीय प्राधिकारियों को जांच में सहयोग कर रही है। पुलिस की जांच खत्म होने के बाद वायुसेना, विंग कमांडर शिलादित्य बोस के संबंध में आंतरिक जांच यानी कोर्ट ऑफ इंक्वायरी (सीओआई) करेगी।

**वायुसेना बोस के संबंध में सीओआई करेगी**



### लोगों संग सम्मान से पेश आते कर्नाटकवासी

सिद्धारमैया ने कहा, कर्नाटक में देशभर के लोगों को गले लगाने, उनके साथ सम्मान से पेश आने और उन्हें अपने लोगों की तरह स्वीकार करने की लंबी और गौरवशाली परंपरा है। इस भूमि की समावेशी भावना इतिहास में अच्छी तरह से प्रलेखित है। मुख्यमंत्री ने कुछ मीडिया आउटलेट्स की कार्यशैली के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जिम्मेदारी और पेशेवर नैतिकता की अनदेखी करते हुए एक व्यक्ति द्वारा लगाए गए निराधार आरोप को बढ़ा चढ़ाकर पेश किया है, जिससे पूरे प्रदेश की गरिमा पर आंच आई और उससे हर कन्नड़ व्यक्ति को दुख और पीड़ा हुई है।

### संकीर्ण, असहिष्णु नहीं हैं कन्नड़जन

मामले को लेकर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने एक्स पोस्ट में स्पष्ट शब्दों में कहा कि उन्होंने पुलिस आयुक्त को मामले में शामिल व्यक्तियों के पद या रैंक की परवाह किए बगैर उनके खिलाफ कानून के मुताबिक उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार मामले को गंभीरता से ले रही है और पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अपनी पोस्ट में वायुसेना अधिकारी द्वारा घटना के बाद सोशल मीडिया में कर्नाटक और कन्नड़ लोगों के बारे में की गई टिप्पणियों को भड़काऊ और अपमानजनक बताते हुए कहा कि कन्नड़ लोगों को अपनी मातृभाषा पर गर्व है।

### शनिवार को होगा पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार

## वेटिकन ने शुरू की तैयारी, आज सुबह से होंगे सार्वजनिक दर्शन

एजेंसी ▶▶ रोम

पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह होगा। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी है। ताबूत में लेटे पोप फ्रांसिस की पहली तस्वीर सामने आई है। तस्वीर में पोप फ्रांसिस के पास वेटिकन राज्य सचिव प्रार्थना करते नजर आ रहे हैं। वेटिकन के मुताबिक पोप फ्रांसिस का अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे किया जाएगा। यह प्रक्रिया कार्डिनल्स कॉलेज के डीन कराएंगे।



### नौ दिन बाद होगा नए पोप का चुनाव

पोप फ्रांसिस के निधन के बाद नौ दिन का शोक मनाया जाएगा। इस अवधि को नोवेन्डिएल कहा जाता है। नए पोप को चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी। कुछ दिनों में दुनियाभर के कार्डिनल पापल कॉन्क्लेव के लिए रोम पहुंच जाएंगे।

# लघु उद्योग भारती के 31 वाँ स्थापना दिवस पर महिला इकाई जोधपुर महानगर द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 31 महिलाओं का किया सम्मान

सच मीडिया



**जोधपुर ब्यूरो/महेन्द्रसिंह।** लघु उद्योग भारती के 31 वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्महिला इकाई जोधपुर महानगर द्वारा विभिन्न क्षेत्रो मे उल्लेखनीय कार्य करने वाली 31 महिलाओं का सम्मान किया गया।

महिला इकाई अध्यक्ष श्रीमती मोना हरवानी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि इकाई द्वारा तीन दिवस मे अधिकतम सदस्य वृद्धि दिवस, सम्मान समारोह और सेवा कार्यों का आयोजन कर स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जायेगा।

अखिल भारतीय अध्यक्ष श्री घनश्याम जी ओझा ने कहा कि लघु उद्योग भारती संगठन की छाया मे हम सब उद्यमी राष्ट्र-हित उद्योग-हित को ध्यान मे रखते हुए कार्य करते हुए आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिये प्रत्यनशील है।

जोधपुर प्रान्त अध्यक्ष श्री महावीर चौपड़ा ने कहा कि लघु उद्योग भारती के स्थापना से लेकर अब तक की यात्रा का वर्णन किया। उन्होने देशभर मे लघु उद्योग भारती द्वारा महिला उद्यमिता एवं उनको आर्थिक रूप सशक्त बनाने के क्षेत्र के किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

चौपडा ने कौशल विकास की गतिविधियों के बारे मे बताते हुए महिला किस प्रकार स्वरोजगार व स्वावलम्बन मे अपनी भूमिका निभा सकती है इस पर विस्तृत जानकारी दी। एसीपी रविन्द्र बोथरा ने महिला इकाई द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र मे इकाई का योगदान प्रशंसनीय है।

इस अवसर पर लघु उद्योग भारती महिला इकाई ने विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ का स्मृति चिन्ह व दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया जिसमें डॉ सीमा शर्मा, पूजा सुराणा, प्रीति गुर्जर, निधिसिह, रूचिका लीला, चारवी अग्रवाल, उषा गर्ग, पूजा सुराना, बिन्दू टाक, शारदा पूनिया, शिल्पा नेगी, निरूपा पटवा, सुमित्रा लीला, सिद्धि जौहरी, नीतू विधानी, दिव्या डंडवानी, भगवती भाटी, स्नेहा भण्डारी, कविता श्रीवास्तव, ज्योति प्रजापत, योगिनी इन्दु, प्रीति गोयल, भावना जोशी, रश्मि चौहान, तेजकंवर सांखला, अंजली चेनानी, रेनु भधरार, मुक्ता माथुर, पूनम पोहानी ऋचा अग्रवाल हर्षिता सोनी को किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मां भारती व भगवान विश्वकर्मा के समक्ष दीप-प्रज्वलित कर किया गया। सदस्यो ने एक दूसरे को शुभकामनाऐं दी। इस अवसर पर महिला इकाई मे नये बने सदस्यों निधि अग्रवाल, सोनल माथुर, सीमा नेपालिया, चन्द्रा मित्तल, ज्योति प्रजापति, स्वाति जागिड एवं महक करनानी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। मंच संचालन व धन्यवाद सहसचिव श्रीमती नलिनी बंसल ने दिया। इस कार्यक्रम मे कोषाध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सहसचिव श्रीमती इन्दु चौपडा, कार्यकारिणी सदस्य निधिसिह, श्रीमती भावना मोटवानी, ममता मनानी, मीनाक्षी हर्ष, सदस्य अरूणा राठी श्रीमती प्रेमलता, स्वाति माथुर इत्यादि उपस्थित रहे।

# जोधपुर के रामभरोस सारण ने रचा इतिहास, PSC में हासिल की 276वीं रैंक

सच मीडिया



**जोधपुर।** जोधपुर जिले के भोपालगढ़ तहसील के कुड़ी गांव के रहने वाले रामभरोस सारण ने संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) परीक्षा 2024 में 276वीं रैंक हासिल कर जिले और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वर्तमान में वे सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में जिला परिवीक्षा एवं सामाजिक कल्याण अधिकारी (DPSWO) के पद पर कार्यरत हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में स्नातक करने के बाद रामभरोस ने 5 वर्षों तक निजी क्षेत्र में कार्य किया। उसके बाद सिविल सेवा में आने का निर्णय लिया। उनके इस संघर्ष और सफलता की कहानी न केवल युवाओं के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के लिए एक उम्मीद की किरण भी है।

# आफरी में पृथ्वी दिवस कार्यक्रम का आयोजन




सच मीडिया

**जोधपुर।** भावाअशिप-शुष्क वन अनुसन्धान संस्थान, जोधपुर में पृथ्वी दिवस-2025 कार्यक्रम का आयोजन आफरी निदेशक डॉ. तरुण कान्त की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्य्रकम के आरम्भ में निदेशक द्वारा आफरी परिसर में पौधारोपण किया गया। पृथ्वी दिवस 2025 की थीम 'अवर पॉवर अवर प्लेनेट' विषय पर डॉ. कान्त द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने व्याख्यान में पृथ्वी दिवस मनाने का इतिहास बताया एवं गैर परम्परागत अक्षय उर्जा क्षेत्र में भारत के बढ़ते योगदान को विस्तृत रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने व्यक्तिगत स्तर पर कार्बन फुटप्रिंट में कमी लाने के लिए सरकारी नीतियों, कॉर्पोरेट की जिम्मेदारी, सामूहिक सहभागिता एवं अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने देश के वृहत सोलर प्लांट पर एक लघु फिल्म को भी प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम में डॉ. संगीता सिंह, समुह समन्व्यक शोध, रमेश बिश्नोई, प्रभागाध्यक्ष, विस्तार प्रभाग, अन्य प्रभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक एवं तकनीकी अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अनिल सिंह चौहान ने किया।

# फिट मारवाड़ के संदेश के साथ मैराथन दौड़ होगी

## प्रथम रहने वाले को मिलेगी स्पोर्ट्स साइकिल, 20वें स्थान तक रहने वालों को भी मिलेंगे आकर्षक उपहार



सच मीडिया

**जोधपुर/कैलाश चौहान।** मारवाड़ वासियों को फिट रहने के संदेश के साथ रन फॉर मारवाड़ मैराथन दौड़ का आयोजन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तत्वावधान में 4 मई को होगा। विद्यार्थी परिषद के जोधपुर महानगर मंत्री विशाल गौड़ ने बताया कि जोधपुर महानगर में 04 मई को सुबह 6 बजे एमबीएम विश्वविद्यालय से शुरू होगी, मैराथन दौड़ में मारवाड़ वासी निशुल्क रूप से शामिल हो सकेंगे। दौड़ में शामिल होने वालों को निशुल्क टी शर्ट दी जाएगी।प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को स्पोर्ट्स साइकिल, द्वितीय स्थान वाले को 11000 रुपए मूल्य का स्पोर्ट्स वाउचर , तृतीय स्थान वाले को 5100 रुपए का स्पोर्ट्स वाउचर दिया जाएगा। चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले को एक-एक ट्रैक सूट और 11 से 20 वे स्थान वाले प्रत्येक सहभागी को स्पोर्ट्स शूज उपहार स्वरूप दिए जाएंगे। आयोजन की तैयारी के तहत गोशाला मैदान में पोस्टर विमोचन किया गया जिसमें अभाविप जोधपुर प्रांत मंत्री पूनम भाटी, संयुक्त निर्देशक शिक्षा विभाग जोधपुर श्रीमती सीमा शर्मा, जिला अधिकारी प्राथमिक शिक्षा माध्यमिक शिक्षा , सुनील प्रसाद उपजिला शिक्षा अधिकारी कमलेश त्रिपाठी, गोशाला मैदान शालाकीड़ा संगम सुमित्रा पंवार, उपजिला शिक्षा अधिकारी, प्रांत कोषाध्यक्ष प्रमोद मेहरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे का स्वच्छता पखवाड़ा प्रारंभ, यात्रियों को किया जागरूक

# डीआरएम ने रेलयात्रियों से की स्वच्छ रेल-स्वच्छ स्टेशन की अपील

सच मीडिया




**जोधपुर/कैलाश चौहान।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर स्टेशनों व ट्रेनों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वच्छता पखवाड़ा मंगलवार से प्रारंभ हुआ।

डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने जोधपुर रेलवे स्टेशन पर स्काउट एंड गाइड द्वारा निकाली गई स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर स्वच्छता पखवाड़े का उद्घाटन किया।

इस दौरान स्काउट्स कैडेट्स और रेलकर्मचारियों ने ट्रेनों व प्लेटफॉर्म पर यात्रियों को विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर डीआरएम ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि रेल परिसर और ट्रेन में स्वच्छता के लिए सामूहिक प्रयासों की जरूरत है जिसमें स्वच्छता कार्य मे तैनात रेलकर्मचारियों के साथ-साथ यात्रियों और फूड स्टॉल संचालकों का भी दायित्व बनता है कि वह इसके लिए हर संभव सहयोग करें। उन्होंने रेलवे प्लेटफॉर्म के साथ-साथ स्टेशन के बाहर सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित दुकानदारों को भी स्वच्छता के प्रति ग्राहकों को जागरूक बनाने को कहा।

त्रिपाठी ने स्काउट-गाइड के बच्चों की सराहना करते हुए उन्हें स्वच्छता का सच्चा योद्धा बताया। स्वच्छता रैली के दौरान डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के साथ वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी, कल्याण निरीक्षक, वाणिज्य निरीक्षक, स्टेशन मास्टर, स्काउट गाइड कैडेट्स सहित रेलकर्मी व रेलयात्री उपस्थित थे।

### इनका कहना है

रेलवे केवल परिवहन का एक साधन ही नही है बल्कि स्वच्छ और स्वस्थ भविष्य के लिए देश की आकांक्षाओं का एक प्रतिबिंब भी है इसके लिए यात्रियों को भी रेलवे के स्वच्छता अभियान से पूर्ण मनोयोग से जुड़कर सहयोग करना होगा।

# सजगतापूर्वक ड्यूटी करने पर रेलवे तकनीशियन को डीआरएम अवार्ड



सच मीडिया

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पर कार्यरत तकनीशियन सुरेशचंद्र मीणा को उनकी उल्लेखनीय रेल सेवाओं के लिए डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने मंगलवार को संरक्षा प्रमाण-पत्र से सम्मानित किया। कैरेज एंड वैगन विभाग के तकनीशियन सुरेशचंद्र मीणा ने 4 अप्रेल को ड्यूटी पर रहते हुए राईका बाग साइड में ट्रेन 22978,जोधपुर-जयपुर इंटरसिटी सुपरफास्ट के परीक्षण के दौरान इंजन की स्प्रिंग का टूटा होना पाया जिसकी सूचना उन्होंने तुरंत ट्रेन को लोको पायलट व संबंधित स्टाफ को दी जिस पर ट्रेन के इंजन को बदल कर उसे जयपुर के लिए सुरक्षित रवाना किया गया। मीणा के सजगतापूर्वक ड्यूटी निर्वहन से संभावित रेल दुर्घटना को टाला गया, इस पर डीआरएम अनुराग त्रिपाठी ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए उन्हें संरक्षा प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया।

# पौधारोपण कर समाज सेवक को दी श्रद्धांजलि, सैन जयंती समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित



सच मीडिया

**जोधपुर/कैलाश चौहान।** महान संत पूज्य सैन जी महाराज की 725 वीं जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में पौधारोपण और वृद्धजनों की सेवा के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस बारे में जानकारी देते हुए महोत्सव समिति के अध्यक्ष विक्रम परिहार ने बताया कि मारू नाई विकास समिति गुलाब सागर जोधपुर और श्री मारु सैन विकास समिति मदेरणा कॉलोनी के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गीय राजेंद्र इनाणिया की स्मृति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आनासागर स्वर्गाश्रम मे किया गया।

इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता लूणाराम सैन ने बताया कि आज लगाए गए पौधे संपूर्ण समाज के लोगों को राजेंद्र इनाणिया की समाज के प्रति सेवा , एकता और पर्यावरण चेतना की स्थायी याद दिलाएंगे। जैसे-जैसे ये पेड़ बड़े होंगे, वे न केवल परिसर की सुंदरता बढ़ाएंगे बल्कि राजेंद्र इनाणिया के आदर्शों के लिए एक जीवंत श्रद्धांजलि के रूप में भी खड़े होंगे। समारोह में उपस्थित सैन बंधुओं ने स्वर्गीय राजेंद्र इनाणिया को एक मिनिट्स का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

इसी प्रकार सैन जयंती समारोह 2025 के उपलक्ष्य में समारोह समिति द्वारा आस्था वृद्धाश्रम में निराश्रित बुजुर्गों को फलाहार ,बिस्किट ,आम, अंगूर ,तरबूज , खरबूजा आदि भेट किया गया इस अवसर पर जयंती महोत्सव समिति गुलाब सागर जोधपुर अध्यक्ष विक्रम परिहार,मारु श्री मारु सैन विकास समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र भाटी, सुभाष जी, जसराज जी खीचन, नंदकिशोर जी, बालाजी उपासक महाराज , कैलाश बणभेरू, सुशीला मकवाना, किशनाराम फुलडालिया, रामरतन जी गहलोत फौजी, विष्णु गहलोत, पार्षद मुकेश दाधीच, सत्यनारायण सांखला, मारु सैन विकास समिति गुलाब सागर जोधपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष बालकिशन चौहान, किशन कपूरिया आदि गणमान्य सैन नागरिक उपस्थित हुवे। धीरज चौहान ने समारोह का संयोजन किया ।सैन जयंती महोत्सव समिति गुलाब सागर जोधपुर के महासचिव सुरेन्द्र सैन ने सभी को धन्यवाद दिया।

# कुलगुरू खेतेश्वर महाराज के जन्मोत्सव पर रैली आयोजित

सच मीडिया



**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** श्री खेतेश्वर जन्म कल्याण महोत्सव समिति फलोदी के तत्वावधान में मंगलवार को कुलगुरू खेतेश्वर महाराज की जयंती पर वाहन रैली का आयोजन संत प्रयागानंद सरस्वती महाराज जोगानंद महाराज का मठ सोढो की ढाणी के सांनिध्य में किया गया। राजपुरोहित समाज के आराध्य देव एवं कुलगुरू खेतेश्वर भगवान के जन्मोत्सव पर आयोजित रैली में रामनवमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष मेघराज कल्ला ने राजपुरोहित समाज फलोदी के महामंत्री दिलीपसिंह राजपुरोहित खीचन का साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर अमृतवाणी सत्संग मंडल फलोदी के पदाधिकारियों, पूर्व सभापति पन्नालाल व्यास, पीसीसी सचिव महेश व्यास, अशोक पालीवाल एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव पंचारिया ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। रैली में शामिल नागरिकों के लिये जयनारायण व्यास सर्किल, मोती महल के आगे एवं मोहन छंगाणी नगर में भामाशाहों द्वारा आइसक्रीम एवं पेय पदार्थ का वितरण किया गया। इससे पूर्व प्रात: 9 बजे आदर्श नगर स्थित हेडगेवार भवन के पास खेल मैदान से रैली शुरू हुई जो नागौर रोड़, नगर परिषद चौराहा, रेलवे स्टेशन, राईकाबाग, त्रिपोलिया बाजार, लाल निवास, फोर्ट व्यू होटल, लटियालपुरा स्कूल, लटियाल मंदिर, लटियाल रोड़, भैया नदी, जवाहर प्याऊ, जयनारायण व्यास सर्किल, नई सड़क, पुलिस थाना, अम्बेडकर सर्कल से मॉडल स्कूल होते हुए राजपुरोहित समाज छात्रावास में पहुंचकर सम्पन्न हुई। इस अवसर पर प्रेमसिंह राजपुरोहित, भैरूसिंह राजपुरोहित, संदीपसिंह, गुमानसिंह, खुशालसिंह, मांगूसिंह, शिवसिंह, रावलसिंह राजपुरोहित, जसवंतसिंह एवं करणसिंह राजपुरोहित आदि ने सहयोग किया। इस अवसर पर छात्रावास परिसर में भामाशाहों सम्मान किया गया, अंत में समाज के अध्यक्ष उम्मेदसिंह बावड़ी ने आभार व्यक्त किया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर मातृ शक्ति ने पीले चावल देकर शोभा यात्रा में पधारने का दिया निमंत्रण



सच मीडिया

**जोधपुर।** राजस्थान ब्राह्मण महासभा जोधपुर महानगर के तत्वाधान में 29 अप्रैल 2025 को होने वाली शोभायात्रा के उपलक्ष में महासभा की मातृशक्ति द्वारा आज समाज के विभिन्न क्षेत्रों में पीले चावल बांटकर शोभायात्रा में सहपरिवार पधारने का निमंत्रण दिया। परशुराम जन्मोत्सव के लिए समाज के हर वर्ग में उत्साह दिख रहा है, निमंत्रण में महासभा महिला अध्यक्ष प्रेरणा त्रिवेदी, पूनम पारीक, प्रियंका त्यागी, तारामणि रांकावत, सगुण व्यास, मीणा व्यास, नीतू पुरोहित, रेणु व्यास, हेमा पुरोहित किरण जी, ऊषा जी के साथ अन्य मातृशक्ति की उपस्थिति रही।

राजस्थान ब्राह्मण महासभा जोधपुर महानगर ने 1008 संत शिरोमणि खेतेश्वर महाराज के जन्मोत्सव पर आज शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की। महासभा अध्यक्ष जगदीश गौड़ प्रदेश उपाध्यक्ष कमल जोशी युवाध्यक्ष जितेन्द्र गौड़, नारायण किशन मुथा, विशाल शर्मा, अजय त्रिवेदी, महेंद्र उपाध्याय, श्रीकांत पारीक, मुकेश शर्मा, अंकित पुरोहित, गणपत गौड़, देवेंद्र पुरोहित ने खेतेश्वर जयंती पर पधारे संत प्रमुख एवं शोभा यात्रा आयोजन समिति को 29 अप्रैल 2025 को परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा पर पधारने एवं शोभायात्रा को सफल बनाने का निमंत्रण दिया।

# आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग

सच मीडिया



**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** फलोदी जिले के सीमावर्ती गांव सेवड़ा के निवासी देवाराम पुत्र जेसाराम मेघवाल सेवड़ा तहसील बज्जू जिला बीकानेर ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक फलोदी श्रीमती पूजा अवाना को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर नंबर 104 पुलिस थाना फलोदी में निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में देवाराम मेघवाल ने बताया गया है कि 25 मार्च को मेरे पुत्र तारूराम को उसके ससुर प्रभुराम पुत्र नत्थूराम निवासी सगरा, मामा ससुर दुर्गाराम देचू एवं तारूराम की पत्नी ममता पुत्री प्रभुराम मेघवाल ने मिलकर फलोदी में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित भादू भाई होटल के पास में जबरदस्ती जहर पिला दिया, इसके बाद तारूराम को इलाज के लिये फलोदी जिला अस्पताल लाया गया, जहां तारूराम ने फलोदी पुलिस को बयान दिया।

इसके एक दिन बाद में 26 मार्च को तारूराम की इलाज के दौरान बीकानेर अस्पताल में मौत हो गई। घटना को एक माह बीत जाने के बाद भी सकारात्मक कार्रवाई नही हुई है। मामलें की जांच थानाधिकारी फलोदी रमेश दत्त शर्मा कर रहे है। शर्मा ने बताया कि इस मामलें में विसरा जांच के लिये लेब में भेजा हुआ है, उसकी रिपोर्ट आते ही विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे।

# कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई एवं पंचायतों के पुनर्गठन में भेदभाव के खिलाफ प्रदर्शन किया

**सच मीडिया**

**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी जयपुर एवं जिला कांग्रेस कमेटी जोधपुर देहात के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी फलोदी, बाप एवं नगर कांग्रेस कमेटी फलोदी के संयुक्त तत्वावधान में फलोदी जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट के आगे धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रकाश छंगाणी एवं उम्मेदसिंह तंवर ने कहा कि केंद्र की भाजपा के इशारे पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्रीमती सोनिया गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने प्रतिशोध की भावना से प्रेरित होकर चार्जशीट दाखिल की है। केंद्र सरकार मंहगाई एवं बेरोजगारी जैसे वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिये जांच एजेंसियों का सहारा ले रही है।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए प्रभारी रूपचंद सोनी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कुंभसिंह पातावत ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार पंचायतीराज संस्थाओं के पुनर्सीमांकन, पुनर्गठन, नवसृजन एवं नवीन राजस्व गांव बनाने में मनमर्जी कर जनता को परेशान कर रही है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता सलीम नागौरी, किरण मेघवाल, अशोक कुमार मेघवाल, केसुराम जयपाल, गोरधन जयपाल, अशोक व्यास, सिकंदर खान, अध्यक्ष इलमदीन मेहर आदि ने भी विचार व्यक्त करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों पर प्रहार किया। धरने के बाद कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर राज्यपाल के नाम का ज्ञापन जिला कलक्टर फलोदी हरजीलाल अटल को सौंपा गया। ज्ञापन में पंचायतों के पुनर्गठन एवं नवसृजन में जनहित को ध्यान में रखते हुए आपत्तियों पर जनहित में निर्णय लेने की मांग की गई है। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ललित चांडा, नटवरलाल पंवार, मोहम्मद अली मेहर, अर्जुन विश्नोई, मोहम्मद सदीक कोयरी, संतोष कुमार लखन, हाजी नैने खान, प्रकाश सेन, हमीद खिलजी, निरमा मेघवाल, भैराराम, नीरू इणखिया, सूर्यप्रकाश थानवी, पप्पूराम नगारची, हरखाराम परिहार, रावल माली, खुदाबक्श, भंवरलाल मेघवाल, जाकिर खिलजी, भूराराम परिहार, गोविंदराम परिहार, सदीक तेली, डॉ. फारूक खान, मुकेश माली, भंवरलाल सांसी, नटवरलाल शर्मा, सलीम खान, मुफ्ती अब्दुल वहाब कासमी, अब्दुल मजीद मेहर, जगदीश चौहान, अरुण कुमार, आबिद खिलजी, रमण गोपाणी, हबीब मेहर, इलियास खान, कैलाश खीचड़, जगदीश पालीवाल, नंदकिशोर तंवर, अलादीन खोखर एवं मनोज पुरोहित सहित सैकड़ों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अशोक कुमार मेघवाल ने किया, अंत में अध्यक्ष इलमदीन मेहर ने आभार व्यक्त किया गया।



# बेजुबान पशु पक्षियों की सेवा ही सर्वोपरि सेवा-दिलीप सिंह थिरोदा

## पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर नियमित पानी डालने का लिया संकल्प।



**सच मीडिया**

**बोरुन्दा / रामराज दाधीच।** कस्बे के निकटवर्ती पेमाराम पदमाराम पटेल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पटेल नगर में पक्षियों के लिए विद्यालय में परिंडे लगाए गए। प्रधानाचार्य दिलीपसिंह थिरोदा ने बताया कि बेजुबान मुखबधीर पशु पक्षियों की सेवा का कार्य ही सबसे उत्तम कार्य है क्योंकि इंसान इंसान की तो सेवा कर सकता है लेकिन बेजुबान जानवरों एवं पक्षियों की सेवा करना ही इंसान का ही धर्म है।

**पक्षियों के परिंडे लगाने में यह रहे मौजूद:** पेमाराम पदमाराम पटेल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पटेल नगर के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह थिरोदा, व्याख्याता पूसाराम, वरिष्ठ अध्यापक केवल राम, उगमाराम, घनश्याम शर्मा, कालूराम, हरनारायण खोजा, नेमीचंद सरगरा, शारीरिक शिक्षक गिरधारी सिंह राठौड़, जयनारायण वैष्णव सहित अध्यापक एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में परिंडे लगाकर प्रत्येक दिन पानी डालने का संकल्प दोहराया गया।

# मॉडल स्कूल फलोदी में पृथ्वी पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

## पौधरोपण कर पक्षियों के लिये परिंडे लगाये गये



**सच मीडिया**

**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** जिला मुख्यालय फलोदी पर स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल फलोदी में मंगलवार को उप वन संरक्षक जोधपुर के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग, निबंध लेखन एवं भाषण प्रतियोगित का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल के 140 विद्यार्थियों ने भाग लिया, इस अवसर प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप वन संरक्षक फलोदी मोहित गुप्ता, विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट प्रोफेसर प्रमोद थानवी, पक्षी प्रेमी सेवाराम माली एवं प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार थानवी मंचासीन रहे। इस मौके पर स्काउट गाइड शिक्षक शैतानसिंह राजपुरोहित के सहयोग से विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पक्षियों के लिये परिंडे लगाये गये। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक केके व्यास ने विद्यार्थियों को वन संरक्षण एवं पर्यावरणीय संतुलन हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी बाप प्रेमाराम, क्षेत्रीय वन अधिकारी फलोदी मुरलीमनोहर छंगाणी, धनाराम वनपाल, कार्यक्रम समंवयक विशंभर थानवी, अवतारसिंह, आसुराम परिहार, कमलेश चौधरी, पेमाराम विश्नोई, वासुदेव गर्ग, पोलाराम लवां, नरेंद्र शर्मा, महावीर कुमावत, सुरेंद्रसिंह, फतेहराज पुरोहित, जेठाराम, अमीला चौधरी, गोपीलाल माली, महिपाल सिंह एवं सुखराम कुमावत आदि उपस्थित रहे।

# श्रीहरि आदर्श शिक्षण संस्थान में हुआ प्रश्नोत्तरी परीक्षा का आयोजन

## सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया बोरुन्दा शाखा के तत्वाधान में 400 विद्यार्थियों ने लिया परीक्षा में भाग

**सच मीडिया**

**बोरुन्दा / रामराज दाधीच।** श्रीहरि आदर्श शिक्षण संस्थान में सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया के द्वारा आयोजित सामान्य ज्ञान प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में बैंक एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों के प्रश्न पूछे गए तथा शाखा प्रबंधक सुमित सोनी के नेतृत्व में इस परीक्षा एवं बैंक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिससे विद्यार्थियों को बैंक की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से बताया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक अशोक कुमार गहलोत ने बच्चों में बचत प्रवृत्ति को बढ़ावा देने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि पीपाड़ पंचायत समिति उप प्रधान प्रेमा गहलोत ने विद्यार्थियों को जीवन में बजट की प्रवृत्ति को बढ़ाने का आहान किया। संस्था प्रधान रामस्वरूप जांगिड़ ने युवा वर्ग में बढ़ रहे फिजूल खर्ची को कम करने पर जोर दिया। प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों एवं प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया।



### सेंट्रल बैंक प्रश्नोत्तरी परीक्षा के दौरान यह रहे मौजूद

सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया बोरुन्दा शाखा प्रबंधक सुमित सोनी, पीपाड़ पंचायत समिति उप प्रधान प्रेमा गहलोत, हरी आदर्श शिक्षण संस्थान संस्था प्रधान रामस्वरूप जांगिड़, निदेशक अशोक कुमार गहलोत, राजभाषा अधिकारी मेनका यादव, विपणन अधिकारी युगी आगीर, ग्राहक सेवा अधिकारी मुकेश गहलोत, प्रधान खजांची उम्मेदराम गहलोत, सुगन लाल प्रजापत, मनोहर लाल प्रजापत एवं शिक्षण संस्थान स्टाफ बक्सा राम, ओमाराम, राकेश गिरी, ओमप्रकाश खींची, हरिप्रसाद, रामेश्वर लाल, रामदेव, सुरेंद्र देथा, विक्रम जैन, वीरेंद्र ग्वाला, नारायण राम, रविंद्र शर्मा, किरण वैष्णव, तेजपाल सिंह, रविंद्र रामावत, दिनेश पटेल, नरपत सिंह, सुखदेव भाटी, कांता टाँक, सविता चौधरी, हेमलता जैन, मोहित टाँक, ताज मोहम्मद, बाबुलाल, पहलाद राम, सविता शर्मा, दीपिका, संतोष, दीपाली, महेंद्र कुमार, अभिलाषा, दिलीप सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# युवाओ के बिना समाज और देश का विकास की कल्पना करना व्यर्थ

## युवाओं व प्रतिभावानों का सम्मान समारोह होगा शीघ्र





**सच मीडिया**

**बोरुन्दा / रामराज दाधीच।** हमारे समाज में युवा सामाजिक सुधार ला सकते हैं, हम देश के युवाओं के बिना काम नहीं चला सकते महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान के कार्यालय मंत्री बजरंग लाल काकड़ा ने समाज के युवाओं को यह शब्द कहे। काकड़ा ने कहा कि इसके अलावा, राष्ट्र को लक्ष्यों को प्राप्त करने और देश को प्रगति की ओर ले जाने में उनकी भागीदारी की आवश्यकता है। इसी तरह, हम देखते हैं कि किसी भी देश के विकास के लिए, युवाओं की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता होती है। प्रदेश मिडिया प्रमुख गौरीशंकर दाधीच ने बताया कि इस अवसर पर प्रदेश युवा अध्यक्ष विजेश दाधीच ने कहा कि युवा शक्ति जब एक माला के रूप में जुड़ जाते हैं तब समाज में अच्छे से रहने के लिए ईमानदारी, सहानुभूति, और सम्मान जैसे नैतिक मूल्यों का पालन करना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, ज्ञान और कौशल का विकास, सामाजिक सेवा में सहभागिता, और दूसरों के साथ अच्छे से व्यवहार करना भी जरूरी है।

### महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान का युवा सम्मान समारोह जल्द होगा आयोजित

युवा प्रकोष्ठ प्रभारी पं विष्णु टोरडी ने बताया कि महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान, दाधीच समाज की विभिन्न प्रतिभाओं का सम्मान जल्द ही करने जा रहा है। महर्षि दधीचि जनकल्याण संस्थान के इस युवा सम्मान समारोह में समाज के वो प्रतिभाए जिन्होंने 01 जनवरी 2024 के बाद राजकीय सेवा में नियुक्ति हासिल की है अथवा जिन विद्यार्थियों ने शिक्षा सत्र 2024 - 2025 में विश्वविद्यालय या महा विद्यालय स्तर पर खेल, कला, विज्ञान या संगीत के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है,उनका सम्मान किया जाएगा। इसके लिये संस्थान के युवा प्रकोष्ठ को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं । सम्मान समारोह के लिए प्रतिभाओं को अपना विवरण, संस्थान द्वारा दिए गये विवरण - पत्र में भरकर 30 मई तक संस्थान के युवा प्रकोष्ठ को प्रेषित करना होगा। प्रतिभाओं से विवरण - पत्र प्राप्त करने के बाद संस्थान जल्दी ही सम्मान समारोह की तारीख की घोषणा करेगा।

# सरकारी विद्यालयों में मिल्क पाउडर का स्टॉक समाप्त, सरकार से स्थिति स्पष्ट करने की मांग

**सच मीडिया**

**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** राज्य सरकार द्वारा कुछ समय पूर्व सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय पोषाहार कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को दिये जा रहे दूध पाउडर को बंद कर मिलेट्स देने का बयान दिया गया था। अब सरकारी स्कूलों में दूध पाउडर का पुराना स्टॉक खत्म होने के कंगार पर है, नये दूध पाउडर की सप्लाई सरकार द्वारा नही की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार के समय में स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू की गई पन्नाधाय बाल गोपाल योजना अब अघोषित रूप से बंद हो गई है। इसका सीधा असर नामांकन पर पड़ा है, इस सत्र में करीब 20 प्रतिशत नामांकन प्रभावित हुआ है। सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में पन्नाधाय बाल गोपाल योजना भी शामिल है, इसके तहत स्कूलों में रोजाना कक्षा 1 से 8 वीं तक के स्टूडेंट्स को मिल्क पाउडर को गर्म कर दूध दिया जाता है। स्कूलों में कुछ माह पहले मिल्क पाउडर दिया गया था, इसमें से अधिकतर स्कूलों में दूध पाउडर का स्टॉक लगभग खत्म हो गया है।

### आयु सीमा एवं मिल्क पाउडर ने घटाया नामांकन

पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ फलोदी के अध्यक्ष मोहम्मद हैदर एवं वरिष्ठ शिक्षक नेता रेवतलाल मेघवाल ने बताया कि इस बार पहली क्लास में आयु सीमा 6 से 7 साल के बीच करने एवं मिल्क पाउडर की नियमित आपूर्ति नहीं होने से स्कूलों में पहली क्लास में ही नामांकन पर फर्क पड़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार करीब 20 प्रतिशत नामांकन कम हुआ है। शिक्षक नेताओं ने सरकार से इस संबंध में स्थिति स्पष्ट करने की मांग करते हुए मिल्क पाउडर दूध की सप्लाई करने का आग्रह किया है।

# हरियाढणा ग्राम वासियों पीएचसी में स्थाई चिकित्सक लगाने एवं दधिमती माता मंदिर तक डामर सड़क बनवाने का सौंपा ज्ञापन

## बिलाड़ा विधायक गर्ग के गांव खारिया मीठापुर जाकर सौंपा

**सच मीडिया**

**बोरुन्दा / रामराज दाधीच।** हरियाढणा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को क्षेत्रीय विधायक के गांव खारिया मीठापुर जाकर मिला और उनको अपनी समस्याओं के निवारण के लिए ज्ञापन सौंपा। कस्बे के निकटवर्ती गांव हरियाढणा में पिछले 2 वर्षों पूर्व पिछली सरकार के द्वारा राजकीय उप स्वास्थ्य केंद्र से राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नत होने पर अभी तक स्थाई रूप सेचिकित्सक के पद पर कार्यरत नहीं होने पर ग्रामीणों को समय पर उचित समय में दवाई व चिकित्सकीय परामर्श नहीं होने से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधा से वंचित रहना पड़ रहा है। चिकित्सक का पद रिक्त होने से लैब टेक्नीशियन एवं नर्सिंग ऑफिसर एनएनम सहित पदों पर कार्यरत होने के बावजूद भी बीमार को बिमारी अनुसार दवाई नहीं मिलने व समय पर टेस्टिंग नहीं होने से ग्रामीणों को अनियंत्रित जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। विधायक को ज्ञापन देने गए प्रतिनिधि मंडल ने दाधीच ब्राह्मण समाज के द्वारा रणसी गांव मेगा हाईवे से दधिमती मातेश्वरी व चामुंडामाता मंदिर तक डामरीकरण सड़क निर्माण के लिए दिए गए पूर्व में ज्ञापन को भी ध्यान रखने के लिए अवगत कराया जाने पर क्षेत्रीय विधायक अर्जुन लाल गर्ग ने 2 किलोमीटर डामर सड़क बनाने का आश्वासन दिया। इसी दौरान पूर्व सरपंच रणवीर सिंह ने पटेल नगर रोड से 1 किलोमीटर तक डामरीकरण सड़क के लिए विज्ञापन सौंपा।



### क्षेत्र विधायक को ज्ञापन सौंपने खारिया मीठापुर पहुंचा यह प्रतिनिधि मंडल

सरपंच हंसराज भाटी पूर्व सरपंच रणवीर सिंह चंपावत, वार्ड पंच नटवर सिंह, उद्योगपति कमल किशोर दाधीच, पंचायती राज पुनर्गठन संयोजक प्रवीण सोनी, जीएसएस अध्यक्ष पोकर राम बेड़ा, पूर्व मंडल सदस्य गंगाराम मेघवाल, चेनाराम मुंडेल, राम प्रसाद मुंडेल सहित ग्रामीणों ने विधायक कार्यालय पहुंचकर स्थानीय विधायक अर्जुन लाल गर्ग को राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरियाढाणा में स्थाई रूप से डॉक्टर लगाने के लिए ज्ञापन दिया गया।

# श्रद्धापूर्वक मनाया श्री खेतेश्वर भगवान का जन्मोत्सव




**सच मीडिया**

**देणोक ब्यूरो।** राजपुरोहित समाज के आराध्य ब्रह्मलीन संत श्री खेतेश्वर महाराज का 113 वां जन्मोत्सव कस्बे सहित समूचे ग्रामीण अंचल में श्रद्धापूर्वक मनाया। इस दौरान कस्बे मुख्य बस स्टेशन पर श्री खेतेश्वर महाराज की तस्वीर के आगे पुष्प अर्पित करके उनको नमन किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक जसवन्त सिंह राजपुरोहित नें समाज बन्धुओं व श्रद्धालुओ को सम्बोधित करते हुए कहा की श्री खेतेश्वर महाराज नें बताया कि जीवन में नशा ना करें और जीवन में कुछ हासिल करना है,और मानव जीवन को सफल बनाना है तो गुरू खेतेश्वर महाराज के बताये हुए रास्ते पर चलने का आह्वान किया। इस मौके पर रमेश कुमार, श्याम लाल,महेंद्र सिंह सहित श्रद्धालु उपस्थित रहे! इस दौरान मोरिया में भी श्री खेतेश्वर जयन्ती मनाई इस दौरान कार्यक्रम का आयोजन अशोक सिंह राजपुरोहित के नेतृत्व में कार्यक्रम रखा गया।

# राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर उप शाखा पीपाड़ के चुनाव में सत्यनारायण सोनेल निर्विरोध अध्यक्ष बने

**सच मीडिया**

**पीपाड़ शहर/महावीर राव।** पीपाड़ शहर राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर उप शाखा पीपाड़ शहर के वार्षिक चुनाव पी. एम. श्री सेठ भीकमचंद मुथा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपाड़ शहर में चुनाव अधिकारी बोहराराम सहायक चुनाव अधिकारी अशोक कटारिया पर्यवेक्षक कानाराम कांवरिया और ओमप्रकाश वर्मा के निर्देशन में चुनाव संपन्न हुए।

### कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित

सत्र 2025- 26 की कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद के लिए सत्यनारायण सोनेल, सभाध्यक्ष जगदेश पंवार, सचिव सुनील पंवार, कोषाध्यक्ष गजेंद्र गहलोत,वरिष्ठ उपाध्यक्ष बाबूलाल सोलंकी, उपाध्यक्ष जयप्रकाश कुलदीप, प्रेमाराम सिमार, संयुक्त मंत्री विजय तंवर, संगठन मंत्री रामनिवास सांखला, महिला मंत्री ललिता चौहान, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि खेमचंद कुलदीप, प्राध्यापक प्रतिनिधि मोफ्तलाल सोनेल, प्रारंभिक शिक्षक प्रतिनिधि नवल किशोर वर्मा, प्रबोधक प्रतिनिधि भेराराम परिहार, मंत्रालयिक प्रतिनिधि अविनाश सोनेल, सुरेश कुमार नवल, शारीरिक शिक्षक प्रतिनिधि जगदीश सोलंकी, पुस्तकालय कर्मचारी प्रतिनिधि आईदानराम लीलड़ निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिला प्रतिनिधि उपशाखा पीपाड़ सिटी से जिला प्रतिनिधि के लिए नरसिंह काला,भवानी सिंह चौहान,जितेश सिसोदिया,चेतनराम बिन्ट,नेतराम मलार,सम्पत कड़ेला,अन्नाराम रॉयल,रमेश चंद्र कड़ेला को मनोनीत किया गया।



### मुख्य सदस्य उपस्थित रहें

राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर उप शाखा पीपाड़ शहर के वार्षिक चुनाव चुनाव में प्रधानाचार्य मुकेश सिंगाड़िया,निवर्तमान अध्यक्ष जितेश सिसोदिया, नवल किशोर वर्मा, अरुण लीलड़, मोफ्तलाल सोनेल, मनोहर चंदेल, श्यामसुंदर चौहान, रामनिवास पंवार,हाथीराम लीलड़, अरविंद बागरा अन्य शिक्षक साथी उपस्थित रहें।

# शिवसागर को नारायणपुरा में ही यथावत रखने की मांग

**सच मीडिया**

**फलोदी ब्यूरो/अशोक कुमार मेघवाल।** फलोदी जिले के शिवसागर गांव के नागरिकों ने मंगलवार को जिला कलक्टर फलोदी को ज्ञापन सौंपकर नवसृजित ग्राम पंचायत पाबूपुरा की बजाय मूल ग्राम पंचायत नारायणपुरा में ही यथावत रखने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि शिवसागर गांव को मूल ग्राम पंचायत नारायणपुरा से अलग कर प्रस्तावित ग्राम पंचायत पाबूपुरा में शामिल किया गया है। राजस्व गांव शिवसागर ग्राम पंचायत नारायणपुरा से मात्र 1 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है एवं प्रस्तावित ग्राम पंचायत पाबूपुरा से शिवसागर 8-10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। प्रस्तावित ग्राम पंचायत पाबूपुरा के लिये आवागमन की सुविधा नही है एवं अधिक दूरी होने के चलते पर ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर खींवराज चौधरी, मेघाराम, पुखराज गोदारा, दीपाराम, खेमाराम, खींयाराम, अनोपाराम, बाबूराम, शिवलाल, आसुराम, डूंगरराम, रूगनाथराम, गोपाराम, ओमाराम, मुणाराम, मोटाराम, गोमदराम, मोहनराम, जवाहरलाल, तिलोकाराम, ईशाराम, हुकमाराम, केसाराम, उगराराम, गणपतराम, भागीरथराम, दमाराम, मगाराम एवं इमरताराम, आदि उपस्थित रहे।

## चिंतन

# कश्मीर में आतंकवाद की जड़ों को काटने का वक्त

आतंकवाद के खात्मे के लिए भारत को उसकी जड़ पर वार करना होगा। केवल ऑपरेशन क्लीन जैसे सफाई अभियान से बात नहीं बन रही है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के पीछे जो भी जड़ें काम कर रही हैं, उन जड़ों को काटना जरूरी है। आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निहत्थे पर्यटकों को निशाना बनाया है। आतंकियों ने नाम पूछ कर गैर मुस्लिमों को गोली मारी है। अमरनाथ यात्रा से पहले यह कायराना आतंकी हमला इस यात्रा में बाधा डालने की कोशिश है। पवित्र अमरनाथ यात्रा पर ज्यादातर हिंदू जाते हैं। इस बार यात्रा 3 जुलाई से शुरू है। सरकार बेशक जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ सख्ती से एक्शन ले रही है, सेना व अन्य सुरक्षा बल सम्मिलित रूप से ऑपरेशन क्लीन चला रही हैं, टेरर फंडिंग के स्त्रोतों पर वार किया गया है, अलगावादियों को कॉर्नर किया है, इसके बावजूद घाटी में आतंकी हमले बंद नहीं हो सके हैं। राज्यपाल शासन के बाद अब एक चुनी हुई सरकार है। जम्मू-कश्मीर को आतंकमुक्त करना जरूरी है, इसके लिए सदियों तक इंतजार नहीं किया जा सकता है। अस्सी के दशक से इस राज्य के बेकसूर आवाम आतंकी दहशत में जी रहे हैं, पर्यटक डरे रहते हैं। बेखौफ होकर न कृषि होती है और न ही उद्योग-व्यापार। कश्मीर में आतंकवाद के पीछे पाकिस्तान की फौज और खुफिया एजेंसी आईएसआई संलिप्त है, इन्हें दंतहीन-विषहीन बनाना जरूरी है। भारत को आतंक के मददगार और आतंकवाद में शामिल गुटों पर एक साथ वार करना होगा। भारत साढ़े चार दशक से आतंकवाद के खिलाफ लड़ रहा है, आगे कब तक लड़ना होगा, यह भी पता नहीं है, लेकिन एक मजबूत विकसित राष्ट्र के लिए जरूरी है कि देश अपने दुश्मनों को कड़ा सबक सिखाए। हाल के वर्षों में कश्मीर में आतंकवाद का एक पैटर्न देखने को मिला है, जिसमें गैर मुस्लिमों पर हमला किया गया है। वर्ष 2022 में भी शोपियां व कुलगाम में हुए आतंकी हमले में भी नाम पूछ कर गोली मारी गई थी। मुंबई 26/11 आतंकी हमले में भी ऐसा ही देखने को मिला था। यह सीरियाई आतंकी गुट इस्लामिक स्टेट का तरीका था, जिसे अब पाक के आतंकी गुट लश्कर व जैश ने भी अपना लिया है। पहलगाम में आतंकी हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकी गुट द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। लश्कर पाक स्थित आतंकी गुट हैं, इसलिए साफ है कि पहलगाम हमले में पाक के आतंकी गुट का हाथ है। कश्मीर में इतनी सुरक्षा व ऑपरेशन क्लीन के बावजूद टीआरएफ का वजूद चिंता पैदा करता है। पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। गृहमंत्री अमित शाह ने उच्च स्तरीय बैठक की है, सऊदी अरब की यात्रा पर गए पीएम नरेन्द्र मोदी ने अमित शाह से बात की है, जेएंडके के सीएम उमर अब्दुल्ला और उप राज्यपाल मनोज सिन्हा हमले के बाद की स्थिति पर चौकस हैं, लेकिन सवाल भी है कि पर्यटन के महीने में क्या सरकार के पास आतंकी हमले का खुफिया या सीआईडी इनपुट नहीं था? तमाम सुरक्षा के बीच मुट्ठी भर आतंकियों का गुट टीआरएफ इतने बड़े आतंकी हमले को अंजाम देने में कैसे सफल हो जाते हैं, उन तक फंड व असलाह कैसे पहुंच रहे हैं? प्रशिक्षण कैसे मिल रहा है और बाहर से आ रहे हैं तो घुसपैठ कैसे हो रही है? जबकि लेजर प्रोटेक्टेड बाड़ है। अगर टीआरएफ को स्थानीय मदद मिल रही है, तो भी इसका पर्दाफाश जरूरी है। अब आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस केवल नीति में नहीं बल्कि एक्शन में जरूरी है। सर्जिकल स्ट्राइक से आगे की रणनीति की आवश्यकता है।



नेशनल हेराल्ड

प्रमोद भार्गव

# अदालत का सम्मान करे कांग्रेस

ईडी ने नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी।

देश के प्रथम व प्रतिष्ठित राजनीतिक गांधी परिवार की पुत्रवधू सोनिया गांधी और उनके पुत्र राहुल गांधी समेत अन्य के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पहला आरोप पत्र अदालत में दाखिल कर दिया है। इस मामले में कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा और पत्रकार सुमन दुबे भी आरोपी हैं। दुबे राजीव गांधी फाउंडेशन के ट्रस्टी भी हैं। यह आरोप पत्र 9 अप्रैल 1925 को विशेष जज विशाल गोगने की अदालत में पेश किया गया। अब इस पर अगली सुनवाई 25 अप्रैल को होगी। इसी दिन अदालत में केस डायरी भी प्रस्तुत करनी होगी। ईडी ने इसी प्रकरण में नेशनल हेराल्ड और एसोसिएटेड जर्नल लिमिटेड (एजेएल) से संबंधित 661 करोड़ की अचल संपत्तियों पर कब्जे की कार्यवाही शुरू कर दी है। इस कार्यवाही के बाद देशभर में कांग्रेस ने सड़कों पर उतरकर राष्ट्रपति के नाम को केंद्र सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन भी दिए। कहा गया कि राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता की आड़ में लोकतंत्र को कुचला जा रहा है। याद रहे यह मामला 2012 का है, उस समय यूपीए गठबंधन की केंद्र में सरकार थी और मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे। इस मामले की जांच 2015 से चल रही है। मालूम हो कि जनहित याचिकाएं दायर करने के बुद्धि विशेषज्ञ डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने इस प्रकरण से जुड़ी याचिका 2013 में दाखिल की थी। इस समय भी केंद्र में यूपीए की सरकार थी। अतएव कांग्रेस को ईडी और अदालती कार्यवाही का सम्मान करने की जरूरत है। नेशनल हेराल्ड नाम के अंग्रेजी अखबार की स्थापना 1938 में पंडित नेहरू और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने की थी। इसका स्वामित्व एजेएल के पास था। इसी ने हिंदी में नवजीवन और उर्दू में कौमी आवाज अखबार निकाले थे।

दरअसल दो हजार करोड़ रुपये के नेशनल हेराल्ड से संबंधित स्वामित्व व परिसंपत्तियों के हस्तांतरण से जुड़ा एक मामला निजी इस्तगासे के तहत निचली अदालत में विचाराधीन है। याचिकाकर्ता सुब्रमण्यम स्वामी ने अदालत में दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करके यह दावा किया था कि अखबार का मालिकाना हक रखने वाली कंपनी 'द एसोसिएट्स जर्नल्स लिमिटेड' के स्वामित्व और परिसंपत्तियों के हस्तांतरण में धोखाधड़ी की गई है। इससे लाभान्वित होने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी हैं। न्यायालय ने पहली नजर में इस मामले को सुनने योग्य माना और प्रक्रिया आगे बढ़ा दी। तभी से कांग्रेस राजनीतिक प्रतिशोध के चलते इस मामले को झूठा ठहराने में लगी हुई है। साफ है, सोनिया, राहुल अपने को फंसता देख जानबूझकर मामले को सियासी साजिश करार देने में लगे हैं। यहां सोचने की जरूरत है कि वाकई न्यायपालिका राजनीति की कठपुतली है तो फिर 2013 में जब स्वामी ने अदालत में याचिका दाखिल की थी,तब अपनी राजनीतिक ताकत का इस्तेमाल इस याचिका को खारिज कराने में क्यों नहीं किया? याचिकाएं लगाने में सिद्धहस्त स्वामी ने कोई इकलौती यही याचिका दाखिल नहीं की, वे कई जनहित याचिकाएं लगाकर अपनी कानूनी लड़ाई को परिणाम तक पहुंचाने में सफल हुए हैं। यदि न्यायालय राजनेताओं के दिशा-निर्देशन के अनुसार चलती हैं तो सोनिया गांधी संप्रग सरकार की भद पिटवाने वाली इस कार्यवाही को क्यों



नहीं रोक पाईं ? गोया पूरा देश जानता है कि अदालतों का राजनीतिक हस्तक्षेप से कोई वास्ता नहीं है। न्यायालयीन प्रक्रिया स्वतंत्र रूप से कानूनी दायरे में गतिशील रहते हुए अंतिम परिणाम तक पहुंचती है।

इस लिहाज से कांग्रेस द्वारा केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को दोषी ठहराना उचित नहीं है। नेशनल हेराल्ड से जुड़ा मामला बेहद गंभीर है। प्रथम दृष्टया दस्तावेजी साक्ष्यों की पड़ताल करने से ही यह साफ हो जाता है कि दाल में कुछ काला है। दरअसल एजेएल नेशनल हेराल्ड अखबार की मालिकाना कंपनी है। कांग्रेस ने एजेएल को 90 करोड़ का कर्ज दिया। इसके बाद 5 लाख रुपये की अंश पूंजी से यंग इंडियन कंपनी बनाई गई, जिसमें सोनिया व राहुल की 38-38 फीसदी भागीदारी तय की गई। शेष बची 24 प्रतिशत की हिस्सेदारी कांग्रेस नेता और पार्टी के कोषाध्यक्ष मोतीलाल बोरा और ऑस्कर फर्नांडीज को दी गई। अब दोनों नेता दिवंगत हो चुके हैं। इसके बाद एजेएल के 10-10 रुपये के नौ करोड़ शेयर यंग इंडियन को दे दिए गए।

इसके बदले यंग इंडियन को कांग्रेस का कर्ज भी चुकाना था। 9 करोड़ शेयर के साथ यंग इंडियन का एजेएल की 99 फीसदी हिस्सेदारी मिल गईं। कांग्रेस ने 90 करोड़ जैसी बड़ी धनराशि का ऋण भी माफ कर दिया। मसलन कागजों में एक कंपनी का कृत्रिम वजूद खड़ा करके एजेएल का स्वामित्व बड़ी आसानी से हस्तांतरित कर दिया गया। स्वामी ने अदालत में अपनी दलील पेश करते हुए इस प्रकरण में हवाला करोबार को अंजाम देने का संदेह भी जताया था। जाहिर है, मामला बेहद गंभीर है। अब 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति यंग इंडियन को गलत तरीके से स्थानांतरित की गई थी, आरोप है कि संपत्तियों का उपयोग करके फर्जी लेन-देन के जरिए लाखों-करोड़ों की रकम जुटाई गई। फर्जीदान, फर्जी अग्रिम किराया और फर्जी विज्ञापन के रूप में अवैध आय अर्जित की गई। जांच में पाए गए ऐसे ही दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया है। ईडी 2021 से इस मामले की जांच कर रही है। ईडी ने जून 2022 में राहुल गांधी से पांच दिन में पचास घंटे और जुलाई 2022 में सोनिया गांधी से तीन दिन में करीब 12 घंटे पूछताछ की थी। इस मामले में मां-बेटे दिसंबर 2019 से जमानत पर हैं। वास्तव में अब जरूरत तो यह है कि एक जिम्मेदार और अनुभवी राजनीतिक दल होने के नाते सोनिया और राहुल समेत सभी आरोपियों को अपने निर्दोष होने के साक्ष्यों के साथ अदालत में अपना पक्ष रखना चाहिए। केंद्र सरकार को जिम्मेदार ठहराने और संसद से सड़क तक हंगामे की बजाय कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप व्यवहार जताने की आवश्यकता है। अदालती कार्यवाही पर भी उंगली उठाना,सर्वथा अनुचित आचरण का प्रतीक है। इस मामले में सोनिया गांधी को अपनी सास इंदिरा गांधी से भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने अदालत की कार्यवाही का सामना करने में कभी हिचक नहीं दिखाई। रायबरेली चुनाव में धांधली के आरोप की सुनवाई के दौरान श्रीमती गांधी 18 मार्च 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में हाजिर हुई थीं,वह भी प्रधानमंत्री रहते हुए। हालांकि मनमाफिक फैसला नहीं होने पर इंदिरा गांधी जून 1975 में आपातकाल घोषित करने से भी नहीं चूकी थीं। संभव है जिरह और न्यायिक प्रक्रिया की कसौटी पर स्वामी के दस्तावेजी साक्ष्य और ईडी के आरोप बेदम साबित हो जाएं और अदालत मामला ही खारिज कर दे ? यह एक उम्मीद है,लेकिन यदि स्वामी जैसी कि दलील दे रहे हैं कि प्रस्तुत साक्ष्य कूटरचित और कथित रूप से व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने वाले हैं और अदालत उन्हें सही पाती है तो कानून में ऐसे आरोप में जिस सजा का प्रावधान है,

## पर्यावरण

विकेश कुमार बडोला




# प्राकृतिक असंतुलन को लेकर गंभीर हो मनुष्य

जहां राजधानी और महानगरों वाला भारत न्यायालयों के जंजाल में फंसा हुआ है, वहीं प्राकृतिक असंतुलन समानांतर रूप में देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में विनाश-लीला रचने में लगा हुआ है। 20 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के रामबन जनपद में सूर्योदय से पहले हुई तीव्र वर्षा के कारण अनेक स्थानों पर बाढ़ आ गई। बाढ़ की घटनाओं में तीन लोगों की मृत्यु हो गई और बाढ़ में फंसे सौ से अधिक लोगों को किसी प्रकार सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित नाशरी और बनिहाल के बीच बारह से अधिक स्थानों पर भूस्खलन, मृदाधंसाव और भारी पत्थर गिरने-लुढ़कने की घटनाएं हुईं। ढाई सौ किलोमीटर लंबे राजमार्ग के बंद होने के कारण इस पर सैकड़ों यात्री और वाहन चालक फंसे हुए हैं। समीप ही स्थित ग्लेशियर सुरंग के अंदर-बाहर वाहनों की लंबी कतार लगी हुई है। सुरंग सहित लगभग तीन किलोमीटर राजमार्ग की पृष्ठभूमि में स्थित पूरा पर्वत भरभराकर धंस गया। इसके बाद राजमार्ग का दूसरा हिस्सा धंसाव के बाद बहे पर्वतों के मलबे के साथ सरपट खाई में बदल गया है। घटना के चलचित्र देखकर प्राकृतिक आपदा की गंभीरता भली-भांति समझी जा सकती है। जलवायु की निरंतर विकृत एवं विनाशक होती स्थितियों की भी हमारे द्वारा अनदेखी की जा रही है। दुर्घटना के बाद कुछ दिनों के लिए स्थितियां सामान्य होते ही हम पिछला सब कुछ भूल जाते हैं और फिर जलवायु असंतुलन के कारण एक नई दुर्घटना घट जाती है। विगत कई दशकों से हिमालयी पर्वत क्षेत्र में यही हो रहा है। विद्युत उत्पादन के लिए बांधों के निर्माण, पर्यटन में वृद्धि हेतु रहने-घूमने की संरचनाओं के निर्माण और इन निर्माण परियोजनाओं को पूरा करने व इनके भोगोपभोग के लिए इन तक जाने-पहुंचने हेतु मार्गों के निर्माण के कारण पर्वतों की प्राकृतिक शक्ति समाप्त हो चुकी है। पर्वतों पर विकास के परिणामस्वरूप बढ़े आवागमन, भारी मोटर वाहनों के चालन-परिचालन और तरह-तरह की संरचनाएं खड़ी करने के लिए विस्फोटकों की सहायता से तोड़े गए पर्वतीय पठार पारस्परिक नैसर्गिक पर्वत-बंधन से मुक्त हो चुके हैं। विभिन्न पर्वतीय भाग अब पारस्परिक अवलंबन की अवस्था से पृथक हो चुके हैं। इसीलिए उनमें अत्यधिक या तीव्र वर्षण का भार वहन करने का शक्तिगुण नहीं बचा। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तरखंड में माह डेढ़ माह के अंतराल में कोई न कोई प्राकृतिक विपदा घट ही रही है। यह घटनाक्रम तीन-चार दशकों से निरंतर चला आ रहा है और विगत दस-पंद्रह वर्षों में तो ऐसी घटनाएं भयंकर रूप में घटी हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर उत्तराखंड तक परिव्याप्त हिमालयी गिरिमाला पर आधुनिक विकास के कारण पड़ने वाले जो भी प्रतिकूल प्रभाव हैं, वे पर्वतों के सबसे ढलान वाले अंशों पर अधिक हैं। उत्तराखंड में सर्वाधिक पर्वत-विचलन हुआ है। इसके बाद उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के बीच स्थित हिमाचल प्रदेश में अधिक पर्वतीय अस्थिरताएं हो रही हैं। पर्वतों के सर्वाधिक निचले और मध्य भाग में दीर्घ समय तक होने वाले ऐसे विचलनों व अस्थिरताओं के कारण एक दुर्भाग्यशाली दिन वह भी आएगा जब जम्मू-कश्मीर में स्थित हिमालय का सर्वोच्च शिखर जलवायु असंतुलन का अकल्पनीय विनाश झेलेगा। क्या इससे सुरक्षित रहने के लिए भारत और हिमालय पट्टिका के दोनों ओर स्थित देशों की कोई तैयारी है? संभवतः कोई तैयारी नहीं है और ना ही हो सकती है। अर्थव्यवस्था बढ़ाने पर केंद्रित दुनिया हर संभव औद्योगिक व भौतिक अनुसंधान कर देना चाहती है। फिर चाहे इसके लिए समग्र पृथ्वी की पूरी प्रकृति ही ध्वस्त क्यों न हो जाय। कुछ देश तो इस संबंध में दिखावटी-बनावटी चिंता भी नहीं कर रहे। वे तो निर्मम आधुनिकता पर सवार होकर पृथ्वी से अंतरिक्ष तक विस्तारित क्षेत्र को वैज्ञानिक प्रयोगों से इस सीमा तक अप्राकृतिक कर चुके हैं कि संवेदनशील व्यक्ति को यदि आंख उठाकर आकाश की नीलिमा देखने की इच्छा होती है तो वायुमंडल में पसरी हुई मटमैली कुरूपित धुंध उसे दुखित आहें भरने को ही विवश करती है। अधिसंख्य मनुष्यों को असंतुलित जलवायु के कारण उत्पन्न ऐसे वातावरण के बारे में कोई स्वाभाविक समझ ही नहीं है। प्राकृतिक असंतुलन के कारण आए दिन वे किसी न किसी असाध्य रोग से ग्रस्त ही रहते हैं मनुष्य चाहे साधारण व्यक्ति, नागरिक, पारिवारिक सदस्य के रूप में हो अथवा विद्वान, पदाधिकारी या धन-संसाधन संपन्न विशिष्ट व्यक्ति के रूप में, उसे गंभीर होकर यह जान लेना होगा कि अंधाधुंध आधुनिक विकास आने वाले कुछ वर्षों में महाविनाश का ही पर्याय होगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## मर्यादा के दायरे में कर्तव्यों का पालन




संकलित

दर्शन

भगवान श्रीराम का जीवन मर्यादा के दायरे में रहकर कर्तव्यों का पालन करने की सीख देता है। उनके जीवन से हम कई चीजों की प्रेरणा ले सकते हैं, जो जीवन में हमें सही मार्ग प्रशस्त करते हैं। भगवान श्रीराम ने कठिन से कठिन हालातों में भी आत्मसंयम, धैर्य और साहस से अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया। उन्होंने कभी भी क्रोध में आकर कोई निर्णय नहीं लिया, बल्कि हर चुनौती का सामना शांति और विवेक के साथ किया। श्रीराम अपने वचनों के प्रति अत्यंत निष्ठावान थे। उन्होंने जीवन भर अपने वचनों और दायित्वों का पूरी निष्ठा से पालन किया। वनवास के दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता माता ने सिर्फ कंद-मूल और फल खाकर जीवन बिताया। उन्होंने कभी भी मांसाहार या तामसिक भोजन को नहीं अपनाया। शबरी के प्रेमपूर्वक दिए बेर भी उन्होंने आदरपूर्वक ग्रहण किए। राजसी वैभव छोड़कर वनवास के समय भगवान राम ने तपस्वियों का वेश धारण किया। उन्होंने सादगी से जीवन जिया जहां जो मिला उसी में संतुष्ट रहकर आगे बढ़ते गए। श्रीराम हर कार्य सोच-समझकर और पूर्व नियोजन के साथ करते थे। माता सीता को वापस लाने के लिए उन्होंने समुद्र पार करने हेतु रामसेतु का निर्माण कराया, जो उनके रणनीतिक कौशल को दर्शाता है। भगवान राम ने अपने वनवास काल में अनेक जनजातीय और वनवासी समुदायों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। शबरी, केवट और अहिल्या जैसे प्रसंग उनके करुणा और सेवा भाव को दर्शाते हैं।

## ऐसे लोगों से कभी न करें दुश्मनी



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य के अनुसार राजा और सत्ताधारी या शक्तिशाली व्यक्ति से शत्रुता नहीं करनी चाहिए। आधुनिक संदर्भ में देखा जाए तो बड़े राजनीतिक नेताओं या प्रशासन से जुड़े प्रभावशाली लोगों से अनबन करने से गंभीर नुकसान हो सकता है, क्योंकि जिनके पास अधिकार होते हैं, वे परिस्थितियों को अपने अनुरूप मोड़ सकते हैं। चाणक्य नीति के अनुसार धनवान व्यक्ति से शत्रुता करना भी अपने लिए नुकसानदायक होता है। धन से व्यक्ति की शक्ति बढ़ती है और इससे वह दूसरों पर अधिक हावी होने की क्षमता रखता है। आचार्य चाणक्य कहते हैं कि शारीरिक या मानसिक रूप से बलवान व्यक्ति से टकराव मोल लेना हानिकारक हो सकता है। ऐसा व्यक्ति अपनी शक्ति का प्रदर्शन करने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। इसलिए ऐसे लोगों से हमेशा दूरी बनाए रखनी चाहिए। धन और बल में श्रेष्ठ व्यक्ति से शत्रुता करना अनावश्यक संकट को आमंत्रित करने जैसा है। चाणक्य की इन नीतियों का अनुसरण कर व्यक्ति अपने जीवन को सुरक्षित और सफल बना सकता है। उनके विचारों को समझना और व्यवहार में लाना, जीवन में संतुलन और समृद्धि लाने में सहायक हो सकता है।

## सटाका




## आज की पाती

### दमघोंटू हवा के लिए जिम्मेदार कौन?

हमारा देश जो सारी दुनिया में प्रकृति प्रधान और शस्य श्यामला वसुंधरा के सौंदर्य से प्रसिद्ध है, उसकी छवि को हमने अपने स्वार्थ के लिए प्रदूषण बढ़ाकर खराब करने का काम किया है। माना कि सरकारों की गलत नीतियां प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन क्या हम खुद प्रदूषण से होने वाले नुकसान को ध्यान में रखते हुए इसकी रोकथाम के लिए कुछ प्रयास नहीं कर सकते? अगर हमने स्वार्थी होकर पर्यावरण को संभालने के लिए अभी भी गंभीरता नहीं दिखाई और हवा में प्रदूषण फैलाने वाले गलत कामों पर पाबंदी नहीं लगाई तो वो दिन दूर नहीं है जब हमारा सांस लेना मुश्किल ही नहीं, बल्कि नामुमकिन हो जाएगा। कुदरत ने तो हमें साफ-सुथरी हवा सांस लेने के लिए दी थी, लेकिन हमने अपने स्वार्थ के लिए इसमें जहर घोलकर इसे दमघोंटू बना लिया है। इस पर रोक लगनी चाहिए।


*-विजय कुमार सेन*

## ट्रेंड

### पर्यावरण संरक्षण

इस पृथ्वी दिवस पर, आइए हम स्वच्छ, हरित और टिकाऊ दिल्ली के निर्माण के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें। हम जलवायु जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण की भावना के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली



### हर बच्चे को शिक्षा

जब तक हर छात्र को बिना भेदभाव के सम्मान, सुरक्षा और समान अवसर नहीं मिलेगा, तब तक हमारी शिक्षा व्यवस्था सभी के लिए न्यायपूर्ण नहीं हो सकती। कांग्रेस पार्टी हर बच्चे को शिक्षा तक समान पहुंच दिलाने और जातीय भेदभाव को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



### थोरियम से बनाएं बिजली

आने वाले दिनों में, भारत में बिजली का सबसे ज्यादा कन्जम्पशन होगा। सबको सस्ती बिजली चाहिए। ईश्वर ने हमें न्यूक्लियर पॉवर का ईंधन, "थोरियम", बहुत बड़ी मात्रा में दिया है। थोरियम को यूज करके सस्ती बिजली बन सकती है। ये छोटे रिएक्टर जगह भी कम लेते हैं।


-अनिल अग्रवाल, उद्यमी



### माफी मांगता हूं

मैं गुस्से में किसी को एक जवाब देने में अपनी मर्यादा भूल गया और पूरे ब्राह्मण समाज को बुरा बोल डाला। मैं तहेदिल से माफी मांगता हूं, इस समाज से जिनको मैं ये नहीं कहना चाह रहा था।


-अनुराग कश्यप, फिल्मकार



## करंट अफेयर

# व्यापार के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को किया परिभाषित


सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने और व्यापार समझौतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए 'उत्पत्ति के प्रमाण' को परिभाषित किया। आयातकों को शुल्क रियायतें पाने के लिए एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार से किसी उत्पाद का प्रमाण या उत्पत्ति का प्रमाण पत्र लेना होगा। राजस्व विभाग के परिपत्र के अनुसार, उत्पत्ति के प्रमाण का अर्थ है कि व्यापार समझौते के अनुसार जारी किया गया प्रमाण पत्र या घोषणा, जिससे यह प्रमाणित होता है कि माल उत्पत्ति के देश के मानदंडों को पूरा करता है। उत्पत्ति का प्रमाण पत्र उन देशों को निर्यात के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिनके साथ भारत के व्यापार समझौते हैं। एक निर्यातक को आयात करने वाले देश के बंदरगाह पर प्रमाण पत्र जमा करना होता है। मुक्त व्यापार समझौतों के तहत शुल्क रियायतों का दावा करने के लिए यह दस्तावेज महत्वपूर्ण है। इस प्रमाण पत्र से यह पता चलता है कि माल मूल रूप से कहां से आया है। इस कदम पर टिप्पणी करते हुए परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर ने कहा कि सीमा शुल्क परिपत्र के जरिये मूल प्रमाण पत्र की प्रामाणिकता को साबित करने के लिए अच्छी तरह परिभाषित तंत्र और एक मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई है।



## ऑफ बीट

# अस्पताल में भर्ती होने के लिए 45 किमी तक की यात्रा

भारत में वृद्धों को बाह्य-रोगी सेवाओं के लिए 15 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पड़ सकती है तथा अस्पताल में भर्ती होने के लिए लगभग 45 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ सकता है। यह जानकारी एक नए शोध से मिली है। 'द लांसेट रीजनल हेल्थ-साउथ ईस्ट एशिया' जर्नल में प्रकाशित अनुमानों में शहरी-ग्रामीण क्षेत्रों में असमानता भी दिखाई गई है। इसके मुताबिक, शहरी बुजुर्गों को 10 किलोमीटर की दूरी के भीतर बाह्य-रोगी सुविधाएं मिल जाती हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में रहने वाले वृद्धों के लिए यह दूरी लगभग 30 किलोमीटर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय और भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के शोधकर्ताओं ने 2017-2018 में भारत के अनुदैर्ध्य आयु अध्ययन (एलएएसआई) की पहली लहर के दौरान एकत्र किए गए 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लगभग 32,000 वृद्धों के आंकड़ों का विश्लेषण किया। भारत में करीब 13 .8 करोड़ बुजुर्ग हैं। जब स्वास्थ्य सुविधाएं 10 किलोमीटर के दायरे में उपलब्ध थी तो बाह्य-रोगी और अस्पताल में भर्ती होने, दोनों प्रकार की सेवाओं का इस्तेमाल करने की दरें उच्च थी, जो क्रमशः 73 प्रतिशत और 40 फीसदी थी।





# धूमधाम से मनाया खेतेश्वर महाराज का जन्मोत्सव, भव्य शोभायात्रा और युवा संगोष्ठी का हुआ आयोजन

सच मीडिया

**सांचोर।** राजपुरोहित समाज के आराध्य कुलगुरू श्री श्री 1008 खेतेश्वर जी महाराज के 113 वें जन्मोत्सव को सांचौर शहर में राजपुरोहित समाज ने बड़े हर्षोल्लास से मनाया। पुरोहित धर्मशाला में खेतेश्वर जी की प्रतिमा का पूजन कर रथयात्रा के साथ सांचौर शहर में युवाओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली एवं शोभायात्रा में गोधाम महातीर्थ पथमेड़ा से संत श्री गोशरण नंदराम दास जी एवम् श्री ठाकुर गौसेवाश्रम पालड़ी से श्री बलदेव दास जी महाराज जैसे दिव्य संतो का सानिध्य प्राप्त हुआ। राजपुरोहित छात्रावास में शोभायात्रा का भव्य स्वागत करके उपस्थित सभी गुरुभक्तों द्वारा दाता की सामूहिक महाआरती की गई। 113वें जन्मोत्सव के उपलक्ष में समाज, शिक्षा एवम् संस्कार विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई।




कार्यक्रम का मंच संचालन गणपतसिंह दांतिया और महेंद्र राजगुरु आमली ने किया। शिक्षाविद् भेरजी दाता ने खेतेश्वर जी जीवनी और उनसे जुड़े जीवन्त वृतांत साझा किए। डूंगराराम जी शिक्षा को संस्कार समावेशी बनाने का संदेश दिया। कथावाचक गोवत्स किरण कृष्ण जी महाराज ने समाज में नशा के मनूहार पर प्रतिबंध लगाने पर विशेष जोर दिया। इसी कड़ी में हीरजी दाता, भोमजी बालेरा, व्यापार संघ अध्यक्ष हरीश सीलू ने अपने उद्बोधन दिए। इस दौरान कार्यक्रम में रमेश कुमार आशापुरा, अमराराम पालड़ी, नानजी तांतडा, छगन लाल आमली, महेंद्र डभाल, दिनेश



सरपंच, अर्जुन पांडे, भगजी पालड़ी, गणपत पालड़ी, प्रकाश आमली, रमेश खेजड्याली, हितेश केरिया, मुकेश रणोदर आदि राजपुरोहित बंधु उपस्थित रहे।

## श्रीराम गोसेवा समिति नाडी में डलवा रही रोज तीन से चार टैंकर पानी

सच मीडिया

**शिवगंज ।** उपखण्ड मे पोसालिया गांव से चार किमी दूर 1200 बीघा जंगल के बीच स्थित खेजरा वाड़ी नाड़ी में हर साल गर्मियों में श्री राम गोसेवा समिति की टीम टैंकरों से पानी भरती है। श्रीराम गो सेवा समिति के छगन माली ने बताया कि समिति पिछले 3 सालों से सेवा का काम कर रही है।



गर्मियों के दिनों में प्रतिदिन 3 से 4 पानी के टैंकर डलवाते हैं। समिति से 115 से अधिक भामाशाह जुड़े हुए हैं। सेवा के लिए गांव के लोगों से चंदा इकट्ठा किया जाता है। उससे टैंकर मंगवाकर नाड़ी में पानी डाला जाता है। कई बार लोग गुप्त दान करके भी समिति की टीम की मदद कर . जाते हैं। इससे जंगल के बीच स्थित इसनाड़ी तक पहुंचकर सेवा की जाती है। खेजरावाड़ी नाड़ी 1200 बीघा जंगल के बीच है। यहां बड़ी संख्या में जंगली जानवर और पक्षी रहते हैं। गर्मी में यह नाड़ी ही उनकाएकमात्र जलस्त्रोत है। श्री राम गोसेवा समिति की टीम में छगन माली, किशन माली, रंजीत माली, बिट्टू रावल, कमलेश माली और जीतू माली हर साल इस सेवा में सहयोग करते हैं।

## विश्व प्रथ्वी दिवस पर स्कूली बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सच मीडिया

**छबड़ा।** बारां . बारा जिले में विध्यालयो में प्रथ्वी दिवस का आयोजन किया गया इस मोके पर विध्यालय में कहीं प्रतियोगिता आयोजित की गई बच्चों ने चित्रकला, क्विज आदि का बढचड कर हिस्सा लिया अध्यापकों ने छात्रों का पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया इसी कड़ी में ओसम किड्स सेकंडरी स्कूल की कक्षा 4 की बालिका माहिरा खान ने भी पानी बचाओ ,वृक्ष बचाओ की सुन्दर कला कृति बनाकर अध्यापकों व प्रियजनों का मन मोहा।



## बाल विवाह रोकने के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना हुई

सच मीडिया

**नावां शहर।** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नावां उपखण्ड अधिकारी ने बाल विवाह रोकने के लिए नावां में नि यंत्रण कक्ष स्थापित कर दिया गया है। प्रथम पारी में सुबह 6 बजें से दोपहर 2 बजे तक तथा द्वितीय पारी में 2 बजे से रात्री 10 बजें तक तथा तृतीय पारी रात्री 10 बजें से सुबह 6 बजें तक निर्धारित की गई है। इस पारियो में परवेज मोहम्द,पुरणमल ,जितेन्द्र सिंह नरूका,भवानी प्रसाद मीणा,बीरबल डारा व मृदुल शर्मा को नियुक्त किया गया है। ये नियंत्रण कक्ष बाल विवाह की सुचना थानाधिकारी नावां, तहसीलदार को सुचना देकर कार्यवाही करेगें।

## निःशुल्क कंप्यूटर कोर्स कराने का पोस्टर विमोचन किया

**विशेष ऑफर के साथ कंप्यूटर क्रांति लाना हमारा मकसद - साजिद खान**

**फार्म की लास्ट तारीख 30 अप्रैल**

सच मीडिया






संस्थापक साजिद खान ने बताया कि नवीन जोधाणा जागरूक मंच संस्थान एवं आयत ई मित्र कंप्यूटर सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में कंप्यूटर शिक्षा के प्रति क्रांति लाने के लिए 16 वर्ष से 50 वर्ष के सभी आमजन के लिए विशेष ऑफर के साथ एक छोटे से टेस्ट द्वारा भारी डिस्काउंट मिलेगा कार्यक्रम संयोजक आसिफ खान सिंधी ने बताया कि हम काफी समय से इस तरह के आयोजन करके आमजन के लिए विशेष ऑफर संचालित कर रहे हैं जिसमें विशेष कर 50% अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थी को 50% का कंप्यूटर कोर्स में डिस्काउंट दिया जाएगा और जो 90% अंक अर्जित करने वाले को पूर्णतया कंप्यूटर कोर्स फ्री करवाया जाएगा और जो 100% अंक प्राप्त करेगा उसको 5100 का नगद पुरस्कार और कंप्यूटर कोर्स फ्री करवाया जाएगा इस योजना का फॉर्म 30 अप्रैल तक भरा जाएगा जो भी इस योजना में जुड़ना चाहता है वह आयात ई-मित्र कंप्यूटर सेंटर दल्ले खान की चक्की के पास संपर्क कर सकता है। कार्यक्रम को लेकर पोस्टर का विमोचन किया गया पोस्टर विमोचन इमोशंस के मौके पर आयात मित्र एंड कंप्यूटर सेंटर संस्थापक आसिफ खान सिंधी, जोधाणा जागरुक मंच संस्था के संस्थापक साजिद खान,शमशुल आजम, गुलफाम खान, वसीम बेग, आरिया खान, शबनम मेहर, हुसैन मेहर, मोमिन अंसारी, फातमा, आयशा, आयात इत्यादि मौजूद रहे।

## पहले मैच जोधपुर के खिलाड़ी बेहतर खेले, लेकिन जीत नहीं मिली

**जोधपुर अंडर 19 टीम का जयपुर टुर में जगदीश चौधरी शिवांग सिंह वह केतन देवासी चमके**

सच मीडिया

**जोधपुर ।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन जोधपुर की एडहॉक कमेटी की ओर से अंडर-19 खिलाड़ियों को प्रोत्साहन हेतु आयोजित जयपुर के साथ वनडे मैचों की सीरीज का सोमवार को पहला वनडे मैच खेला गया। जिसमें जयपुर की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 294 रन बनाए। जिसमें जोधपुर की ओर से जगदीश चौधरी ने घायल गेंदबाजी करते 5 विकेट चटकाए । इनके अलावा वीरेंद्र सिंह ने दो विकेट व रवि, केतन देवासी व शोभाग सिंह भाटी ने एक-एक विकेट लिए ।जयपुर की ओर से रक्षित लुणावत ने 74 रन बनाए।



लक्ष्य का पीछा करते हुए जोधपुर की टीम ने 247 रन बनाए। जिसमें सर्वाधिक स्कोर शिवांग सिंह शेखावत 85 रन की आतिशी पारी खेली, वही केतन देवासी 51, वैभव राजपुरोहित ने 46 व वीरेंद्र ने 25 रन बनाए। जयपुर की ओर से कार्तिक बदलनी ने पांच विकेट चटकाए।

## जिला कलक्टर ने ली भदेसर पंचायत सभागार मे ली पानी - बिजली समीक्षा बैठक



**तेज़ गर्मी को देखते हुए गावों मे आमजन के लिए पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करें -रंजन**

**जिन गावों मे पानी की कमी वहां पर टैंकर शुरू करें**

सच मीडिया

**चित्तौड़गढ़,।** जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आज मंगलवार को पंचायत समिति भदेसर के सभागार में पेयजल व्यवस्था को लेकर आवश्यक बैठक ली इस बैठक में उन्होंने कहा कि आगामी दिनों मे गर्मी को देखते हुए कुछ ग्राम पंचायतो में पानी की दिक्कत आ सकती है इससे पहले व्यवस्था हो जाये तो आमजन एवं पशु पक्षियों के लिए समस्या ना हो जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि गर्मी को देखते हुए पेयजल की, सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल टैंकर और प्याऊ की व्यवस्था करने पर जोर दिया। साथ ही पशु-पक्षियों के लिए विभिन्न स्थानों पर परींडे (पानी के बर्तन) बांधने के भी निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर ने कहा कि गर्मी से निपटने के लिए हैंड पंप बोरवेल्स की क्या स्थिति में है अगर कोई खराब है तो उनको तुरंत प्रभाव से तैयार करा कर चालू करावे एवं जिन गांवों में पानी की पर्याप्त व्यवस्थानहीं हो उन गांव में टैंकरों से पानी पहुंचाने की व्यवस्था तुरंत प्रभाव राज्य निर्देशानुसार कार्यवाही करें तथा पानी की गुणवत्ता की रेगुलर जांच करें उन्होंने सांवलिया जी गौशाला के गायों के लिए भी छाया पानी एवं घास व्यवस्था एडवांस रखें तथा गर्मी के तुरंत पश्चात पौधारोपण की तैयारी भी रखें एवं गड्ढे खोदने की तैयारी करे ज्यादा से ज्यादा हमको पेड़ पौधे वर्षा की सीजन मे लगाने हैं बैठक में उपखंड अधिकारी भदेसर , तहसीलदार, नायब तहसीलदार, विकास अधिकारी सहित जन स्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग के अधिकारी,एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## कांग्रेस ने हमेशा से दलितो को राजनीति का मोहरा बनाया है : प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीराम मीणा

**बाबा साहेब संविधान के शिल्पकार होने के साथ सामाजिक न्याय के योद्धा थे : राज्यमंत्री देवासी**

**बाबा साहेब के पूर्ण जीवन और उनकी उपलब्धियों को कार्य करता लोगों को बताएं : सांसद चौधरी**

**डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन**

सच मीडिया



**सिरोही ।** भाजपा की ओर से कृष्णगंज मंडल के पीपलकी गांव के आशापुरा मंदिर परिसर में डॉ भीमराव आम्बेडकर सम्मान अभियान की शुरुआत हुई। जिसमे मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने आम्बेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से दलितो को राजनीति का मोहरा बनाया है, लेकिन उनका कभी भला नहीं किया। दलितों को मुख्यधारा से जोड़कर देश को मजबूती देने वाले संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के संविधानों को कांग्रेस ने तोड़ मरोड़कर पेश किए, जिसे अब भाजपा की मोदी सरकार लागू कर रही है उन्होंने कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने डॉ. भीमराव आम्बेडकर के बनाए संविधान को पूरी तरह से लागू नहीं किया, बल्कि अपनी राजनैतिक आकांक्षाओं वाले संविधान को ही लागू किया। जिससे दलितों को पूरे अधिकार नहीं मिल सके। उनकी सरकार डॉ भीमराव अम्बेडकर की ओर से बनाए गए संविधान को पूरी तरह से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि नेहरू ने डॉ. अम्बेडकर को 1952 के चुनाव में हराने का षड़यंत्र रचा और उनके राजनीतिक करियर को समाप्त करने के प्रयास भी किए, लेकिन वर्तमान में दलितों के माध्यम से सत्ता हासिल करने के लिए राहुल गांधी संविधान की पुस्तक व आम्बेडकर की तस्वीर लेकर राजनीतिक साजिश कर रहे हैं कांग्रेस ने हमेशा त्रुष्टिकरण की राजनीति की है। राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि बाबा साहेब संविधान के शिल्पकार होने के साथ सामाजिक न्याय के योद्धा भी थे, उन्होंने अपना पूरा जीवन पिछड़े और वंचितों के उत्थान को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सबसे ज्यादा संवैधानिक संशोधन किए लेकिन नागरिकों के फायदे के लिए नहीं, बल्कि अपने वोट बैंक को खुश करने और निरंकुशता थोपने के लिए किए। साथ ही कांग्रेस ने संविधान सामाजिक न्याय और लोकतंत्र को कमजोर किया। राज्यमंत्री देवासी ने कहा कि मोदी सरकार ने डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम से डिजिटल भीम ऐप लॉन्च की। जिससे लोगों को डिजिटल पेमेंट करने में सुविधा मिली। ऐसी कई योजनाएं बाबा साहेब के नाम से चल रही है। सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि भाजपा ने बाबा साहेब के पूर्ण जीवन और उनकी उपलब्धियों और देश के लिए किए गए कार्यों को जनता के सामने रखने के लिए ये अभियान शुरू किया है। वक्फ जन जागरण अभियान की चर्चा करते हुए चौधरी ने कहा कि वक्फ कानून का लेकर विरोधी दलों और कांग्रेस द्वारा मुसलमानों को भ्रमित करने का दुष्प्रचार किया जा रहा है जबकि इसके लागू होने से सारे देश को लाभ होगा। उन्होंने वक्फ कानून के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि देश बदलाव के रास्ते पर चल पड़ा है और देश बदल रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी ने कहा कि भाजपा ने डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान शुरू कर उनके द्वारा किए गए कार्यों को जनता के बीच में ले जाकर लोगो को जागरूक करना है उन्होंने ने कहा कि डॉ. अंबेडकर जैसे महान व्यक्ति को केवल संविधान निर्माता के रूप में पहचान बनाकर सीमित कर दिया गया। जिससे अब भाजपा बाबासाहेब की जीवनी और देशहित के लिए किए गए संघर्षों के बारे में लोगो को बताने के लिए देशभर में यह अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान हर मंडल स्तर पर होगा। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने भी अभियान को लेकर अपने विचार व्यक्त किया। भाजपा जिला प्रवक्ता रोहित खत्री ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, डॉ भीमराव अंबेडकर व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेकर की गई। खत्री ने बताया कि बाबासाहेब की जीवनी पर कार्यकर्ताओं को फिल्म दिखाई गई। डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के जिला संयोजक व एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष भंवर मेघवाल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। कृष्ण मंडल अध्यक्ष हार्दिक देवासी ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं देखी। इस दौरान नवनियुक्त कृष्ण मंडल अध्यक्ष हार्दिक देवासी का राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, सांसद लुंबाराम चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा व जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी ने साफा व माला पहनाकर अभिनंदन स्वागत किया और सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान के जिला सह संयोजक अजय वाला ने किया। सहसंयोजक सतीश शेट्टी, बाबू सिंह माकरोड़ा, हमीराराम मेघवाल व कृष्णा मंडल की टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। इस अवसर पर प्रधान हंसमुख मेघवाल पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश कोठारी भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू भाई पटेल एससी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सुरेश सिंदल, प्रकाश मेघवाल, जिला महामंत्री दीपाराम पुरोहित, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष गणपत सिंह राठौड़, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गोपाल माली, उपप्रधान नारायण सिंह देलदर, भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चो के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ कार्यकर्ता, कार्यक्रम के संयोजक, सहसंयोजक और जन प्रतिनिधि के मौजूद रहे।

## फास्ट ट्रेक के निचे से हजारो विधुत एवं पाइप लाइनें बिछी होने से ट्रेक के अस्तित्व को खतरा,रेलवे प्रशासन मौन

सच मीडिया

**नावां शहर।** नावां में विदेशो के तर्ज पर फास्ट ट्रेक का निर्माण किया जा रहा है। इस ट्रेक के निर्माण को लेकर केन्द्रीय रेल विभाग हजारो करोड़ो रूपयो का खर्चा करके फास्ट ट्रेक निर्माण्या को एक महत्वपुर्ण विकास का श्रोत बनाने में जुटे हुए है। ट्रेक को लेकर केन्द्रीय राज नेतागण भी अपनी उपलब्धि मानते है जिसको लेकर कई बार इस ट्रेक का निरीक्षण भी किया गया। यही नही ट्रेक को लेकर कई बार अतिक्रमण एवं निर्माण को लेकर कई कमेठियो का गठन भी किया गया लेकिन ट्रेक के अस्तित्व को लेकर रेलवे विभाग को कभी भी झटका लग सकता है। फास्ट ट्रेक का निर्माण लगभग 75 प्रतिशत कार्य पुरा हो चुका है एवं अन्य का कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। फास्ट ट्रेक की गुणवक्ता एवं सुरक्षा को लेकर रेलवे के ठेकेदार भी निष्क्रियता के साथ कार्य क रने में जुटे हुए है। फास्ट ट्रेक के निचे से लगभग हजारो की तादात में अवैध रूप से विधुत लाइने एवं पानी के पाइप गुजरे हुए है। जो कि रेलवे के नियमों के गैर कानुनी है। रेलवे के निमयावली के तहत किसी भी ट्रेक के निचे एवं उपर से विधुत लाइन बिछाने की परमिशन नही देती है। अगर पुरानी लाइन गई हुइ है तो उसके सुरक्षा प्रबंधन काफी मजबुत रहेगे,इसके लिए एक कमेठी का िनर्माण कर कार्य को पुरा करेगें। वैसे अब वर्तमान में रेलवे विभाग ट्रेक के उपर से विधुत लाइनो का जाने से रोक दिया गया है। लेकिन नव निर्माण फास्ट ट्रेक के मजबूती एवं सुरक्षा के मायने लगभग टाक पर रख दिया गया है। ठेकेदार की मनमानी की वजह से फास्ट ट्रेक के निचे से हजारो की तादात में अवैध बोरवेल लाइने एवं थ्री फेज की लाइनो क ा गुजरान बहुत बड़ा जुर्म माना जाता है। लेकिन अवैध नमक उत्पादक इसकी परवाह नही करते हुए दिन दहाडें कार्य में जुट जाते है। फास्ट ट्रेके निचे से लगभग 15 से 20 फिट निचे जांच करवाने पर अवेध रूप से विधुत लाइने एवं पाइपो का खुलासा हो सकता है। फास्ट ट्रेक जिस स्थानों पर क ार्य पुरा हो गया है वहां पर जांच दल से निरीक्षण करने पर पुरी पोल खुल जाएगी। इस बारे में रेलवे के अधिकारी भी अवैध गतिविधियों पर नजर रखे हुए है। रेलवे के नियम जरूर कठिन है लेकिन नावां, जाबदीनगर, गुढा,मीठडी क्षेत्र मे बन रहे फास्ट ट्रेक की सुरक्षा को लेकर उदासीनता नजर आ रहा है। फास्ट ट्रेक की सुरक्षा पर अब प्रश्नचिन्ह लगने शुरू हो गए है।

## वैश्विक मंच पर डाइस ने जीता एफटीसी वर्ल्ड रोबोटिक्स खिताब



**अमेरिका में आयोजित वर्ल्ड चैम्पियनशिप में धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल की दोनों टीमों ने रचा इतिहास**

सच मीडिया

**ह्यूस्टन (अमेरिका) / मुंबई (भारत)।** धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल (डाइस), मुंबई की दो रोबोटिक्स टीमों - टीम मैट्रिक्स और टीम यूरेका - ने फर्स्ट टेक चैलेंज वर्ल्ड चैम्पियनशिप 2025 में इतिहास रच दिया है। दोनों टीमें फाइनल में एक-दूसरे के आमने-सामने थीं, और टीम मैट्रिक्स ने जीत दर्ज कर भारत को पहली बार यह खिताब दिलाया। यह प्रतियोगिता अमेरिका के ह्यूस्टन शहर में हुई, जहां 30 से ज़्यादा देशों की 256 टीमें ने हिस्सा लिया। टीम मैट्रिक्स पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही और फाइनल में 541 अंकों का शानदार स्कोर बनाया। उन्हें थिंक अवॉर्ड में भी दूसरा स्थान मिला। टीम यूरेका ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए कनेक्ट अवॉर्ड जीता। भारत में हुए राष्ट्रीय मुकाबलों में भी दोनों टीमों ने शानदार खेल दिखाया था। डाइस का रोबोटिक्स प्रोग्राम 2018 में शुरू हुआ था, और कुछ ही सालों में स्कूल की टीमें राष्ट्रीय और अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने लगी हैं। धीरूभाई अंबानी इंटरनेशनल स्कूल की संस्थापक चेयरपर्सन नीता एम. अंबानी ने कहा, "दुनिया की सबसे बेहतरीन टीमों के बीच हमारी दोनों एफटीसी टीमें फाइनल तक पहुँचीं और एक-दूसरे से मुकाबला किया। हमें गर्व है कि हमारी एक टीम ने विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है।"

## मोड़ मेवाड़ा कलाल समाज की बैठक, प्रतिभा सम्मान समारोह तैयारियों पर चर्चा

सच मीडिया

**चीखली/मनीष कलाल।** मोड मेवाड़ कलाल समाज तीन चौखला का प्रतिभा सम्मान समारोह 29 अप्रैल को जोधपुरा स्थित समाज की भूमि पर होगा। इसे सफल बनाने को लेकर मंगलवार को चीखली कस्बे के समाज नोहरे में तैयारी बैठक हुई। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल रहे। अध्यक्षता तीन चौखला अध्यक्ष नानुलाल पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि



भोगीलाल पटेल, मणिलाल पटेल, रघुनाथ पटेल, राजू भाई, नरेश कलाल, नटवरलाल, हिरालाल, मोतीलाल कलाल, दिलीप पटेल, देवीलाल कलाल रहे। अतिथियों ने कहा, यह आयोजन समाज के लिए गौरव की बात है। पहली बार तीन चौखले का इतना बड़ा कार्यक्रम हो रहा है। समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। समाज के व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद कर समारोह में शामिल होने का आह्वान किया गया। तीन चौखला अध्यक्ष नानुलाल पटेल ने बताया, कार्यक्रम सुबह 10 बजे शुरू होगा। इसमें सरकारी सेवा में नियुक्त समाजजनों और दसवीं-बारहवीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक में गरियाता चौखले के चीख़ली, गरियाता, कुआँ, नादिया, खेड़ासा, चितरी, झोसावा, फुफलिबोर, साकोदरा, गलियाकोट, नोलियावाड़ा, दरियाटी के समाजजन मौजूद रहे। संचालन ईश्वरलाल कलाल चीख़ली और नरेश कलाल खेड़ासा ने किया। समाज की ओर से नवनिर्वाचित भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक पटेल रणोली का पगड़ी और माला पहनाकर स्वागत किया गया। दिलीप पटेल सागवाड़ा को अखिल भारतीय कलाल, कलवार, कलार महासभा की राष्ट्रीय समिति का सचिव बनने पर सम्मानित किया गया। मनीष कलाल चीख़ली को भाजपा मंडल महामंत्री बनने पर समाज ने सम्मान दिया।

## संक्षिप्त-समाचार

### सप्तम पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम ब्लॉक धोद का हुआ समापन



● सच मीडिया

**सीकर।** महिला एवं बाल विकास विभाग की पहल पर पोपण अभियान के अन्तर्गत सप्तम पोपण पखवाडा आयोजन धोद ब्लॉक में दिनांक 08 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक समपन्न हुआ। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी डॉ. सुनील कुमार जॉगिड़ ने विभिन्न बिन्दुओं पर अपने विचार रखते हुए पोपण पखवाड़ा के मुख्य उद्देश्य, कुपोषण स्तर में कमी लाना, स्वस्थ खानपान की आदतें विकसित करना, महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करना, पोषण के महत्व के बारे में बताया गया, साथ ही मानसिक व शारीरीक विकास को प्रोत्साहित करने व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण के प्रति रूचि विकसित करने पर जोर दिया। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी ने पखवाड़े में नवाचारों एवं सफल कहानियों का आदान प्रदान करते हुए पोपण पखवाड़े के दौरान उत्कृष्ट योगदान हेतु आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं (आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं) और महिला पर्यवेक्षको को सम्मानित किया गया। पखवाड़े में सम्मिलित सभी विभागों और व्यक्तियों को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया । इस दौरान महिला पर्यवेक्षक श्रीमती द्रौपदी काजला श्रीमती बिमला देवी, श्रीमती सुमन लता, श्रीमती सरिता देवी, श्रीमती कौशल्या देवी, श्रीमती सरोज ओला, श्रीमती सुनिता सैनी, कार्यालय के कार्मिक श्रीमती कमला (वरिष्ठ सहायक) व श्रीमती पूनम (कनिष्ठ लेखाकार), श्रीमती सुनिता (महिला पर्यवेक्षक, महिला अधिकारिता), श्रीमती सीमा (ब्लॉक समन्वयक), ने बाल विकास परियोजना अधिकारी की अध्यक्षता में पोयण पखवाडा समापन में भुमिका निभायी।

### सड़क हादसे में आकाश कोचिंग गार्ड की मौत का मामलास

**समझाइश के बाद परिजन माने और धरना खत्म किया**

● सच मीडिया

**सीकर।** सीकर में रविवार रात को पिपराली रोड पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में आकाश मेडिकल आईआईटी-जेईई फाउंडेशन यूनिट में कार्यरत गार्ड सज्जन सिंह की मौत हो गई। हादसे के बाद सोमवार को मृतक के परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। कोचिंग प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए 50 लाख रुपए मुआवजे की मांग की। परिजनों ने पहले एसके अस्पताल और फिर कोचिंग के सामने धरना शुरू कर दिया द्य एक्सीडेंट रविवार रात 12 बजे उद्योग नगर इलाके में हुआ। हादसे का सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सामने आया है।



एसएचओ मनोज कुमार भाटीवाड़ ने बताया कि घटना में तारपुरा गांव के रहने वाले कोचिंग गार्ड सज्जन सिंह (47) की मौत हुई है। कार की पहचान कर ली गई है। परिवार ने घटना को लेकर रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। वहीं, घटना से नाराज परिजन मुआवजे की मांग को लेकर कोचिंग के बाहर धरने पर बैठे थे। शाम करीब पांच बजे बाद परिजन माने और धरना समाप्त किया। सीकर विधायक राजेंद्र पारीक भी धरने में शामिल होने के लिए आए। यहां पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने कहा कि पारीक जी आप कैसे ठंडे पड़ गए। आपके इलाके में पिछले तीन दिन से लाश पड़ी है, आप क्या कर रहे हैं। इस दौरान गुढ़ा समेत अन्य लोगों ने कोचिंग में घुसने की कोशिश की, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। उन्होंने रोड जाम करने की चेतावनी दी है। मंगलवार देर शाम तक चली समझाइश के बाद परिजन माने और धरना खत्म किया। इस दौरान कोचिंग की तरफ से 15 लाख और चिरंजीवी योजना के तहत 5 लाख रुपए मुआवजा देने की मांग पर सहमति बनी।

### पृथ्वी दिवस पर किया पौधारोपण



● सच मीडिया

**उदयपुरवाटी / बड़ागाँव।** विश्व पृथ्वी दिवस पर ग्राम बड़ागाँव के खेल मैदान में पौधारोपण किया गया ।दो अशोक व एक नीम का पेड़ लगाया गया ।विश्व पृथ्वी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने संकल्प लिया कि पर्यावरण को बचाने के लिए पौधारोपण करना व उसमें पानी की आपूर्ति करनी होगी दिल्ली प्रवासी बाबूलाल राजोरिया मुख्य अतिथि थे द्य इस मौके पर पूर्व तहसीलदार मंगल चन्द सैनी चौधरी माडू राम ऑनरेरी लेफ्टिनेंट देबूराम नन्दलाल स्वामी रामजी कटारिया मोहित पीयूष शेखावत प्रियांशु गुर्जर शुभम सिंह देवेन्द्र सिंह खुशवंत गुजर कुरडा राम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 24 को होगा औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर

● सच मीडिया

**झुंझुनू।** जिला उद्योग केन्द्र की ओर से पंचायत समिति सूरजगढ़ में 24 अप्रेल को औद्योगिक प्रोत्साहन शिविर आयोजित किया जाएगा। विभाग के महाप्रबंधक नानूराम गहनोलिया ने बताया कि शिविर में मौके पर ही विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा डॉ भीमराव अम्बेडकर दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, एक जिला एक उत्पाद नीति, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना एवं विभाग द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की जावेगी।

## भोजगढ़ की पहाड़ियों में लगी आग

**आग से पहाड़ पर पशु पक्षियों को भी नुकसान होने का अंदेशा**

# वन विभाग एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा आग पर पाया गया काबू

**भोजगढ़ की पहाड़ियों में लगी आग पर 5 घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू : धर्मवीर मील**

● सच मीडि.या

**उदयपुरवाटी।** विधानसभा क्षेत्र के गुढ़ागौड़जी के नजदीक भोजगढ़ की पहाड़ियों में सोमवार को अचानक आग लग गई। पहाड़ियों में आग लगने की सूचना उदयपुरवाटी वन विभाग के कर्मचारियों को दी गई तो वन विभाग के रेंजर धर्मवीर मील अपनी टीम के साथ भोजगढ़ पहुंचे एवं पहाड़ों में लगी आग पर स्थानीय ग्रामीणों के साथ बुझाने का प्रयास जारी किया। 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। रेंजर धर्मवीर मील के अनुसार पहाड़ों में खड़े सफेद घास जो बारूद जैसा काम करता है वह अमूमन आग पकड़ ही लेता है फिर भी हमने आग बुझाने पर काफी हद तक प्रयास किया है। भोजगढ़ की पहाड़ियों में लगी आग को लेकर हमने उदयपुरवाटी वन विभाग के रेंजर धर्मवीर मील से बात की तो उन्होंने बताया कि पहाड़ पर लगी आग पर तो समाचार लिखे जाने तक करीब करीब काबू पा लिया गया था लेकिन नीचे नलों में व खेतों के आसपास आग बुझाने का कार्य वन विभाग के कर्मचारीयों एवं स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा जारी है। वन विभाग के रेंजर का कहना है कि आज पर काबू पा लिया गया है प्रारंभिक तौर पर हवा की एक ही डायरेक्शन होने से वह पर्याप्त समय मिलने से वन्य जीवों के नुकसान की संभावना कम है। उदयपुरवाटी वन विभाग के रेंजर धर्मवीर मील एवं भोजगढ़ फॉरेस्ट रघुवीर सिंह वन विभाग की टीम के साथ युद्ध स्तर पर आग बुझाने मैं दिन भर लगे रहे। उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी के द्वारा लगातार प्रशासनिक व अन्य सहयोग सुनिश्चित किए गए हैं द्य उदयपुरवाटी के रेंजर मानते हैं कि भोजगढ़ की पहाड़ी में बने उड़ान रिजॉर्ट की तरफ से हवा के कारण पहाड़ों में आग फैलते फैलते चारों तरफ फैल गई। वन विभाग के



रेंजर धर्मवीर मील के अनुसार आग बुझाने के लिए नवलगढ़, नीमकाथाना, उदयपुरवाटी एवं खेतड़ी से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मंगवाई गई। समाचार लिखे जाने तक आग पर करीब करीब काबू पा लिया गया था द्य आग बुझाने के लिए उदयपुरवाटी वन विभाग के रेंजर धर्मवीर मिल रघुवीर सिंह शाहरुख खान सहित वन विभाग के कई कर्मचारी लगे हुए थे एवं स्थानीय ग्रामीणों का भी आग बुझाने में विशेष योगदान रहा।

**इनका कहना है**

*भोजगढ़ की पहाड़ियों में लगी आग पर स्थानीय ग्रामीणों की मदद से 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।*

धर्मवीर मिल रेंजर
वन विभाग उदयपुरवाटी

### विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ पोषण पखवा? का हुआ समापन

**झुंझुनूं।** बिसाऊ नगर पालिका में मंगलवार को महिला बाल विकास विभाग द्वारा पोषण पखवा? का समापन समारोह आयोजित किया गया, इस दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। समापन समारोह में बाल विकास परियोजना अधिकारी अमिता गेट, नगर पालिका ईओ सुरेश कुमार वर्मा, सेक्टर प्रभारी उषा कुल्हरी, आंगनवा?ी कार्यकर्ता ममता शर्मा, संपत , अरुण शकुंतला, गायत्री, संगीता, सुमित्रा सहायिका व ग्रामीण महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पोषण से संबंधित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें राजबाला, दीपिका, काजल, सरिता स्वामी को प्रशस्ति पत्र देखकर पुरस्कृत किया गया। जिया पत्नी सुरेंद्र, तनु पत्नी भारत चौहान, रितु पत्नी मुकेश को बेटी जन्म पर प्रशासन द्वारा बधाई पत्र व बेबी किट वितरण किया गया। कार्यक्रम में सुनीता, रीना, सरिता, पूनम, आरती, ललिता, करूनिशा की गोद भराई करवाई गई, वही रेखा, पूजा, प्रियंका, संगीता का अन्नप्राशन कार्यक्रम हुआ। अंशु, प्रदीप, आयुष, इशांत, अलीना पूर्वी, रौनक का प्रवेश उत्सव भी किया गया।



### मुख्य सड़क पर महेश ज्वेलर्स में चोरी, विधायक सुरेश मोदी ने घटना स्थल का किया दौरा, प्रशासन को घेरा

● सच मीडिया

**नीमकाथाना।** शहर की मुख्य सड़क पर स्थित महेश ज्वेलर्स की दुकान पर सोमवार की रात करीब 3 बजे बड़ी चोरी की वारदात से शहर में हड़कंप मच गया। यह घटना जिला अस्पताल के ठीक सामने हुई, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय विधायक सुरेश मोदी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायज़ा लिया। उन्होंने कहा, यह घटना शहर के सबसे व्यस्त इलाके में हुई है, जहाँ हर समय पुलिस की मौजूदगी अपेक्षित रहती है और आवागमन रहता है। यह वारदात पुलिस और प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलती है।विधायक मोदी ने प्रशासन से घटना की त्वरित जांच कर अपराधियों को जल्द गिरफ़्तार करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन होना चाहिए, जो संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखे और समय-समय पर सुरक्षा ऑडिट करे।उन्होंने यह भी कहा, कि व्यापारी वर्ग के मनोबल को टूटने से रोकना सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पीड़ित व्यवसायी को हरसंभव सहायता दी जानी चाहिए ताकि उनका आर्थिक नुकसान कुछ हद तक कम हो सके।मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अब वक्त आ गया है जब केवल बयानबाज़ी से काम नहीं चलेगा, बल्कि ज़मीन पर ठोस कार्यवाही की आवश्यकता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं की गई, तो ऐसे दुस्साहसी अपराधों की पुनरावृत्ति का खतरा बना रहेगा।अंत में विधायक ने शहरवासियों से भी अपील की कि वे सजग रहें, आपसी सहयोग बनाए रखें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा, एकजुट होकर ही हम अपराधियों के मंसूबों को नाकाम कर सकते हैं।चोरी की इस वारदात ने शहर के व्यापारियों और नागरिकों के मन में भय का वातावरण पैदा कर दिया है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस चुनौती से किस तरह निपटता है।



### बीड़ झुंझुनूं में धूमधाम से मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस, लव कुश वाटिका में हुआ वृक्षारोपण

● सच मीडिया

**झुंझुनूं।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर बीड़ कन्जर्वेशन रिजर्व में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ उदाराम सियोल एवं विशिष्ट अतिथि स्काउट-गाइड के सीओ महेश कलावत, सुभिता महला, रामदेव, बंशीलाल सहित वन विभाग के अधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लर्निंग कीड्स स्कूल के शिक्षक और बच्चों, संकल्प सेवा संस्थान की अध्यक्ष बबीता और वन विभाग कर्मियों – सत्यवीर, जयवीर, दिनेश, भरत कुमार, महेश कुमार, सुलोचना, सरला, विनोद कंवर तथा वन सुरक्षा समिति के सदस्यों ने भाग लिया। अतिथियों ने पृथ्वी संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने, अधिकाधिक वृक्षारोपण करने, वन्य जीवों का संरक्षण करने और ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के लिए सामूहिक प्रयासों की अपील की। इस अवसर पर लव कुश वाटिका में पौधारोपण किया गया तथा पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए गए। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित सैनी ने किया।



### जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा मेहता नगर में भूख हड़ताल, जन समर्थन के साथ आंदोलन तेज

● सच मीडिया

**पाटन।** जिला बचाओ संघर्ष समिति द्वारा अपने मांगों के समर्थन में राजपुरा के ग्राम मेहता नगर में भूख हड़ताल का आयोजन किया गया। इस जनांदोलन में भारी जनसमर्थन देखने को मिला, जिससे क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है।इस मौके पर नीम का थाना विधायक सुरेश मोदी ने संघर्षरत जनता से मुलाकात की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने समिति की मांगों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि जनता के हितों की रक्षा के लिए वे हरसंभव प्रयास करेंगे। संघर्ष समिति के अध्यक्ष बसंत राम यादव के नेतृत्व में आंदोलन को संगठित रूप दिया गया। इस भूख हड़ताल में दिनेश यादव, चंद्रभान शर्मा, बाबूलाल यादव, कबुल यादव, विजय मेहता, रामस्वरूप, हवलदार बंशीधर यादव समेत कई प्रमुख समाजसेवी शामिल हुए।समिति का कहना है कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लेता, आंदोलन इसी तरह जारी रहेगा। उन्होंने साफ किया कि यह संघर्ष जिले के सम्मान, अधिकार और भविष्य की रक्षा के लिए है। ग्रामवासियों और क्षेत्र के युवाओं ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर संघर्ष समिति का समर्थन किया और एकजुटता का परिचय दिया।



### कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के संबंध में बैठक 24 अप्रेल को

● सच मीडिया

**झुंझुनू।** वर्षाकाल में बहुत अधिक मात्रा में व्यर्थ जल की एक एक बूंद का संचय, संग्रहण एवं पुर्नभरण किये जाने को दृष्टिगत रखते हुए जिले के प्रत्येक गांव में तकनीकी रूप से रिचार्ज शाफ्ट संरचनाओं का निर्माण '' कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत किया जाना है। उक्त अभियान की प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 24 अप्रेल को दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया गया है।

## परशुराम जन्मोत्सव की पूर्व तैयारियों के लेकर बैठक संपन्न

● सच मीडिया

**झुझुनू।** स्थानीय चुणा चौक स्थित पुरोहितों की बगीची में एडवोकेट मनोज शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम जन्मोत्सव समारोह की पूर्व तैयारीयों को लेकर एक बैठक संपन्न हुई जिसमें उपस्थित विप्रजन से विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से 28 व 29 अप्रैल को परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने-अपने सुझाव दिए । समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष उमाशंकर महमिया ने बताया कि 28 अप्रैल को प्रातः 11 बजे मोदी रोड स्थित गाड़ियां टाउन हॉल में परशुराम जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा जिसमें समाज उत्थान के साथ जिले के 15 कस्बों से एकल महिला चुनी जाएगी जिनको महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भर स्वावलंबी योजना के तहत उत्तम गुणवत्ता की आधुनिक सिलाई मशीन वितरण की जाएगी । साथ ही जिन महिलाओ को सिलाई का कार्य नहीं आता है उनको निशुल्क शिलाई का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा । महमिया ने बताया कि 29 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर प्रातः 7 बजे हवन, 8 बजे भगवान शंकर का रुद्राभिषेक, फिर भगवान परशुराम चालीसा के सामूहिक पाठ का वचन किया जाएगा। तत्पश्चात पक्षियों के लिए परिंडे बांधे जाएंगे व निराश्रित गौवंश के लिए हरी सब्जियों का भोग लगाया जाएगा। इस अवसर पर गौड ब्राह्मण महासभा जिलाध्यक्ष पवन शर्मा देरवाला, विप्र फाउंडेशन के जिलाअध्यक्ष कमलकांत शर्मा, गॉड ब्राह्मण महासभा के जिला महामंत्री शिवचरण पुरोहित, विप्र फाउंडेशन संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया, रामगोपाल शर्मा, एडवोकेट सुशील जोशी, पारीक समाज के जिला अध्यक्ष संजय पारीक, पवन पुजारी, रमेश नवलगढ़िया, डब्ल्यू सुरोलिया, राकेश दाधीच, एडवोकेट नीरज शर्मा, एडवोकेट रवि शुक्ला, अनिल मिश्रा, रमेश चौमाल, रामावतार शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र भीमसरिया, गोपीराम पुरोहित, विजयशंकर जोशी, एडवोकेट कमल शर्मा, अमृतलाल जोशी, दिव्यांश माटोलिया, जयराम शर्मा, वी डी शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित रहे।



### विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

# जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से हर वर्ग के सशक्तिकरण एवं विकास की मुख्यधारा में लाने प्रयास हो : जिला कलक्टर

● सच मीडिया

**बालोतरा।** जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर लंबित परिवादों के शीघ्र निस्तारण, बजट घोषणाओं, हीटवेव, पेयजल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और अन्य प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की गई। जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ को अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाये जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने समाज के कमजोर वर्गों के व्यक्तियों के सशक्तीकरण एवं उन्हे विकास की मुख्यधारा में लाने के उदेश्य से राज्य सरकार एव केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि इन योजनाओं को समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुंचाते हुए लाभान्वित किया जाये। उन्होने नवीन परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ने, विद्युत तंत्र के बुनियादी ढ़ाचे को मजबूत करने, पात्र बालिकाओं को लाडो प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित करने, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत जिले के समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुधार की बात कही। उन्होने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत किसानों को तारबंदी, डिग्गी, फार्म पोण्ड, ग्रीन हाउस, पाली हाउस, स्प्रिंकलर लगा किसानों को अधिक से अधिक लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0, जल जीवन मिशन एवं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जल संरचनाओं के निर्माण के साथ गांवों में सड़क सुविधाओं के विस्तार के कार्य हो। ताकि बेहतर आवागमन के साथ ही शुद्ध पेयजल सुलभ हो सके।





### स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपलब्ध रहे स्वास्थ्य सुविधाएं

जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव ने अत्यधिक गर्मी के मध्यनजर जिले में लू,तापघात एवं मौसमी बीमारियों से बचाव एवं रोकथाम की तैयारियों की समीक्षा कर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। उन्होंने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों व अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रखने, गर्मी से बचाव के लिए पंखे, कूलर की व्यवस्था करने तथा लू व तापघात से प्रभावितों के लिए अलग कक्ष तैयार करने के निर्देश दिए।

### संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवाद का हो गुणवत्तापूर्ण निस्तारण

जिला कलक्टर श्री यादव ने कहा कि सम्पर्क पोर्टल पर आने वाले परिवादों को बेहद गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने कहा कि किसी परिवाद को समय सीमा में निस्तारित करने के साथ परिवादी को संतुष्ट करना भी महत्वपूर्ण है। परिवाद का वास्तविक निस्तारण परिवादी को राहत पहुंचा कर करें।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. गुंजन सोनी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता अमृत लाल देवपाल, जोधपुर डिस्कॉम के अधीक्षण अभियंता सोनाराम पटेल, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता छत्राराम एवं अधिशाषी अभियंता बाबूलाल मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी वांकाराम चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी संदीप देवात, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक नितिन गहलोत, जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र सिंह, जिला परिवहन अधिकारी भगवान गहलोत समेत सभी जिला स्तरीय अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## श्रम विभाग का सघन अभियान 23 से 28 अप्रेल को

### भवन निर्माण श्रमिकों किया जायेगा योजनाओं से लाभान्वित

● सच मीडिया

**बालोतरा।** श्रम विभाग द्वारा 23 अप्रेल से 28 अप्रेल तक सघन अभियान चला भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिकों के आवेदनों में सहायता कर योजनाओं से लाभान्वित किया जायेगा। सहायक श्रम आयुक्त मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मण्डल की योजनाओं एवं हिताधिकारी पंजीयन से संबंधित आवेदन जो दस्तावेजों की अपुर्णता की वजह से निरस्त हो गये है एवं निर्माण श्रमिकों द्वारा उक्त आवेदन में ऑनलाईन अपील प्रस्तुत कर रखी है। ऐसे सभी निर्माण श्रमिकों के लिए 23 अप्रेल से 28 अप्रेल तक बाड़मेर कलेक्ट्रेट परिसर में शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि शिविर में कार्यालय के प्रभारी श्रम निरीक्षक हरिप्रसाद 7737511963 एवं सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, बालोतरा के श्रम निरीक्षक मगाराम 8290737293 से संपर्क कर पूर्ण प्रारूप में योजना संबंधी आवश्यक दस्तावेजों के जमा करवा आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करें। ताकि अपील में प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होने बताया कि उक्त अवधि में आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करवाने पर प्रस्तुत अपील आवेदनों में अग्रिम कार्यवाही कर निस्तारण किया जायेगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप





● सच मीडिया

**खण्डेला।** खंडेला थाना इलाके में एक चार माह की गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता ने खंडेला थाने में मुकदमा दर्ज करवा कर बताया कि उसकी पुत्री सुनीता की शादी करीब पांच साल पहले घसीपुरा निवासी अनिल कुमार के साथ हुई थी, जो शादी के बाद से ही उसके साथ लगातार अमानवीय व्यवहार करता रहा है। बीती शाम उसके गर्भ में पल रहे शिशु और उसकी मौत की खबर सुनने के बाद जब अनिल के परिजनों से जानकारी लेने का प्रयास किया, तो उन्होंने अस्पताल का रैफरल कार्ड थमा दिया। मृतका के पिता ने दामाद के विरुद्ध मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। डीएसपी. इनसार अली ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका के पिता की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### गिव-अप अभियान के तहत बालोतरा में 6,388 ने स्वेच्छा से हटाया नाम

● सच मीडिया

**बालोतरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। माननीय मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश है कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए, ताकि वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। खाद्य सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में निर्धारित मापदण्ड राजस्थान खाद्य सुरक्षा नियम, 2023 अनुसूची-1 में, 1- परिवार जिसमें कोई आयकर दाता हो, 2- परिवार जिसका कोई सदस्य सरकारी / अर्द्धसरकारी / स्वायत्तशासी संस्थाओं में कर्मचारी हो, 3- एक लाख से अधिक वार्षिक पारिवारिक आय हो, 4- परिवार में किसी सदस्य के पास चार पहिया वाहन हो (ट्रेक्टर आदि जीविकोपार्जन में प्रयुक्त वाहन को छोड़कर) निष्कासन सूची में शामिल है। जिला रसद अधिकारी हजारीलाल आलोरिया ने बताया कि 01 नवम्बर 2024 से प्रारम्भ गिव-अप अभियान में आज तक राजस्थान में 17.63 लाख व्यक्तियों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा है तथा बालोतरा जिले में अब तक 6,388 व्यक्तियों ने गीव अप किया है। माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा योजना पोर्टल खोला गया, जिसमें आज तक राजस्थान में 20.80 लाख व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया, जिसमें बाड़मेर एवं बालोतरा जिले के 89,242 व्यक्तियों को जोड़ा गया। उन्होने बताया कि गिव अप अभियान में बालोतरा जिले के 180 अपात्र परिवारों को नोटिस जारी किये गये, जिनसे वसूली की कार्यवाही की जायेगी। गिव अप अभियान में अब प्रत्येक उचित मूल्य दूकान पर खाद्य विभाग के प्रवर्तन अधिकारी एवं प्रवर्तन निरीक्षक औचक निरीक्षण करने के साथ ही खाद्य सुरक्षा में चयनित अपात्र लोगों को नोटिस जारी करेंगे।

### सीएमएचओ डॉ. वी. आर. चौधरी ने दिये निर्देश-हीट वेव को देखते हुए लोगों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवा

**बालोतरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने समस्त चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि हीट वेव को देखते हुए लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करावें। उन्होने कहा कि इस सम्बन्ध में खंड बालोतरा, कल्याणपुर व पाटोदी के समस्त पीएचसी, सीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाये गये जिससे निरामय राजस्थान का सपना साकार होगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि राजस्थान सरकार की विभिन्न योजनाओं का आईईसी प्रचार प्रसार हेतु आईईसी, पोस्टर उपलब्ध करवाई गई व समस्त सेंटरों पर हीट वेव को देखते हुए ओआरएस कॉर्नर बनाए गए।

## सैंपऊ में सच मीडिया के पत्रकार अमित उन्देरिया का किया सम्मान





● सच मीडिया

**भरतपुर।** जिले की सीमा के नजदीक बने धौलपुर जिले की सीमा के कस्बा सैंपऊ में बीते दिन मंगलवार दोपहर आयोजित बाबा साहब जयंती शोभायात्रा कार्यक्रम में आयोजक कमेटी के लोगों ने हमारे सच मीडिया रूपवास के पत्रकार अमित कुमार उन्देरिया रजौराखुर्द का बाबा साहब की तस्वीर भेंट कर माला साफा पहनांकर सम्मान किया। जानकारी में सैंपऊ में बाबा साहब अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में यह शोभायात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें हमारे पत्रकार अमित कुमार उन्देरिया को क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य समाज सेवा को लेकर सम्मानित किया। जानकारी में पत्रकार अमित कुमार उन्देरिया बीते करीब दस बर्ष से लोकतंत्र का चौथा सतम्भ आज मीडिया जगत में बने हुये हैं जिन्हें कई बार सम्मानित किया जा चुका है। सम्मानित के दौरान उपस्थित लोगों में चिरौंजी लाल, पूर्व सरपंच गोपीचंद, रिटायर्ड प्रधानाध्यापक नेत्रपाल सिंह, सत्यभान राजौरिया, श्रीपति, हीरालाल, रामपति, अमर सिंह, रामरूप, रमुजी, प्रेम सिंह, बदन सिंह, मुकेश चंद, बिजेन्द्र, बंटी, संजय, लक्ष्मी नारायण, मान सिंह बांसीवार, रामबीर लहरी, भीकम, केशव, प्रेमचंद, लाखन, सचिन, विजय सिंह आदि लोग मौंजूद रहे।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील निर्णय से अभिभावकों को मिली राहत

### अब शादी के बाद एक वर्ष के भीतर मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में किया जा सकेगा आवेदन

● सच मीडिया

**बालोतरा।** प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के नियमों में संशोधन करते हुए अभिभावकों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के संवेदनशील निर्णय से अब बेटियों की शादी के बाद भी एक वर्ष के भीतर इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि योजना के तहत पहले यह आवेदन शादी के एक माह पूर्व या बाद में छह माह के भीतर करना अनिवार्य था, जिससे कई जरूरतमंद परिवार योजना की सहायता राशि से वंचित रह जाते थे। मुख्यमंत्री जी द्वारा योजना में किये संशोधन से योजना से वंचित परिवारों को लाभ मिल सकेगा। उन्होने बताया कि राज्य सरकार की इस योजना के अंतर्गत बीपीएल कार्ड, आस्था कार्ड, अन्त्योदय कार्डधारी परिवार, विधवा माता की पुत्रियां, विशेष योग्यजन माता पिता की पुत्रियां, उत्कृष्ठ महिला खिलाड़ी के स्वयं के विवाह पर एवं पालनहार योजना में लाभान्वित कन्या के विवाह पर आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत शैक्षणिक योग्यता के आधार पर 10वीं से कम पढ़ी बेटियों की शादी पर 21,000 रुपए, 10वीं पास बेटियों की शादी पर 31,000 रुपए, स्नातक पास बेटियों की शादी पर 41,000 रुपए कन्यादान सहायता राशि दिये जाने का प्रावधान है। योजना के तहत एसटी वर्ग की बेटियों को 10 हजार रूपए अतिरिक्त दिये जाने का भी प्रावधान किया गया है। उन्होने बताया कि बीपीएल कार्ड धारी, एससी, एसटी एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बेटियों के विवाह पर 10वीं से कम पढ़ी बेटी की शादी पर 31,000 रुपए, 10वीं पास बेटी की शादी पर 41,000 रुपए, स्नातक पास बेटी की शादी पर 51,000 रुपए देने के विशेष प्रावधान किये गये है। राजस्थान सरकार द्वारा चलाई जा रही मुख्यमंत्री कन्यादान योजना निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ बालिकाओं के उच्च अध्ययन का मार्ग प्रशस्त करती है।

## विराट बजरंग दल ने पश्चिम बंगाल को लेकर राष्ट्रपति से असफपा एक्ट लगने की मांग की

● सच मीडिया

**कोटा (नईम अली)।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर बढ़ते हुए अत्याचार एवं दिन प्रतिदिन पलायन को लेकर एडीएम सिटी को राष्टपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया और मांग की, की हिंदुओं की मान सम्मान संपत्ति की सुरक्षा क्या ध्यान रखा जाए बंगाल में आज हिंदू अपने ही देश में पाकिस्तान एवं बांग्लादेश जैसे शरणार्थियों की तरह जीने को मजबूर है। बंगाल में आज हिंदू अपने ही घर में दोयम दर्जे की जिंदगी जी रहा है भारत सरकार को चाहिए कि जल्दी ही कोई निर्णय लेकर असफपा एक्ट या राष्टपति शासन लगाया जाए और हिंदुओं को सुरक्षात्मक जीवन सुलभ कराया जाए। ज्ञापन देने वालों में विराट बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजकुमार महाजन गौ प्रकोष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज विजयवर्गीय प्रदेश महामंत्री ष्ट पूनम जैन मारवाड़ा राजस्थान स्काउट मॉडल अधिकारी एवं चाइल्ड लाइन कोडीनेटर यज्ञदत्त हाडा व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव संभागीय अध्यक्ष मनोज सोनी संभागीय प्रभारी रामप्रसाद बैरागी एवं उनकी सैकड़ो की टीम गंगापुर जिला अध्यक्ष गोविंद नारायण शर्मा कोटा जिला अध्यक्ष प्रदीप गौतम कोटा जिला युवा अध्यक्ष हर्षित सोनी महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष अंजना सिंह भदोरिया एडवोकेट मोना जांगिड़ किशन सुमन हरीश टांक, महावीर सुमन किशन सुमन, राजेंद्र ऋषि आदि सभी समलित हुए। जिन्होंने कलेक्ट्री पर प्रदर्शन करके एडीएम सिटी के द्वारा राष्टपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा।

## जिला प्रभारी सचिव बुनकर दो दिवसीय यात्रा के दौरान रहेंगे जिले के दौरे पर

### जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ पेयजल, विद्युत, बजट एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की करेंगे समीक्षा

**बालोतरा।** जिला प्रभारी सचिव ओ.पी. बुनकर दो दिवसीय यात्रा के दौरान 24 एवं 25 अप्रेल को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला प्रभारी सचिव श्री ओ.पी. बुनकर 23 अप्रेल रात्रि 8.55 पर जयपुर से प्रस्थान कर रेलमार्ग से 24 अप्रेल को प्रातः 4 बजे बालोतरा पहुंचेंगे। 24 अप्रेल को वे जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक में लेकर पेयजल, विद्युत, जनकल्याणकारी योजनाओं, बजट घोषणाओं 2024-25 एवं 2025-26 की समीक्षा करेंगे। 25 अप्रेल को जिला प्रभारी सचिव श्री ओ.पी. बुनकर फील्ड विजिट पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले के विभिन्न राजकीय कार्यालयों एवं विकास कार्यों का निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात वे रात्रि 11.18 बजे रेलमार्ग से जयपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

# विधायक डॉ. चौधरी एवं जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के अथक प्रयासों से चिकित्सा सुविधाओं का हो रहा विस्तार

### जिला चिकित्सा विभाग को मिली अत्याधुनिक उपकरण की सौगात

● सच मीडिया

**बालोतरा।** पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी एवं जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव के अथक प्रयासों से एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा सीएसआर फंड से एक करोड़ तीन लाख राशि के अतिआवश्यक मेडिकल उपकरण जिला चिकित्सा विभाग को उपलब्ध कराए गए। जिसमें सी-एआरएम मशीन, सोनोग्राफी मशीन, ईसीजी मशीन, स्पाइरोमेट्रि मशीन, बीपी इंस्ट्रूमेंट्स, पॉलीसोमनोग्राफी मशीन एवं सीबीसी मशीन उपलब्ध कराए गए। जिसके लिए पचपदरा विधायक डॉ. अरुण चौधरी, जिला कलक्टर श्री सुशील कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप कुमार देवात एवं उप नियंत्रक डॉ. कमलेश कुमार द्वारा एचआरआरएल कार्यकारी निर्देशक जी यू नरसिंहुलु, उप महाप्रबंधक - प्रशासन किशोर कुमार सुदाम नारायणे व मुख्य प्रबंधक, प्रशासन एवं सुरक्षा कर्नल जितेन्द्र सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर इस अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित किया गया एवं आभार व्यक्त किया गया। समारोह के दौरान विधायक डॉ. अरुण चौधरी ने बताया की चिकित्सालय में आने वाले मरीजों के लिए अधिक से अधिक आधुनिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे संकल्पबद्ध एवं प्रयासरत है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। प्रदेश वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।



# स्वच्छ पेयजल पहुँचाना मेरी प्रथम प्राथमिकता – मेवाड़

### पुर्व की सरकार मे पानी पर पैसा तो खुब खर्च हुआ पर पैसा गया कहा पता नहीं

सच मीडिया



**राजसमंद/ ब्यूरो चीफ उदयगोपाल बड़ारिया ।** आपका प्रतिनिध होने के नाते मेरा प्रथम संकल्प हर गांव गरीब हर घर को पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाना है पुर्व की सरकार मे पानी पर पैसा तो खुब खर्च हुआ पर पैसा गया कहा पता नहीं अब भी पानी की समस्या सें क्षैत्र झुज रहा है आने वाले समय मे मेरे सरकारी मद व हि जि लि की मदद से विकास के आयाम स्थापित करते हुए क्षैत्र का सम्पूर्ण विकास किया जाएगा इस हेतु मे सकल्पित हु आज हि जि लि द्वारा जो कार्य सी एस आर मद से कराए है उसका उनको मे सरकार की ओर धन्यवाद करता हूँ युक्त वाक्य नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने दरीबा के राजकिय सामुदायिक चिकित्सालय मे हिन्दुस्तान जिक के सी एस आर मद से कराये गये विभिन्न विकास कार्यों के उद्घाटन समारोह सभा के मुख्य अतिथि पद से सम्बोधित करते हुए कहे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हि जि लि के आई बी यु सी ई ओ बलवन्त सिंह राठौड़ ने कहा कि वेदांता ग्रुप आस पास क्षैत्र मे विकास हेतु शिक्षा ,चिकित्सा , निर्माण, वेस्ट मैनेजमेंट, तकिनकी कौशल बढ़ाने आदि के लिए हमेशा अग्रणी रहा आंगनवाड़ीयो को नन्दघर मे परिवर्तित कर क्षैत्र की नव पौध के विकास हेतु अहम योगदान दिया है। राजसमन्द जिला क्षेत्र की लगभग अधिकतर आंगनवाड़ीयो को नन्दघर मे बदला है ओर बदलने जा रहे है आने वाले समय मे विधायक साहब तथा हि जि लि के सी एस आर मद के कॉम्निकेशन से जनप्रतिनिधियो के सहयोग से ओर विकास कार्य निरन्तर किए जाएगे। इस अवसर पर विधायक ने हि जि लि के द्वारा निर्माण किए गये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दरीबा मे वार्ड निर्माण,रामदेव मन्दिर पर बैरवा समाज के सामुदायिक भवन, दरीबा चावण्ड माताजी मन्दिर के पास सामुदायिक भवन,दरीबा मे सी सी रोड, मेहन्दुरिया मे सी सी रोड, वाल्मिकी मोहल्ले मगरी पर सीसी रोड,सामुदायिक भवन सालवी समाज मेहन्दुरिया, दरीबा में सामुदायिक स्नानघार, स्टेडियम के पास नाला निर्माण मेहन्दुरिया, राजिकय चिकित्सालय दरीबा को मेडिकल से सम्बन्धित उपकण,सादडी, पिपली डोडियान, तुर्किया खेडा बनेडिया में स्वच्छ पानी हेतु आर ओ का निर्माण ,बामनिया कलॉ, गवारडी, सिन्देसर कला मे कचरा संग्रहण वाहन आदि का उद्घाटन करते हुए कचरा संग्रहण वाहनो को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया व सम्बधित पंचायत प्रशासको को उनकी चाबिया सौपी । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दरीबा खान मजदुर संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरहरिदेव सिंह राठौड़, पुर्व जिला प्रमुख नन्द लाल सिघवी, पुर्व मण्डल अध्यक्ष चतर सिंह राजावत, बोथमल जाट, जमना दास वैष्णव, गिरिराज सोनी,मण्डल अध्यक्ष अम्बालाल जाट, ओम प्रकाश वैष्णव, बद्रीलाल मेनारिया,गणेश प्रजापत, हरलाल बंन्जारा, मांगु बन्जारा रतन बन्जारा, राजु बन्जारा ,मन्जु भण्डारी,नवरत्न सेन, बालुराम जाट, डॉ राजेन्द्र चौधरी,डॉ प्रवीण गर्ग,डॉ रेखा सालवी, प्रकाश रेगर,व्यापार मण्डल दरीबा के सदसय, रेलमगरा थाना अधिकारी सोनाली शर्मा, दरीबा चौकी प्रभारी भैरुलाल आदि के साथ ही सैकड़ों की संख्या मे गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत धीमरी से कछपुरा गांव को हटाने के लिए ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन




सच मीडिया

**धौलपुर/ बाड़ी /जुबैर पठान।** ग्राम पंचायत धीमरी के ग्रामीणों ने कछपुरा को धीमरी से हटाने के लिए कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन दिया। ग्रामीणों का कहना हैं कि 2019 से पूर्व कछपुरा इब्राहीमपुर ग्राम पंचायत का हिस्सा था। पिछली कांग्रेस की सरकार में हुए परसीमन में गलत ढंग से कछपुरा को धीमरी ग्राम पंचायत में जोड़ दिया गया जो कि प्रशासनिक एवं व्यवहारिक दृष्टि से सही नहीं है। राजस्व ग्राम कछपुरा इब्राहीमपुर ग्राम पंचायत से 2 किमी जबकि धीमरी से इसकी दूरी 4 किमी है। इसलिए राजस्व ग्राम कछपुरा को धीमरी ग्राम पंचायत में से हटाकर पूर्व की भांति इब्राहीमपुर में जोड़ दिया जावे। ज्ञापन देने वालों में रामवीर सिंह, शैलू गुर्जर, श्यामपूजन, रघुराज गुर्जर, मानवेंद्र, भूपसिंह, मानसिंह, कुंवर सिंह, सोबरन सिंह, जितेंद्र सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे ।

# सैन जयंती की पूर्व संध्या पर 31 यूनिट रक्तदान

सच मीडिया



**राजसमंद। ब्यूरो चीफ उदयगोपाल बड़ारिया ।** सैन महाराज की 725 वी जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को राजकीय आर के जिला अस्पताल में सैन युवा समाज की ओर से स्वेछिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 31 यूनिट रक्तदान किया।इस अवसर पर युवाओं ने रक्तदान किया व अनेक युवाओं ने रक्तदान का संकल्प पत्र भरा।रक्तदान के अवसर पर एड़वोकेट महेश सेन, नाना लाल, प्रमोद, पिन्टू, राकेश,धर्मेश, संजू, हर्ष, हनी,अमित, विजेन्द्र,तुलसीराम, खुमान, किशन,विपिन,गणेश, ईश्वर,भरत, दिनेश, जितेंद्र, गर्वित, भेरू लाल, नारू, विजय, ललित, देवी लाल,राहुल, कमलेश,विक्रम,वैभवसहित कई युवा ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

# गर्मी में निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

### कलक्टर ने देवगढ़ में अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली

सच मीडिया



**राजसमंद। ब्यूरो चीफ उदयगोपाल बड़ारिया ।** कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मंगलवार शाम को देवगढ़ में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों तथा विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। कलक्टर असावा ने विशेष रूप से आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था पर फोकस किया। उन्होंने प्रत्येक गांव और कॉलोनी में पानी की नियमित एवं सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी क्षेत्र में पेयजल की समस्या नहीं होनी चाहिए और इसके लिए आवश्यक पूर्व तैयारियां समय रहते पूरी कर ली जाएं। उन्होंने पेयजल संकट की स्थिति में त्वरित समाधान हेतु टैंकरों की व्यवस्था, खराब हैंडपंपों की मरम्मत तथा वैकल्पिक जल स्रोतों को लेकर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा, पेंशन, सामाजिक सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य योजनाओं की प्रगति पर भी चर्चा की गई। इसी तरह निर्बाध विद्युत सप्लाई, सड़कों की स्थिति आदि को लेकर भी समीक्षा की। असावा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फील्ड में नियमित विजिट करें और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में कोई कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की प्राथमिकता देने को भी कहा। कलक्टर ने बैठक के दौरान स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि किसी भी गांव या ढाणी में आमजन को पेयजल की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे क्षेत्रवार जलापूर्ति की स्थिति की मॉनिटरिंग करें और समय रहते आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाए, ताकि दूरस्थ व संवेदनशील इलाकों में भी नियमित रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित हो सके।

# पंचायत समिति की मांग को लेकर धरना स्थल पर महिलाओं ने भजन = कीर्तन किया



### महिला कार्यकर्ताओं ने कुंवारिया तहसीलदार को दिया मुख्यमंत्री के नाम का सोपा

सच मीडिया

**राजसमंद/ब्यूरो चीफ उदयगोपाल बड़ारिया ।** कुंवारिया तहसील मुख्यालय पर पंचायत समिति की मांग को लेकर कुंवारिया सहित आसपास के विभिन्न गांवों के ग्रामीणों के द्वारा विगत एक पखवाड़े से भी अधिक समय से जारी धरना प्रदर्शन में मंगलवार को क्षेत्र की महिलाओं ने भी अपनी भागीदारी निभाते हुए पंचायत समिति की मांग को पुरजोर तरीके से उठाते हुए धरना स्थल पर भजन-किर्तन किए तथा कुंवारिया तहसीलदार सीताराम बोलीवाल को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन दिया गया। क्षेत्र की महिला कार्यकर्ताओं के द्वारा मंगलवार को धरना स्थल पर पहुंचकर पंचायत समिति की मांग में रूकावट डालने वाले लोगो को सद्बुद्धि देने की कामना को लेकर विभिन्न भजन गाए गए। महिलाओं ने मत कर काया रो अभिमान रे बंधे, काया चार दिन की है... समय बडो बलवान रे बंधे समय बडो बलवान.... आदि भजनो को ढोंलकी, मजिरे व खरताल के साथ में मधुर प्रस्तुतिया दी जिससे उपस्थित महिलाए भाव विभोर हो गई।

# धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा से छात्रों ने मुलाकात की और विश्व पृथ्वी दिवस की सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की





सच मीडिया

**धौलपुर /ब्यूरो चीफ युसूफ खान ।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर संस्कार एकेडमी स्कूल के विधार्थियो ने धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा से मुलाकात की और पृथ्वी की सुरक्षा के महत्व पर चर्चा की इस अवसर पर बच्चों ने पुलिस अधीक्षक से संवाद किया और पृथ्वी की सुरक्षा के लिए अपने वादे किए इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने विधार्थियो को कैरियर के प्रति जागरूक भी किया7

### बच्चों के वादे

1. वृक्षारोपणः बच्चों ने वादा किया कि वे हर साल वृक्षारोपण करेंगे और उनकी देखभाल करेंगे
2. जल संचयनः बच्चों ने जल संचयन के महत्व को समझा और वादा किया कि वे जल की बचत करेंगे
3. पुनर्चक्रणः बच्चों ने पुनर्चक्रण के महत्व को समझा और वादा किया कि वे कचरे को अलग-अलग करेंगे और पुनर्चक्रण करेंगे।
4. ऊर्जा की बचतः बच्चों ने वादा किया कि वे ऊर्जा की बचत करेंगे और पृथ्वी को सुरक्षित रखने में अपना योगदान देंगे

### पुलिस अधीक्षक का संदेश

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बच्चों को संवाद करते हुए कहा आप सभी बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं और हम सभी की जिम्मेदारी है कि पृथ्वी की सुरक्षा के लिए काम करें हमारी छोटी-छोटी कोशिशें पृथ्वी को सुरक्षित रखने में बड़ा योगदान देती हैं। इस अवसर पर बच्चों ने पुलिस अधीक्षक के साथ मिलकर पृथ्वी की सुरक्षा के लिए अपने वादे किए और पर्यावरण बचाने की मुहिम में आगे बढ़ने का संकल्प लिया इस दौरान विधालय का स्टाफ उपस्थित रहा

# धौलपुर में पहुंची अखंड ज्योति कलश यात्रा बालिका विद्यालय धौलपुर में हुआ आयोजन

सच मीडिया



**धौलपुर/ ब्यूरो चीफ युसूफ खान** ।धौलपुर जिला मुख्यालय पर मंगलवार को अखंड ज्योति कलश यात्रा पहुंची । अखंड ज्योति कलश यात्रा का लोगों के द्वारा भव्य स्वागत किया गया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में शांतिकुंज हरिद्वार से गायत्री परिवार का संदेश लेकर रथ कलश यात्रा पहुंची। रथ कलश यात्रा का विद्यार्थियों सहित स्कूल स्टाफ ने फूलमाला से आरती करते हुए एवं गायत्री मंत्र का उच्चारण के साथ भव्य स्वागत किया। गायत्री परिजन प्रतिभा गुप्ता एवं श्याम सुंदर शर्मा तथा कैलाश तोमर ने विद्यार्थियों को अखंड ज्योति कलश यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए गायत्री मंत्र की महिमा,स्वाध्याय, आत्मानुशासन एवं विद्यार्थी के कर्तव्य बोध पर व्याख्यान दिए। गायत्री परिजन प्रतिभा गुप्ता ने छात्राओं को आलस्य का त्याग कर शांत चित होकर अनुशासन के साथ विद्या अध्ययन की तरकीब बताई। उन्होंने बताया कि यह यात्रा अखंड ज्योति के कलश को लेकर भ्रमण कर रही है और इस यात्रा के द्वारा गायत्री परिवार के महत्व को लेकर जानकारी दी जा रही है। वहीं गांव गांव यात्रा के बीच अखंड ज्योति के हवन कुंड में आहुति देकर वातावरण को भी शुद्ध किया जा रहा है। गायत्री परिवार का लक्ष्य है कि लोगों को आध्यात्मिक रूप से विकसित किया जाए। उनके मुताबिक संपूर्ण विश्व एक परिवार है सभी के बीच मानव एकता, समाज सुधार तथा आध्यात्मिक भावना जागृत हो। ताकि अधिक से अधिक मानव जीव का कल्याण हो सके। गायत्री परिवार से जुड़े यात्रा के संयोजक प्रतिभा गुप्ता ,श्याम सुंदर शर्मा एवं व्याख्याता भगवान सिंह मीना के नेतृत्व में पहुंची। इस यात्रा का जिला मुख्यालय एवं धौलपुर बालिका स्कूल सहित अन्य जगहों पर बैंडबाजों के साथ महिला पुरुषों ने जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गायत्री परिजन बिंदु रानी,भगवान सिंह मीना,मंजू जादौन, रेखा शर्मा,खुशबू कुमावत, अनुपम पाराशर,गीता शर्मा, शैलेंद्र दीक्षित,वीर सिंह टांक, मनोज कुमार झा सहित छात्राएं मौजूद रहीं।

# दो दिन में रेलवे ने विभिन्न ट्रेनों में खाद्य सामग्री बेचते 5 अवैध वेंडर्स पकड़े

### औचक अभियान के दौरान 36 व्यक्ति बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए

सच मीडिया



**कोटा।** डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त ए. नवीन कुमार के नेतृत्व में ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वालों एवं ट्रेनों में अवैध वेंडर्स के विरूद्ध औचक चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यात्रियों द्वारा अवैध वेंडरों की लगातार मिल रही शिकायतों पर कारवाई के क्रम में 20 अप्रैल को गाड़ी संख्या 19038 अवध एक्सप्रेस में कोटा-नागदा खण्ड पर रामगंजमंडी एवं शामगढ़ स्टेशन पर 01-01 तथा नागदा से कोटा के मध्य गाड़ी संख्या 20155 डॉ अम्बेडकर नगर-नई दिल्ली एक्सप्रेस में 01 व्यक्ति को अवैध रूप से पानी की बोतल बेचते पकड़ा तथा ट्रेन में बिना टिकट के स्लीपर कोच में यात्रा करने वालों 6 यात्रियों के विरुद्ध कारवाई करते हुए कुल 25,175 रूपए का जुर्माना वसूला गया। कारवाई के दूसरे दिन 21 अप्रैल को गाड़ी संख्या 12465 इंदौर-भगत की कोठी रणथम्भौर एक्सप्रेस एवं गाड़ी संख्या 22544 लालकुआं-बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस में कोटा-सवाई माधोपुर खण्ड के कोटा एवं लाखेरी स्टेशन पर 01-01 व्यक्ति को अवैध रूप से खाद्य एवं पेय सामग्री बेचते पकड़ा साथ ही ट्रेन में स्लीपर कोच में बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए 30 व्यक्तियों से कुल 27,330 रूपए जुर्माना वसूला गया। इन दो दिनों की औचक कारवाई में कुल 5 अवैध वेंडर्स व 36 व्यक्ति बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए जिनसे कुल 52,505 रूपए का जुर्माना वसूला गया। इस औचक चेकिंग अभियान में चेकिंग स्टाफ एवं रेल सुरक्षा बल के जवानों ने मुख्य भूमिका निभाई। यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्री गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों एवं अवैध वेंडरों पर अंकुश लगाया जा सके। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन में किसी प्रकार की यात्री सुविधाओं की समस्या होने पर रेल मदद 139 पर संपर्क कर सकते है।

# सचिव रेखा यादव ने किया जिला कारागृह का निरीक्षण दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

सच मीडिया




**धौलपुर ।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पत्रांक 348-383 दिनांक 08.04.2025 के आदेश की पालना में एवं माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसरण में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर के निर्देशन में आज दिनांक 22.04.2025 को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर रेखा यादव द्वारा जिला कारागृह धौलपुर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपरोक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार जेल में बंदियों से वार्ता कर ऐसे बंदी जिनकी दोषसिद्धि को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यथावत रखा गया है और बंदी के द्वारा उसके विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय के सक्षम कोई अपील याचिका पेश नहीं की गई है। ऐसे बंदी जिनकी दोषसिद्धि को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा यथावत रखा गया है। ऐसे बंदी जिनकी दोषमुक्ति के फैसले को उलट दिया गया है तथा उन्हें माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दोषी ठहराया गया है। ऐसे बंदी जिनके द्वारा सजा का आधा एवं उससे अधिक समय जेल में भुगत लिया है और उनकी जमानत याचिका उच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दी गई है तथा बंदी के द्वारा उसके विरुद्ध उच्चतम न्यायालय के समक्ष कोई याचिका प्रस्तुत नहीं की गई है। ऐसे बंदी जिनका रिमिशन/समय पूर्व रिहाई का आवेदन स्टेट सेंटेंस रिव्यू बोर्ड के द्वारा खारिज कर दिया गया है और उसके संबंध में रिट याचिका का भी माननीय उच्च न्यायालय द्वारा खारिज की जा चुकी है तथा बंदी ने उसके विरुद्ध माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष कोई याचिका पेश नहीं की है आदि के बारे में बंदियों से जानकारी प्राप्त की। जिला कारागृह में सेचिव रेखा यादव द्वारा निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम जेल में सभी बंदियां से संवाद किया एवं उनसे उनके प्रकरणों के बारे में जानकारी ली तथा कारागृह के वातावरण के बारे में पूछा गया एवं बंदियों को कारागृह मे मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं जैसे भोजन आवास नाश्ता स्वच्छ पेयजल चिकित्सीय सुविधाओं व रसोईघर बैरक इत्यादि का जायजा लिया तथा ओपन जेल में बंद बंदियों से उनसे संबंधित प्रकरणों एवं उनके रोजगार के बारे में भी जानकारी प्राप्त की इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव के अलावा चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल अमित कम्ठान डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस कॉउन्सिल पप्पू सिंह गुर्जर असिस्टेंट एलएडीसी दीपक सिंह सिकरवार आराधना शर्मा मीता अग्रवाल जेल क्लीनिक पर कार्यरत पीएलवी इन्द्रेश शर्मा प्राधिकरण के आशुलिपिक राहुल डण्डोतिया वरिष्ठ सहायक जगदीश सिंह जादौन एवं जेल अधीक्षक सुमन मीणा सहित कारागृह का स्टॉफ एवं बंदीजन मौजूद रहे।

# आगामी द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया

सच मीडिया



**धौलपुर /ब्यूरो चीफ युसूफ खान।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार 10 मई 2025 द्वितीय शनिवार को 'राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु आज दिनांक 22.04.2025 को अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धौलपुर जिला एवं सेशन न्यायाधीश धौलपुर द्वारा धौलपुर मुख्यालय के समस्त न्यायिक अधिकारीगणों के साथ एवं ऑनलाईन वेबेक्स के माध्यम से बाडी बसेडी राजाखेडा एवं सैपऊ पर पदस्थापित न्यायिक अधिकारीगणों के साथ मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग में आगामी 10 मई, 2025 को लगने वाली लोक अदालत को सफल बनाने के लिए विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई जिला एवं सेशन न्यायाधीश द्वारा मीटिंग में उपस्थित सभी न्यायिक अधिकारीगणों से राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर जानकारी प्राप्त की तथा सभी न्यायिक अधिकारीगणों को राजीनामा योग्य लंबित अधिक से अधिक प्रकरणों का निस्तारण लोक अदालत के माध्यम से किये जाने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित किया मीटिंग के दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव द्वारा भी न्यायिक अधिकारीगणों से राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिये मीटिंग में पारिवारिक न्यायाधीश सुशील कुमार पाराशर, एमएसीटी न्यायाधीश प्रीति नायक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन मीणा न्यायिक मजिस्ट्रेट करुणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट सैपऊ रेणु कुमारी गोयल अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बाडी नीरज कुमार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या 2 बाडी चित्राक्षी सिंह न्यायिक मजिस्टेउ्ट बाडी आयुष गुप्ता न्यायिक मजिस्टेउ्ट बसेडी प्रशांशा अग्रवाल न्यायिक मजिस्टेउ्ट राजाखेड़ा आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी, संपादक सुमेरसिंह चुण्डावत के लिए भण्डारी प्रिन्ट सिटी, 23-A, इंडस्ट्रियल एरिया, न्यू पावर हाउस के पीछे, नियर लघु भारती उद्योग, जोधपुर-342003 ( राज. ) से मुद्रित तथा मकान नम्बर -10, दूसरा स्ट्रीट, गुलाब नगर-सी, बी.जे.एस. कॉलोनी, जोधपुर-342006 ( राज. ) से प्रकाशित। संपादक-सुमेरसिंह चुण्डावत, मो. 7737275324 ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जोधपुर होगा। * पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। )

# कृष्ण केशव कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने मनाया विश्व पृथ्वी दिवस



● सच मीडिया

**पीसांगन।** मांगलियावास रोड स्थित कृष्णा केशव कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बच्चों ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि बच्चों को पृथ्वी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया जिसमें पेड़ लगाओ, पानी बचाओ, जीवन बचाओ, धरती बचाओ आदि की शपथ दिलवाई गई। बच्चों ने अपनी कल्पनाएं ड्राइंग पेपर पर उकेर कर पृथ्वी बचाओ का संदेश दिया। बच्चों ने पर्यावरण संबंधी विभिन्न प्रश्नों का भी उत्साह पूर्वक उत्तर देकर परितोषित प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय डायरेक्टर कृष्णा कंवर चौहान ने बताया कि बच्चों को बचपन से ही पेड़ लगाने तथा पर्यावरण को शुद्ध रखने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए जिससे कि हमारी धरती माता हरी भरी रहे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने अपने-अपने उद्बोधन दिए तथा बच्चों को पेड़ लगाने तथा हरियाली को विस्तृत करने हेतु प्रेरित किया।

# पुनर्गठन नवसृजीत ग्राम पंचायत होलानी के विरोध में ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर और उपखंड अधिकारी को सौपा ज्ञापन



● सच मीडिया

**गिड़ा/बालोतरा (भँवरलाल बरवड़)।** क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत चीबी से प्रस्तावित ग्राम पंचायत होलानी के विरोध को लेकर सैकड़ों जिला कलेक्टर सुशील कुमार यादव व बायतु उपखण्ड से मिलकर आपत्ति दर्ज कराई है कि हम लोग मूल ग्राम पंचायत चीबी में रहना चाहते हैं नवसृजीत ग्राम पंचायत में आवागमन हेतु किसी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं है नहीं कोई सरकारी रास्ता है सरकारी भूमि भी उपलब्ध नहीं है सभी लोगों की एक ही मांग है कि मूल ग्राम पंचायत 60 वर्ष पुराना है एवं हमारे आधे भाईयो का घर एवं जमीन राजस्व गांव श्री रामनगर में है जो की ग्राम पंचायत चीबी में है हम सभी राजस्व ग्राम महादेव नगर वासियों को ग्राम पंचायत चीबी में यथावत रखें सैकड़ों लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट बालोतरा व बायतु उपखण्ड अधिकारी ज्ञापन सौंप कर आपत्ति दर्ज करवाई।



# ज्ञापन सौंप पंचायत में यथावत रखने की मांग की



● सच मीडिया

**गिड़ा/बालोतरा(भँवरलाल बरवड़)।** पंचायत समिति गिड़ा के ग्राम पंचायत उतरणी के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर को ज्ञापन सौप कर राजस्व ग्राम लखोणी गोदारों की ढाणी लक्ष्मी नगर को पुरानी ग्राम पंचायत उत्तरणी में यथावत रखने की मांग की। पूर्व उपप्रधान करना राम चौधरी, व ग्रामीणों ने सौपे ज्ञापन में बताया कि बगैर किसी मांग, सहमति के ग्राम लखोणी गोदारों की ढाणी लक्ष्मी नगर को पुरानी ग्राम पंचायत उत्तरणी से निकाल कर चैनपुरा में शामिल किया गया है। इससे उन्हें कई तरह की परेशानियाँ उठानी पड़ेगी। इस पर गांव को पुरानी पंचायत उत्तरणी में यथावत रखें। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि गजेंद्र गोदारा, बीजेपी बूथ अध्यक्ष छगन सुथार, वार्ड पंच बाबूसिंह,वार्ड पंच हुकमा राम, जगमालराम, जियाराम, लूणा राम, पन्नाराम, मांगीलाल, जुगता राम, करनाराम जाखड़, जेठा राम, मोहनराम व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# नसीराबाद विधानसभा प्रत्याशी शिव प्रकाश गुर्जर ने अग्निकांड के पीड़ित परिवार को हर संभव मदद का दिया आश्वासन

● सच मीडिया



**पीसांगन।** नसीराबाद विधानसभा के प्रत्याशी एवं जीसीए के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शिवप्रकाश गुर्जर विधानसभा क्षेत्र नसीराबाद के पीसांगन ब्लॉक का सघन दौरा कर पीसांगन में पिछले दिनों हुए अग्निकांड में पीड़ित परिवार जीवनराम कुमावत के हाल निवास पीसांगन पहुंचे और आग से हुए नुकसान का जायजा लिया। पीसांगन अग्निकांड में ग्रह मालिक जीवनराम कुमावत का झोपड़ीनुमा मकान जलकर राख हो गया और उसमें लगी अचानक आग से पास ही बने पशुओं के बाड़े चारा सहित लगभग 4-5 भैंसे 3-4 गाय बछड़े जलकर मौके पर ही मर दम तोड़ दिया साथ ही झोपडी में रखे सोने चांदी के जेवरात मोटरसाइकिल,अनाज की बोरिया, चने की बोरिया बर्तन कपड़े बिस्तर जरूरी कागजात इत्यादि जीवन की सारी कमाई जलकर नष्ट हो गई तन पर कपड़ों के अलावा उस परिवार के पास कुछ नहीं बचा। प्रत्याशी गुर्जर ने पीड़ित परिवार को हर संभव आर्थिक मदद ओर संबंधित अधिकारियों से मिलकर शीघ्र सरकारी मुआवजा राशि दिलाने के लिए आश्वस्त किया। तत्पश्चात पीसांगन के पूर्व सरपंच स्व. रामचंद्र कुमावत के आकस्मिक देहांत पर शोक संतप्त परिवारजनों से मिलकर शोक व्यक्त किया एवं परिजनों को सांत्वना दी। तत्पश्चात पीसांगन में इकबाल मंसूरी के सुपुत्र के शादी समारोह में शिरकत कर वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान ब्लॉक उपाध्यक्ष राजेश्वर व्यास पंचायत समिति सदस्य प्रदीप कुमावत, सगीर अहमद, सिकंदर मंसूरी, सलीम मंसूरी, एनएसयूआई के प्रदेश महासचिव सुनील भरोला आदि कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

# बाबा रामदेव मंदिर में सिंगल फेस पानी की मोटर की भेंट

● सच मीडिया

**पीसांगन।** ब्यावर रोड स्थित बाबा रामदेव मंदिर पर गोविंदगढ़ निवासी प्रदीप सिंह पुत्र ठाकर साहब राजेंद्र सिंह राठौड़ ने मंदिर के प्रांगण में सिंगल फेस के पानी की मोटर भेट की जिससे गौ माताओं और भक्त जनों को शुद्ध पानी पीने को मिलेगा। इस मौके पर मंदिर के मुख्य उपासक श्यामलाल बोहरा ने साफा और माला पहनाकर स्वागत किया और आभार प्रकट किया।



# बायतु के नरसाली नाडी में सुअरों का आतंक

● सच मीडिया

**बायतु।** बायतु के नरसाली नाडी में दिनों दिन बढ़ता सुअरों का आतंक से ग्रामीण परेशान हैं प्रकाश लीलर ने बताया कि गत रात नरसाली नाडी में रामाराम मेघवाल के बकरी को सुअर मारकर खा गए राजस्थान सरकार से अनुरोध है कि समय रहते इन जंगली सुअरों को यदि पकड़ नहीं लिया गया तो आने वाले समय में जंगली सूअर से मवेशी व लोगों को जान से खतरा है। सुअरों का गांवों में बहुत आतंक है अब तो दिन में भी घरों के बीच घूम रहे हैं कोई डर नहीं है सरकार को कदम उठाने चाहिए।



# खेतदान चारण ने रचा इतिहास, भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में 689 वीं रैंक से चयन

● सच मीडिया

**बालोतरा।** भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में बालोतरा जिले एक छोटे से गांव आकड़ली के खेतदान चारण ने 689 वीं रैंक प्राप्त की, गांव तथा जिले में खुशी की लहर, बधाई देने वालों का लगा तांता। बालोतरा जिले के आकड़ली बक्सीराम के खेतदान चारण ने अपने दूसरे ही प्रयास में भारतीय सिविल सेवा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 689 वीं रैंक प्राप्त की, इससे पूरे गांव के लोगों में हर्ष का माहौल है। खेतदान के पिता कैलाशदान चारण एक किसान के रूप में साधारण रहने वाले के परिवार में ऐसे परिणाम खुशियों में सोलह चांद लगा दिए। पचपदरा विधायक अरुण चौधरी तथा सरपंच रहीशदान चारण सहित सामाजिक बंधुओं तथा रिश्तेदारों द्वारा बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है, पचपदरा विधायक अरुण चौधरी ने इस अनुपम सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए बधाई दी। पूर्व सरपंच उमरदान चारण, पुरस्कृत शिक्षक फॉर्म के जिलाध्यक्ष सालगराम परिहार, प्रभुदान, माधुदान, भीखदान बागुंडी सहित गणमान्य लोगों ने भी इस गौरव के क्षण पर खुशी प्रकट करते हुए बधाइयां दी।



# "प्यासे कस्बे को पानी पिलाने आये मुख्यमंत्री भजन लाल"

● सच मीडिया



**पिलानी (केपी रुथला)।** शेखावाटी की पावन धरा पर तीन दिवसीय दौरे पर राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल जी ने जनता को बड़ा आश्वासन देते हुए पीने के पानी की समस्या का निवारण का गुरु मंत्र दिया अब देखना है कि शेखावाटी की यह भोली भाली जनता को पानी कब तक मिल पाएगा या फिर मीठी रेवड़ियों के लिए इंतजार ही करते रह जाएंगे। गत दो वर्षों से पानी को लेकर जनता में त्राहि त्राहि मची हुई है। कीमती दरों पर पानी खरीदना पड़ रहा है। जलदाय विभाग का बिल तो बराबर आ रहा है पानी आए या ना आए ।पूर्व मै वहीं भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दास मोदीजी ने बड़ी रैली में झुंझुनू मंच से घोषणा की थी पानी भेज रहे हैं उनके बाद मंत्री महोदय गजेंद्र सिंह जी शेखावत ने पिलानी के लिए पानी की घोषणा का आश्वासन दिया अब राजस्थान के मुख्यमंत्री ने नर्मदा नहर से पानी दिलाने की बडी घोषणा की समय निर्धारित न होने से जनता अभी भी असमंजस्य की स्थिति में खड़ी हुई है। इस पुनीत अवसर पर उद्योग जगत के व्यापारी एवं महेंद्र जोशी चिड़ावा से राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री को शेखावाटी की पावन धरा पर नहर का पानी लाने के लिए ज्ञापन दिया विशेष संपर्क होने के नाते आपने उनसे जनता की समस्या को अवगत करवाया इस अवसर पर कजरिया टाइल्स के उद्योगपति संदीप जोशी, सतीश, रवि शर्मा, आशिष, शुभम जोशी एवं व्यापार जगत के लोगों ने फूल माला गुच्छ भेंट कर अभिनंदन स्वागत किया। आज वर्तमान में जनता को कीमती रेट पर पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है जनहित में प्याऊ जो प्यास बुझाने के लिए शीतल जल मुहैया करवाती थी उनके आज ताले लग चुके हैं प्रशासनिक अधिकारी कोई भी समय सीमा निर्धारित करके डेट ,दिनांक तिथि तारीख बताने में असमर्थ है कि पानी साल दो साल तक आ पाएगा या नहीं। बड़ी-बड़ी संस्थाओं के कीमती दर पर पानी खरीदने में कोई आपत्ति नहीं है परंतु भोली भाली जनता जो नौकरी के लिए दर-दर की ठोकरे खाती है वह पानी के लिए आज भी बाट ज्योतती नजर आ रही है। पशु पक्षी पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी आता है तो शेखावाटी धरा पर व्यापार जगत भूमि का निखार होना, रेल का आवागमन बढ़ना, शिक्षा नगरी पिलानी में लोगों की चाहत हो ती है कि भवन निर्माण कोठिया बनाने की अभिलाषा पिलानी फिर भी शिक्षा के लिहाज से सुंदर एवं शांत क्षेत्र माना जाता है शीघ्र पानी की व्यवस्था हो जाने से खेत, खलियान ,भूमि ,फार्म हाउस ,प्लांट विक्रेताओं के लिए बड़ी खुशी का अवसर होगा जनता को कम कीमत पर अच्छी सुविधाये प्राप्त करवाना ।आप सब का दायित्व धैर्य बनता है सरकार का कर्तव्य बनता है कि सड़क निर्माण नालों को छोड़कर केवल पानी पर ध्यान करें। जनता को पानी की समस्या से निजात दिलवाएं ।आज गलियों में सड़कों का निर्माण हो रहा है उसको तुरंत प्रभाव से बंद कर रोका जाना चाहिए जब तक पीने के पानी की व्यवस्था न हो नई लाइन ना गिरे सिवरैज का समस्या का समाधान ना हो तब तक यह सड़क बनाना केवल मात्रा सरकारी पैसे का दुरुपयोग माना जाता है। पिलानी प्रेस परिषद के वरिष्ठ पत्रकार कै पी रूथला ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर वस्तु स्थिति से अवगत करवाया एवं शीघ्र समस्या के समाधान की अपेक्षा की।

## सार समाचार

# "बिट्स पिलानी शिक्षण संस्थान में बढ़ती अनियमिताओं का बोलबाला"

● सच मीडिया

**पिलानी (केपी रुथला)।** कस्बे का बिट्स पिलानी शिक्षण संस्थान भारत ही नहीं अपितु विश्व विख्यात विश्वविद्यालय संस्थान इन दोनों बढ़ती अनियमिताएं संस्थान में देखने को मिल रही है गत दिनों से सिविल विभाग कई बड़े घोटाले उभर कर सामने आए है।महंगी दरो पर सिविल संबंधित समान का खरीदना अधिक रेट पर बिल पास होना खुल्लम-खुल्ला भ्रष्टाचार को पनाह देता है। पिलानी में पानी की बढ़ती समस्या को देखते हुए बिट्स परिसर में पानी के ऊपर भी पिछले दिनों बड़े घपले होने की विशेष सूत्रों से जानकारी मिली है अधिक संख्या के बिल पास होना दोनों विभाग पानी सप्लाई को लेकर सिविल विभाग के कार्य प्रणाली को लेकर जांच कमेटी का गठन किया गया जांच कमेटी ने अपनी रिपोर्ट समिट की परंतु दुर्भाग्य की बात यह सहै कि आज तक अनियमित करने वाले व्यक्ति के ऊपर कोई बड़ी कार्रवाई न होने पर भ्रष्टाचार फैलाने वालों को बढ़ावा मिल रहा है। पिलानी प्रेस परिषद के लोगों ने बिट्स संस्थान के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला एवम श्रीयुक्त राजश्री बिरला को पत्र लिखकर वस्तु स्थिति से अवगत करवाया है बढ़ती अनियम्मिताओं पर अंकुश लगे। संस्थान की लोकप्रियता बराबर बनी रहे।

# "विद्या विहार नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी होंगे अनिल चौधरी"

● सच मीडिया



**पिलानी केपी रुथला।** राजस्थान की श्रेष्ठ नगर पालिकाओं में अपना एक विशेष स्थान रखने वाली पालिका के अधिशाषी अधिकारी के पद पर अनिल चौधरी ने आज कार्यभार संभाला प्रेस वार्ता में अधिशासी अधिकारी अनिल चौधरी ने बताया कि कस्बे को सुंदर एवं आकर्षक बनाने हेतु सफाई, लाइट, रोशनी, यातायात व्यवस्था ,मुख्य बस स्टैंड पर बढ़ती अनियमिताओं पर अंकुश लगाते हुए कार्य पर पहनी निगाहें होगी एवं व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पिलानी वर्तमान में चेयरपर्सन श्रीमती कमलेश रिणवा के नेतृत्व में कार्य कर रही है विशेष सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि इन दोनों विद्या विहार नगर पालिका मंदिर देवस्थान की भूमि पर सड़कों का निर्माण कार्य कर रही है जो की बड़ी अन्य नेताओं को बढ़ावा मिल रहा है अब देखना है कि नए अच्छा से अधिकारी महोदय ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगा पाते हैं या नहीं?

# बांसुरी की तरह शांत से जीवन व्यतीत करें : मणिप्रभ सूरीश्वर जी

● सच मीडिया

**गुड़ामालानी (भगवाना राम सोनगरा)।** गुड़ामालानी उपखंड मुख्यालय पर परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर जी महाराज साहेब एव प. पू. गणिवरय मयंक प्रभसागर जी म.सा., प.पू. बहिन म. गुरुवार्य श्री डॉ. विद्युत प्रभा श्री जी म.सा., प.पू. सिद्धान्तना श्री जी म.सा. आदि ठाणा गुड़ामालानी पधारने पर जैन समाज बन्धुओं ने भव्य स्वागत किया। परम पूज्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिन मणिप्रभ सूरीश्वर जी महाराज साहेब ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इंसान को अपने जीवन मे बांसुरी कि तरह रहना चाहिए। बांसुरी बांस की होती है उसमें गांठ नहीं होती तभी बजती है। ऐसे ही जीवन में बिना गांठ रखें जीवन जीने कि बात कही। कार्यक्रम में जैन समाज बन्धुओं सहित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस दौरान पुरुषोत्तम जैन व्यापार मंडल अध्यक्ष, किशोर बोकड़िया, गिरधारीलाल, बाबूलाल डोसी, लालचंद छाजेड़, गौतम चंद सेठिया धोरीमना,भैरचद बोकड़िया, संजय बोकाडिया, रमेश सिंघवी, केसरी मल सेठिया, मदनलाल मालू, महेंद्र बोकड़िया, बाबूलाल बोथरा, पारसमल मालू, शंकरलाल संखलेशा, सतीश सेठिया, भरत जैन, केवल चंद संकलेशा, सुरेश पारख, अभय सिंघवी, उपस्थित रहे।

# स्व चुन्नीदेवी की पुण्यस्मृति में रक्तदान शिविर 26 को



**धोरीमन्ना।** रक्तकोष फाउंडेशन तत्वावधान में 26 अप्रेल को स्व चुन्नीदेवी की चौथी पुण्य तिथि पर उनकी पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर एवं रक्तदाता सम्मान समारोह का आयोजन होगा रक्तकोष फाउंडेशन के जिला सचिव एवं शिविर प्रभारी जगदीश प्रसाद विश्नोई ने बताया कि रक्तकोष फाउंडेशन के जोधपुर संभाग अध्यक्ष श्रीराम ढाका की माताजी बताया कि स्व चुन्नी देवी की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी पुण्य स्मृति में 26 अप्रैल को कृष्णा हॉस्पिटल में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें स्व चुन्नी देवी के परिवार के 15 लोग एक साथ रक्तदान कर रिकॉर्ड कायम करेंगे।

# "ऑपरेशन खुलासा" के तहत नकबजनी की बड़ी गैंग का पर्दाफाश

● सच मीडिया

**बालोतरा।** पुलिस टीम द्वारा नकबजनी की बड़ी गैंग के 5 शातिर नकबजन अशोक कुमार, सुरेन्द्र कुमार, अशोक, घनश्याम व हीराराम उर्फ धीरज, को गिरफ्तार कर कस्बा बालोतरा में गत एक माह में सिलसिलेवार हुई 8 नकबजनी की वारदातों का पर्दाफाश करने में सफलता प्राप्त की है, इन सभी आरोपियों में एक समानता यह भी देखी गई कि ये तकनीकी रूप से अत्यंत सतर्क और चालाक थे, ये मोबाइल फोन का उपयोग सिम बदल-बदल कर करते थे, पुलिस से बचने के उपाय जानते थे, तथा सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से गुप्त संवाद करते थे, ये आपस में चोरी की योजना बनाते समय कोडवर्ड्स का इस्तेमाल करते और वारदात के बाद अलग-अलग स्थानों पर जाकर छुप जाते थे, जिससे पुलिस को गुमराह कर सकें। परंतु, बालोतरा पुलिस की सक्रियता, रणनीतिक कार्यवाही, तकनीकी संसाधनों का कुशल प्रयोग और समर्पित टीम वर्क के चलते इनका जाल चंद दिनों में ही उजागर हो गया और ये सभी कानून के शिकंजे में आ गए।



# जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी राजस्थान



सच मीडिया

**चित्तौड़गढ़।** जाट कर्मचारी वेलफेयर सोसायटी राजस्थान द्वारा जिले में संगठन को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश संरक्षक श्री जीवन राम गोलिया व प्रदेशाध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी के निर्देशानुसार चित्तौड़गढ़ जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। वीर तेजा जाट छात्रावास चित्तौड़गढ़ में आयोजित बैठक में प्रदेश कोषाध्यक्ष सुभाष चौधरी, ब्यावर जिला अध्यक्ष सुरेश जेवलिया एवं फाउंडर कोर कमेटी से डॉ. रमेश चौधरी, महेंद्र गढ़वाल एवं बाबूलाल जाट सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। गठित जिला कार्यकारिणी में रणधीर सिंह सुहाग को संरक्षक, शंकरलाल जाट को सभाध्यक्ष, शम्भुलाल जाट को अध्यक्ष, रामदयाल जाट को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. जगदीश चौधरी को उपाध्यक्ष, सम्पतलाल जाट को सचिव, सतीश कुमार जाट को सहसचिव, जगदीशचन्द्र जाट को कोषाध्यक्ष, पूरणमल जाट को संगठन मंत्री, रोशन जाट को संयुक्त मंत्री तथा डॉ. गोपाल लाल जाट को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। फाउंडर कोर कमेटी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सभी सदस्य संगठन की नीतियों का पालन करते हुए कर्मचारी हित में रचनात्मक कार्य करेंगे।

# हर ग्रीन एक्शन से फर्क पड़ेगा' उद्देश्य लोगों को रोज़ाना सार्थक काम करने के लिए प्रेरित करना

## 'टाटा टी जागो रे' का AI अभियान

सच मीडिया

**मुंबई,।** टाटा टी जागो रे प्रस्तुत कर रहा है नया अभियान और इस बार ब्रांड जलवायु परिवर्तन से चल रही लड़ाई में अपना योगदान दे रहा है। 'हर ग्रीन एक्शन से फर्क पड़ेगा' अभियान,ढ्ढ-संचालित है, लोगों को अपनी रोज़ाना ज़िन्दगी में छोटे लेकिन सार्थक काम करने के लिए प्रेरित करना इसका उद्देश्य है, ताकि वे साथ मिलकर पर्यावरण पर अधिक सकारात्मक प्रभाव डाल सकें। हमारे समय के सबसे बड़े संकट-जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए टाटा टी जागो रे प्रतिबद्ध है। जागो रे आंदोलन के प्रभाव को और बढ़ाने के लिए, उपभोक्ताओं द्वारा किए गए हर 10 हरित कामों के लिए, टाटा टी एक पेड़ लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। जलवायु परिवर्तन से लड़ने की उदासीनता यानी जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्रवाई करने में रुचि, चिंता या प्रेरणा की कमी सबसे बड़ी चुनौती है, जिसकी वजह से इस समस्या को हल करना मुश्किल हो रहा है। इस मुद्दे की गंभीरता के बावजूद लोग सक्रिय रूप से इसका समाधान करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं। अक्सर यह माना और कहा जाता है कि किसी एक के करने से कोई खास फर्क नहीं पड़ेगा। इस अभियान में, टाटा टी जागोरे ने अपने माइक्रोसाइट www. JaagoRe.com पर एक अभिनव AI-संचालित व्हाट्सएप आधारित टूल लाया है। Google के जेमिनी के साथ इंजीनियर किया गया, यह टूल उपभोक्ताओं को 'ग्रीन एक्शन' यानी रोज़ाना कामों के सकारात्मक प्रभाव को देखने में सक्षम बनाता है जैसे कि चूल्हे पर खाना बनाते समय ढक्कन का उपयोग करना, सार्वजनिक परिवहन का



उपयोग करना, एयर कंडीशनर का तापमान बढ़ाना / प्रबंधित करना और नहाते समय शॉवर के बजाय बाल्टी का उपयोग करना आदि। उपभोक्ता अब टाटा टी जागोरे चैट टूल का उपयोग करके इन ग्रीन कामों को करते हुए खुद की तस्वीरें अपलोड कर सकते हैं। यह AI टूल हरित कार्यों की पहचान करने के लिए एडवांस्ड इमेज रेकग्निशन तकनीक का उपयोग करता है और व्यक्तियों को पर्यावरण पर उनके प्रयासों के सकारात्मक प्रभाव के बारे में जानकारी देता है। इससे लोगों को यह आश्वासन मिलता है कि उनके काम कितने सार्थक हैं और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में योगदान दे रहे हैं। मुलेन लिंटास द्वारा परिकल्पित फिल्म में इस संदेश को जीवंत किया गया है। फिल्म में रोज़मर्रा की उन गतिविधियों को दिखाया है जो सामूहिक रूप से पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। शुरूआत होती है एक महिला और एक पुरुष के बीच पर्यावरण की स्थिति पर बातचीत से, घटते हरित आवरण के बारे में एक शीर्षक हम यहां देखते हैं। एक और माता-पिता संदेह व्यक्त कर रहे हैं, तो दूसरी ओर बच्चे बहुत ही आसान हरित क्रियाकलापों को अपनाकर जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व कर रहे हैं, जैसे कि शॉवर के बजाय बाल्टी का उपयोग करना और उबलते बर्तनों पर ढक्कन लगाना आदि। बच्चों का कोरस गा रहा है, पर्यावरण के लिए छोटे, सामूहिक कार्यों का संदेश गहराई से गूंजता है, इस बात पर जोर देता है कि जब हर कोई योगदान देता है, तो सार्थक परिवर्तन हासिल किया जा सकता है।श्री पुनीत दास, अध्यक्ष-पैकेज्ड बेवरेजेस (भारत और दक्षिण एशिया), टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स ने कहा,"टाटा टी जागो रे ने हमेशा हमारे समय के प्रमुख सामाजिक मुद्दों पर समाज की सामूहिक चेतना को बढ़ाने में विश्वास किया है। आज के दौर में पृथ्वी के भविष्य के लिए जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ने की ज़रूरत से ज्यादा ज़रूरी कुछ नहीं है। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के खिलाफ लड़ाई में हम अक्सर सामूहिक कार्यों की शक्ति के माध्यम से जो प्रभाव पैदा कर सकते हैं, उसे कम आंकते हैं। हमें टाटा टी जागो रे की इस नवीनतम पहल को लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। इसमें हम दिखा रहे हैं कि कैसे छोटे, रोज़ाना कार्य एक सार्थक अंतर ला सकते हैं। इसे Google क्लाउड की AI तकनीकों का उपयोग करके बनाया गया है। पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले विकल्पों को चुनने के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए टाटा टी जागो रे प्रतिबद्ध है। इस पहल में हम उम्मीद कर रहे हैं कि, बेहतर कल के लिए सार्थक बदलाव को प्रेरित कर पाएंगे और लोगों की सामूहिक कार्रवाई की शक्ति को अनलॉक कर पाएंगे, क्योंकि 'एक एक करके हम सब करेंगे, तो फर्क पड़ेगा।"बिक्रम सिंह बेदी, वाईस चेयरमैन-कंट्री एमडी, गूगल क्लाउड इंडिया ने कहा,"टाटा टी के अभिनव अभियान 'जागो रे' के साथ सहयोग करके हम बहुत खुश हैं। इन क्रियाओं को रियल-टाइम में एनालाइज़ किया जाता है और यूज़र्स प्राकृतिक भाषा में तत्काल फीडबैक और वेलिडेशन दिया जाता है। इससे जवाबदेही और उपलब्धि की भावना दोनों को बढ़ावा मिलता है। यह प्रभावी समाधान व्यक्तिगत प्रभाव को मापने में मदद करता है, यूज़र्स की क्रियाओं को ठोस पर्यावरणीय लाभों में परिवर्तित करता है।"

# मासूम जीवों की मदद करें और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाएं

## आमजन प्रकृति व पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझे तभी विश्व पृथ्वी दिवस मनाना सफल होगा: चेचानी

सच मीडिया

**चित्तौड़गढ़।** गर्मियों का मौसम धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंच रहा है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, हमें न केवल अपनी बल्कि अपने आसपास के पशु-पक्षियों की भी देखभाल करनी चाहिए। सामाजिक सरोकार से जुड़े प्रकृति व पर्यावरण



प्रेमी अमित कुमार चेचानी ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आमजन से अपील की और कहा कि ये छोटे जीव, जो हमारे पर्यावरण का अभिन्न हिस्सा हैं, भीषण गर्मी में पानी और भोजन की तलाश में परेशान हो जाते हैं। हम सभी का कर्तव्य है कि हम इन जीवों के लिए दाना-पानी का उचित प्रबंध करें। घर की छत, बालकनी या बगीचे में एक साफ बर्तन में पानी रखें। पक्षियों के लिए छत पर दाना, जैसे कि बाजरा, चावल या रोटी के टुकड़े डालें। पानी के बर्तन को रोजाना साफ करें और उसमें ताजा पानी भरें। यदि आप चाहें तो मिट्टी के बर्तन या परिंडे का उपयोग कर सकते हैं, जो पानी को ठंडा रखने में मदद करता है। यह छोटे पक्षियों के लिए राहत का स्रोत बन सकता है। इसके अलावा, अपने आसपास के पेड़ों पर घोंसले बनाने का स्थान दें ताकि पक्षी छांव में सुरक्षित रह सकें। इस छोटे से प्रयास से आप न केवल इन मासूम जीवों की मदद करेंगे, बल्कि प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभाएंगे। याद रखें, ये छोटे कदम न केवल उनके जीवन के लिए जरूरी हैं, बल्कि पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में भी मददगार हैं। आइए, मिलकर एक ऐसा प्रयास करें जिससे हर जीव जंतु गर्मी में राहत महसूस कर सके तभी हमारा विश्व प्रकृति दिवस मनाना सफल हो पाएगा।

# कानून तोड़ जलाई नरवाई, किसान ने रोका तो कर दी मारपीट, पीड़ित पहुंचा कलेक्टर जनसुनवाई

## आरोपी जाएगा जेल, नरवाई जलाना कानूनी अपराध

सच मीडिया

**जिला धार महेश कुमावत धार (खुटपला) ।-** खेत की नरवाई जलाना कानूनी अपराध है ऐसा करने पर जेल भी हो सकती है साथ है लाखों रुपए का जुर्माना भी लगाया जा सकता है किन्तु फिर भी लोग अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे है कानून को तो जैसे अपने जेब में लेकर घूमते है ऐसा सोच है अपराध को अंजाम दे देते है किन्तु जब कानून की छड़ी पड़ती है तो ऐसे कानून तोड़ने वालों की अकल ठिकाने आ जाती है और जेल की रोटियां इनका नसीब बन जाती है गांव खुटपला में भी आरोपी गणेश राठौर ने कानून तोड़ते हुए अपने खेत की नरवाई जलाई थी लेकिन



देखते ही देखते आग इतनी फैल गई कि पास के खेतों में भी आग लग गई सूत्रों के अनुसार आरोपी गणेश राठौर के खेत के पास फरियादी भगवती बाई और परमानंद कुमावत का खेत है जब आरोपी ने अपने खेत की नरवाई जलाई तो आग बढ़ते हुए भगवती बाई के खेत में चली गई तो आग इतनी भयंकर थी कि भगवती बाई के खेत में लगे आम के कई पेड़ जलकर खाक हो गए साथ ही निम के पेड़ चपेट में आ गए ओर यही नहीं भगवती बाई के खेत में रखी हुई हजारों रूप की ड्रिप एवं पाइप भी जल गए जब भगवती बाई ने आरोपी से बात की तो आरोपी गणेश राठौर तो मारपीट पर उतारू हो गया लाठी डंडे पत्थर जो मिला उससे महिला पर हमला कर दिया साथ ही महिला के पुत्र परमानंद ने बचाव करना चाहा तो आरोपी ने परमानंद पर भी डंडे से हमला कर घायल कर दिया और हमला करता गया मुश्किल से फरियादी वहां से जान बचा के निकले उसके बाद नजदीक थाने में रिपोर्ट की ओर साथ ही मंगलवार की धार कलेक्टर की जनसुनवाई में आरोपी पर कारवाही को लेकर फरियादी भगवती बाई पहुंची और आरोपी पर कड़ी से कड़ी करवाही की मांग की ऐसी घटना आएदिन देखने को मिल रही है जहां लोग कानून को मजाक समझते है और नरवाई जलाने का काम कर रहे है नरवाई जलाने से मिट्टी नष्ट होती साथ ही पास के खेतों में आग फैलने का डर भी होता है जिससे जनहानि की संभावना भी अधिक बढ़ जाती है किन्तु सरकार अभी तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए है नतीजा यह निकल रहा आए दिन ऐसी घटना सामने आ रही जिसमें नरवाई जल रही विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है तो झगड़ा मारपीट आम बात हो चुकी है शासन को इसमें ध्यान देने की जरूरत है ।

# वृंदावन में गूंजा भूटान का सांस्कृतिक स्वर

## गीता शोध संस्थान में 'पन्नाई यादों का कल्पतरु : भूटान' पुस्तक का लोकार्पण

## डा शुभदा पांडेय की पुस्तक भारत-भूटान के सांस्कृतिक संबंधों को करेगी और भी प्रगाढ़

सच मीडिया

**वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी खवृंदावन के सभागार में सुप्रसिद्ध लेखिका डॉ. शुभदा पाण्डेय की कृति 'पन्नाई यादों का कल्पतरु : भूटान' का लोकार्पण किया गया। यह पुस्तक भारत-भूटान के सांस्कृतिक संबंधों पर केन्द्रित है, जिसमें लेखिका ने अपने व्यक्तिगत यात्रा अनुभवों और सांस्कृतिक शोध को कलात्मक भाषा में प्रस्तुत किया है। अध्यक्षता शिक्षाविद् एवं संस्थापक कुलपति




प्रो. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने की। मंच पर ब्रज लोक कला केन्द्र के अध्यक्ष विष्णु प्रकाश गोयल, केन्द्र के सचिव दीपक गोयल, सुप्रसिद्ध भजन गायक विहारी शरण जी महाराज, अवकाश प्राप्त डीआईओएस डा. एस.पी. गोस्वामी, विदेश मंत्रालय में अवर सचिव रह चुके श्री महेश चंद्र शर्मा ने विचार व्यक्त किए। गीता शोध संस्थान के निर्देशक दिनेश खन्ना व ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा. उमेश चंद शर्मा और मंचस्थ अतिथियों ने लेखिका डा सुभदा पाडेय और आरसीए महाविद्यालय की प्राचार्य डा प्रीति जौहरी को सम्मानित किया। लेखिका डॉ. शुभदा पाण्डेय ने कहा कि यह पुस्तक भूटान की संस्कृति, साहित्य, त्यौहारों और परंपराओं को आत्मीय दृष्टि से प्रस्तुत करती है। भूटान की की शांति व लोक-संस्कारों के अनुभव कल्पतरु की तरह बिखरे हैं। भूटान न केवल भारत का पड़ोसी देश है, बल्कि आत्मिक और सांस्कृतिक निकटता का प्रतीक भी है। दोनों देशों के ऐतिहासिक रिश्ते शिक्षा केन्द्रों तक फैले हैं। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रो. रवीन्द्र कुमार शर्मा ने लेखिका के सांस्कृतिक दृष्टिकोण और भूटान की यात्राओं को विशेष सराहना की। उन्होंने कहा कि "शुभदा जी ने भूटान जैसे शांतिप्रिय और आध्यात्मिक राष्ट्र की यात्रा करके वहां की संस्कृति को जिस सूक्ष्मता से आत्मसात किया और फिर साहित्यिक रूप में प्रस्तुत किया, वह अनुकरणीय है। यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों के लिए भारत-भूटान संबंधों की एक जीवंत झांकी प्रस्तुत करती है।"इस अवसर पर भागवत वक्ता मोहनी कृष्ण दासी ने भारत-भूटान के आध्यात्मिक संबंधों एवं वृंदावन की महिमा पर आधारित एक मार्मिक कविता का पाठ किया। उन्होंने कहा कि वृंदावन में गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा गीता का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके द्वारा रासलीला संरक्षण के प्रयास से इस परंपरा को निश्चित ही नवजीवन मिलेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। वंदना और बांसुरी वादन की मधुर प्रस्तुति भी दी गयी। संचालन गीता शोध संस्थान के कोर्डिनेटर चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने किया। विगत में गीता शोध संस्थान वृंदावन के आयोजनों में योगदान व सहयोग देने वालों में प्रमुख रूप से साहित्यकार डा. अनीता चौधरी, ब्रज भाषा के कवि अशोक अज्ञ, कलाकार विनय गोस्वामी, श्रीमती मोहिनी कृष्ण दासी, पूर्व डीआईओएस डा. एस.पी. गोस्वामी आदि को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गये। कार्यक्रम में आरसीए कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डा. प्रीति जौहरी, प्राचार्य डा देव प्रकाश शर्मा, रासाचार्य घनश्याम शर्मा एवं रितु सिंह आदि साहित्य, कला और अध्यात्म जगत के विद्वान उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित साहित्य व सांस्कृतिक जगत के लोगों ने लेखिका को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि ये पुस्तक भारत-भूटान सांस्कृतिक रिश्तों को और प्रगाढ़ करने में मील का पत्थर सिद्ध होगी।

# भीषण गर्मी में राहत: कोटा व्यापार महासंघ का वाटर कूलर और प्याऊ संचालन का आह्वान

सच मीडिया

**कोटा।** कोटा व्यापार महासंघ ने समस्त क्षेत्रीय व्यापार संगठनों से भीषण गर्मी के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्रों में वाटर कूलर और प्याऊ का संचालन करने का आह्वान किया है। इसी पहल के अंतर्गत इंद्रा मार्केट कपड़ा व्यापारी संघ ने अपने क्षेत्र में दो वाटर कूलर स्थापित करने की घोषणा की है। नांता रोड स्थित एक फार्म हाउस में इंद्रा मार्केट कपड़ा व्यापारी संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कोटा व्यापार महासंघ के महासचिव अशोक माहेश्वरी थे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार पेशवानी और सचिव रूपनारायण श्रृंगी ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया।महासचिव अशोक माहेश्वरी का संबोधन में कहा कि शहर में जिन बाजारों में वाटर कूलर या प्याऊ का संचालन नहीं हो रहा है, वहां के व्यापारिक संगठन इसकी व्यवस्था करें। उन्होंने बताया कि व्यापार महासंघ की कई संस्थाएं पहले से ही अपने बाजारों में दो से तीन वाटर कूलर संचालित कर रही हैं। उन्होने बताया कि शहर भर में व्यापार महासंघ की क्षेत्रीय संस्थाओं द्वारा 200 से अधिक वाटर कूलर और 500 से अधिक प्याऊ संचालित किए जा रहे हैं। कई व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों के बाहर कैंपर के माध्यम से शीतल जल की व्यवस्था कर रहे हैं। पशुओं के लिए पानी की टंकियां और पक्षियों के लिए परिंडे भी लगाए जा रहे हैं। उन्होंने विशेष रूप से इंद्रा मार्केट में वाटर कूलर की आवश्यकता पर बल दिया, जहां वर्तमान में एक भी वाटर कूलर नहीं है। उन्होंने कहा कि यह शहर का प्रमुख महिला बाजार है, जहां भारी भीड़ रहती है। माहेश्वरी ने अतिक्रमण मुक्त कोटा के लिए व्यापारियों के सहयोग का भी आह्वान किया।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक में निर्बाध बिजली आपूर्ति एवं पेयजल पर विस्तृत चर्चा

सच मीडिया

**चित्तौड़गढ़, ।** भीषण गर्मी को देखते हुए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, निर्बाध बिजली आपूर्ति तथा राजस्थान संपर्क पोर्टल में दर्ज प्रकरणों का तत्काल निस्तारण करने और आखातीज के अबूझ सावे पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम को लेकर आज अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रभा गौतम की अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक में विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता से ग्रीष्मकाल के दौरान जिले में पेयजल से प्रभावित क्षेत्र में टैंकर से सप्लाई, कंटीन्जेंसीज प्लान के तहत की जा रही करवाई तथा बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं बजट घोषणा वर्ष 2025- 26 के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने हैंड पंप मरम्मत अभियान की प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से कहा कि पेयजल किल्लत वाले क्षेत्रों में तत्काल टैंकर सप्लाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी विद्यालय में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, मिड डे मील सप्लाई की नियमित रूप से जांच करने के भी



निर्देश दिए। बैठक में अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि अभी पावर कट नहीं है तथा जले हुए ट्रांसफर को नियमित रूप से 72 घंटे की अवधि में बदलकर विद्युत आपूर्ति निर्बाध की जा रही है। उन्होंने कुसुम योजना एवं प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की प्रगति एवं कृषि कनेक्शन की जानकारी भी दे। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग तथा महिला अधिकारिता विभाग के अधिकारियों से कहा कि आखातीज के अबूझ सावों पर होने वाले बाल विवाह की रोकथाम के लिए सघन निरीक्षण करें और इसकी रोकथाम करें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग से कहा कि हीट वेव से बचाव के हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सालय एवं ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त दवाइयां उपलब्ध रखें तथा पेयजल के नियमित रूप से सैंपल लेते रहे। उन्होंने पशुपालन विभाग के अधिकारियों से कहा कि जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारियों की आयोजित रात्रि चौपाल में पशुपालकों को निशुल्क दवाइयां एवं योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करें। बैठक में राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज विभागवार प्रकरणों की समीक्षा की गई और ई-फाइलिंग पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ने अधिकारियों से कहा कि वह दर्ज प्रकरणों का संतुष्टि पूर्वक निस्तारण करें। बैठक में इसके अलावा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बजट घोषणा की समीक्षा की गई।

# विश्व पृथ्वी दिवस:अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, में जीव दया टीम द्वारा पर्यावरण संरक्षण पहल

## पक्षियों के लिए परिंडे और विक्रेताओं को कपड़े के थैले वितरित किए गए

सच मीडिया

**कोटा।** विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, कोटा में एक महत्वपूर्ण पर्यावरण अनुकूल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जीव दया टीम, कोटा इकाई के नेतृत्व में आयोजित इस पहल का मुख्य उद्देश्य गर्मियों के मौसम में पक्षियों को राहत प्रदान करना और प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सचिव अनिमेष जैन की गरिमा मय उपस्थित रही। कार्यक्रम का नेतृत्व जीव दया टीम की अध्यक्षा किरण जैन और उपाध्यक्षा सुनीता जैन ने किया, जबकि सुश्री सरिता जैन और डॉ. सुनैना गंगेले ने कार्यक्रम के संयोजन की जिम्मेदारी संभाली। इस अवसर पर परिंडे लगाने व कपड़े के थैले वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभिन्न स्थानों पर पक्षियों के लिए पानी के बर्तन स्थापित किए गए, ताकि गर्मियों के दौरान उन्हें पानी आसानी से उपलब्ध हो सके। स्थानीय सब्जी और फल विक्रेताओं को प्लास्टिक थैलों के विकल्प के रूप में पर्यावरण-अनुकूल कपड़े के थैले वितरित



किए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्था के सचिव अनिमेष जैन ने अपना उद्बोधन देते हुए कहा, "आज विश्व पृथ्वी दिवस के शुभ अवसर पर जीव दया टीम द्वारा की गई यह पहल अत्यंत सराहनीय है। पर्यावरण संरक्षण और जीव संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। हमारे छोटे-छोटे प्रयास जैसे कि पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना और प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करना, हमारी पृथ्वी के स्वास्थ्य के लिए बड़े योगदान साबित हो सकते हैं।"उन्होंने आगे जोड़ा, "जीव दया टीम की अध्यक्षा किरण जैन और उपाध्यक्षा सुनीता जैन के नेतृत्व में यह टीम निरंतर ऐसे सराहनीय कार्य कर रही है। मैं इस नेक कार्य में अपना योगदान देने के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में अकलंक शोध संस्थान की निदेशक डॉ. संस्कृति जैन सहित कॉलेज के संकाय सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने व्यक्तिगत रूप से विक्रेताओं को कपड़े के थैले वितरित किए और परिंडे लगाने में योगदान दिया।